# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





11 बेबी एबी ने 4 गेंदों पर लगाए लगातार...

आज कल

06 आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का आत्मविश्वास



haribhoomi.com भोपाल, रविवार 17 अगस्त 2025


## देश में पहली बार मप्र में साकार हो रहा श्रीकृष्ण पाथेय

### श्रीकृष्ण पाथेय की होगी विदेशों में गूंज

# कान्हा के चरण और उनसे जुड़े साक्ष्य, श्रीकृष्ण पाथेय में दिखेगा सब कुछ

हरि अग्रहरि ⏭ भोपाल

मप्र में जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े उन स्थानों को मप्र सरकार तीर्थ के रूप में विकसित कर रही है। इसके लिए श्रीकृष्ण पाथेय न्यास का गठन भी किया गया है। विश्व के पथ प्रदर्शक युगावतार भगवान श्रीकृष्ण के उज्जैन को केन्द्र में रख कर की गई विभिन्न यात्रा स्थलों के पुरान्वेषण तथा तीर्थ के रूप में विकसित करने तथा सम्बन्धित क्षेत्रों का साहित्यिक व सांस्कृतिक संरक्षण और संवर्धन किया जाना है।

भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न कालखण्डों में की गई यात्राओं और यात्रा पथ का अवलोकन, भ्रमण, पुरातात्विक एवं भौगोलिक सर्वेक्षण, लोक स्मृति एवं अन्य साक्षों के आधार पर अध्ययन एवं दस्तावेजीकरण के लिए राष्ट्रीय विशेषज्ञ समिति एवं शोध सर्वेक्षण विशेषज्ञ समिति का गठन किया जा चुका है। श्रीकृष्ण के आध्यात्मिक, पौराणिक एवं दार्शनिक पहलुओं पर चर्चा के लिए देश के साधु-संतों, मनीषियों के साथ बैठक जल्द ही की जाएगी। पाथेय न्यास ने श्रीकृष्ण के ज्ञान एवं लोकधारा से उद्भूत कलाओं पर केंद्रित शोध सर्वेक्षण विशेषज्ञ ⏩ शेष पेज 4 पर

**विशेष खबर**

## मुख्यमंत्री की विशेष रुचि से तैयार हुई कार्ययोजना, शुरू हुआ काम

**खास बातें**

**3222** मप्र में कुल श्रीकृष्ण मंदिर

**शोध सर्वेक्षण विशेषज्ञ समिति का गठन**

### साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित

श्रीकृष्ण से संबंधित विशेष तिथियों एवं अवसरों पर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएगी, ताकि सभी संबंधित स्थलों पर एवं लोकांचलों से श्रीकृष्ण एवं श्रीकृष्ण की परंपरा को लेकर अधिकतम जानकारी, सामग्री व साक्ष्य प्राप्त हो सकें। विरासत से विकास एवं लोकश्रुति आधारित आस्था स्थलों, चिन्हों, प्रतीकों को संधारित-संरक्षित करने के साथ-साथ श्रीकृष्ण संबंधी आस्था स्थलों का जीर्णोद्धार आदि का समुचित प्रबंधन भी किया जाएगा।

### गीता भवन की स्थापना

सांस्कृतिक समृद्धि की संभावना के दृष्टिगत सभागारों, कम्युनिटी सेंटरों और धर्मशालाओं के निर्माण के संबंध में पहल की जाएगी एवं प्रदेश में जिला स्तर पर गीता भवन की स्थापना की जाएगी। श्रीकृष्ण के बत्तीस सौ से भी अधिक



मंदिरों में साफ-सफाई, रख-रखाव कार्य एवं जीर्णोद्धार आदि कराया जाएगा। यात्रा पथ पर पड़ने वाले भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों एवं उसमें स्थित जलसंरचनाओं का संरक्षण करने भी प्रस्तावित है। श्रीकृष्ण की अवधारणाओं के अनुरूप शिक्षा, संस्कृति, कृषि, गौ एवं पशुधन संवर्धन किया जाएगा।

### अंतरराष्ट्रीय सांदीपनि वैदिक गुरुकुल

उज्जैन में 64 कलाओं और 14 विद्याओं की विधिवत शिक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय सांदीपनि वैदिक गुरूकुल की स्थापना की जाएगी। मप्र, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, केरल, कर्नाटक, दिल्ली, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखण्ड, उड़ीसा, असम, मणिपुर जैसे राज्यों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसके साथ ही दुबई में भी कार्यक्रम किए जाने की योजना है।

### श्रीकृष्ण-रुक्मिणी लोक बनेगा

अमझेरा, जिला धार में श्रीकृष्ण रुक्मिणी लोक की स्थापना। इसी के साथ श्रीकृष्ण लीला गुरूकुल की स्थापना होगी। यह गुरूकुल चित्रकला, मूर्तिकला, पारंपरिक नृत्य–संगीत की शिक्षा का केन्द्र होगा। यहां मुख्य रूप से श्रीकृष्ण से जुड़े विभिन्न सांस्कृतिक प्रकारों की शिक्षा-दीक्षा का कार्य होगा।

**सुदर्शन लोक निर्मित होगी:** भगवान श्रीकृष्ण, भगवान परशुराम के पास युद्ध कौशल, युद्ध नीति ⏩ शेष पेज 4 पर



### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव

गीता जयंती के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन उज्जैन में किया जाएगा। अंतरराज्यीय प्रवेश मार्गों में भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण को लेकर एक यू-ट्यूब चैनल की स्थापना की योजना है। श्रीकृष्ण केंद्रित पुस्तकों, शोध, सर्वेक्षण व अन्य साक्ष्यों के आधार पर नाट्य, संगीत एवं यू-ट्यूब सीरीज का निर्माण करना है। उज्जैन में श्रीकृष्ण पर केंद्रित उपलब्ध साहित्य हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत एवं अन्य भाषाओं में संकलित कर विकसित ग्रंथालय की स्थापना की जाएगी।

## श्रीकृष्ण से जुड़े रोचक तथ्य



- **नाम:** कृष्ण का अर्थ काला या गहरा नीला होता है। उन्हें मोहन, गोविंद, माधव और गोपाल जैसे कई नामों से भी जाना जाता है।
- **जन्म:** कृष्ण का जन्म मथुरा में हुआ, रंग सांवला था, न कि गोरा, जैसा कि अक्सर दर्शाया जाता है।
- **शिक्षा:** भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा उज्जैन में महर्षि सांदीपनि के आश्रम में हुई थी। उन्होंने 64 दिनों में 64 कलाएं और 16 विद्याएं सीखीं, जिनमें वेद, शास्त्र, युद्धनीति आदि शामिल थे।
- **देह त्याग:** कृष्ण की मृत्यु जरा नामक शिकारी के तीर लगने से हुई, जो पूर्व जन्म में बालि था।
- **अंतिम संस्कार:** कृष्ण का शरीर जलने के बजाए स्वयं प्रज्वलित हो गया था, यानी उनका अंतिम संस्कार नहीं हुआ था।
- **द्वारका:** भगवान कृष्ण गुजरात में समुद्र के बीच द्वारका नामक एक सुंदर शहर बसाया, जो सोने से बना था।
- **अलौकिक क्षमताएं** कृष्ण ने कई बार लोगों को मृत्यु के बाद भी जीवित किया, जैसे कि गुरु के पुत्र को यमलोक से वापस लाना और अभिमन्यु के पुत्र परीक्षित को ब्रह्मास्त्र के प्रभाव से बचाना।
- **गीता का संदेश:** कृष्ण का एक प्रमुख संदेश है कि हमें केवल अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए, फल की चिंता किए बिना।
- **विभिन्न रूपों में पूजा** विभिन्न रूपों में पूजा जाता है, जैसे कि बाल कृष्ण, राधा-कृष्ण और जगन्नाथ।





श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में ऑपरेशन सिंदूर की झलक

### कृष्ण के जन्म लेते ही ब्रज में घर-घर शंखनाद के साथ गूंजी बधाइयां

# आधी रात को आला रे ब्रज का नंदलाला रे

**डालमिया, गोपेश्वर एवं कपिल शर्मा ने किया अभिषेक**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी जन्म स्थान पहुंचकर भगवान श्री कृष्ण के दर्शन किए

डॉ. कमलकांत उपमन्यु ⏭ मथुरा

ब्रज की हृदय स्थल श्रीकृष्ण जन्म स्थान संस्थान के भव्य मंदिर में देर रात भगवान श्री कृष्ण का प्राकट्य महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर आधी रात को आला रे... ब्रज का नंदलाला की गूंज सुनाई देती रही। श्रीकृष्ण जन्म संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुराग डालमिया संस्थान के वरिष्ठ सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी एवं ट्रस्ट के सचिव कपिल शर्मा एवं मंदिर के सेवा अधिकारियों ने भगवान श्री कृष्ण के विग्रह का विभिन्न पदार्थ के साथ अभिषेक किया।

इस दौरान उपस्थित श्रद्धालु भगवान श्री कृष्णा का जयघोष करते रहे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शनिवार को पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं ब्रज में श्रद्धालुओं का चहुंओर सैलाब ही सैलाब दिखाई दिया। अजन्मे के जन्म दर्शनों के लिए श्रद्धालु पलक-पावड़े बिछाए बैठे रहे। चहुंओर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम मची हुई थी। जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी भी बांटी जा रही थी। बलदेव के दाऊजी महाराज मंदिर में जन्माष्टमी के मौके पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।

**लाखों श्रद्धालुओं ने अजन्मे के जन्म को पलक-पांवड़े बिछाए थे**

**चहुंओर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम दुल्हन की तरह सजा था ब्रज मंडल**



### कल मनेगा नंदोत्सव

हर ओर श्रद्धा व भक्ति भाव नजर था। श्रद्धालु दाऊजी महाराज के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किए। दाऊजी महाराज का विशेष अभिषेक व श्रृंगार के दर्शन मध्य रात्रि में भी हुए। नंदगांव में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व आज यानी रविवार तथा नंदोत्सव 18 अगस्त को मनाया जाएगा। 17 अगस्त को मध्यरात्रि में अजन्मे कृष्ण अवतरित होंगे। 18 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन नंदभवन में होगा। जिसमें नंदगांव बरसाना के समाजियों द्वारा बधाई गायन, बांस बधाई, दधी कंधौ लीला, प्रतीकात्मक मल्ल युद्ध आदि आकर्षण होंगे।

### कन्हैया के दर्शन के लिए उमड़े भक्त

जहां एक ओर देश दुनिया में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में रात को अभिषेक किया जाता है वहीं वृंदावन के प्रमुख सप्त देवायलों में शामिल राधा दमोदर लाल मंदिर और राधा रमण मंदिर में दिन में भी आराध्य का महाभिषेक किया जाता है। इस पल के साक्षी बनने के लिए लाखों श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर देशभर से श्रद्धालु अपने कृष्ण कन्हैया के दर्शन हेतु यहां पहुंच चुके हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी जन्मभूमि पहुंचकर कान्हा का आशीर्वाद लिया और लोगों को जन्माष्टमी की बधाई दी।

### मुख्यमंत्री निवास में जन्मोत्सव



## मंदिरों में आकर्षक श्रृंगार के लिए सरकार देगी डेढ़ लाख का पुरस्कार

1.50 लाख के तीन, 1 लाख रुपए के 5 एवं 51 हजार के 7 पुरस्कार दिए जाएंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार श्रीकृष्ण की चिरस्मृतियों से जुड़े सभी स्थानों एवं लीलास्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित कर रही है।

उन्होंने कहा कि मंदिरों में आकर्षक साज-सज्जा एवं श्रृंगार के लिए सरकार की ओर से 1.50 लाख रुपए के तीन पुरस्कार, एक लाख रुपए के पांच पुरस्कार एवं 51 हजार रुपए के सात पुरस्कार को मिलाकर कुल 15 पुरस्कार दिए जाएंगे। शनिवार को मुख्यमंत्री निवास में ⏩ शेष पेज 4 पर

### मोहन ने खिलाई मोहन को माखन मिश्री

मुख्यमंत्री ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में माताओं, बहनों को बाल स्वरूप गोपाल कृष्ण की प्रतिमा, सिंगार, पंजीरी, माखन मिश्री और प्रसादी वितरित किया। उन्होंने 'हाथी घोड़ा पालकी-जय कन्हैया लाल की, नंद घर आनंद भयो-जय कन्हैया लाल की' का उद्घोष एवं बालगोपालों का पुष्पवर्षा के बीच मटकी फोड़ी और 'गोविंदा आला रे' गाना भी गाया। श्रीकृष्ण एवं राधा की आकर्षक वेशभूषा में सुसज्जित एक हजार से अधिक बाल गोपाल इस भव्य जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल हुए। कार्यक्रम में उनके अभिभावक एवं माताएं बहनें बड़ी संख्या में मौजूद थीं।

### दुनिया का सबसे भव्य श्रृंगार: बेशकीमती रत्नों से सुसज्जित भगवान के मुकुट और अन्य आभूषण

# ग्वालियर के गोपाल मंदिर में 100 करोड़ के गहनों से सजे राधा-कृष्ण

◆ *स्वतंत्रता के बाद से यह आभूषण बैंक के लॉकर में सुरक्षित रखे जाते थे, लेकिन 2007 से हर जन्माष्टमी पर इन्हें पुनः धारण कराया जाता है। इस अवसर पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाती है और हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। भक्तों के अनुसार, यह दुनिया का सबसे भव्य और अद्वितीय श्रृंगार है*

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

ग्वालियर के 100 वर्ष से अधिक पुराने गोपाल मंदिर में जन्माष्टमी का पर्व बेहद खास होता है...रियासत कालीन मंदिर में राधाकृष्ण प्रतिमाओं को लगभग 100 करोड़ रुपए के हीरे-जवाहरात जड़े जेवरातों से सजाया जाता है। सिंधिया रियासत के समय के इन सोने के गहनों में हीरा, नीलम, पन्ना, माणिक और पुखराज जैसे बेशकीमती रत्न जड़े हैं। भगवान श्रीकृष्णा और राधा रानी का दुनिया में सबसे महंगा श्रृंगार माना जाता है। गोपालजी मंदिर में श्री राधा रानी और कृष्णाजी की प्रतिमाओं को रत्नजड़ित आभूषणों से सुसज्जित किया गया है, जिनकी कीमत लगभग 100 करोड़ ⏩ शेष पेज 4 पर

**सुरक्षा में 200 से अधिक जवान तैनात किए गए**



### श्री राधा-कृष्ण जी के खास गहने

पुखराज, माणिक, पन्ना रत्न लगा बेशकीमती मुकुट है यह तीन किलो का है, सोने के मुकुट है। और सफेद मोती वाला पंचमढ़ी हार, सात लड़ी का हार जिसमें 62 असली मोती और 55 पन्ने लगे हैं। श्री राधा-कृष्ण जी के पास झुमके सोने की नथ, कंठी चूड़ियां कड़े इत्यादि है। इसके अलावा भोजन के लिए सोने चांदी के बर्तन है। साथ ही इत्र दान, पिचकारी चलनी, धूपदान, सांकड़ी, छात्र, मुकुट कुंभकर्णी, निरंजनी आदि सोने चांदी की है। रत्नजड़ित इन सभी आभूषणों की कीमत लगभग 100 करोड़ रुपए से अधिक है।

### श्रृंगार देखने जुटी भक्तों की भीड़

*साल में एक बार जन्माष्टमी के मौके पर बेशकीमती श्रृंगार किया जाता है। इसे देखने के लिए हर व्यक्ति को इंतजार होता है। यही वजह है कि जन्माष्टमी के दिन सुबह 6:00 बजे से ही श्रद्धालुओं की लाइन लगाना शुरू हो जाती है। श्रृंगार को देखने के लिए श्रीकृष्ण और श्री राधा रानी को हजारों और लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां पर पहुंचते हैं। दर्शन करने आए श्रद्धालुओं का कहना है कि दुनिया में कहीं ऐसा श्रृंगार कभी नहीं होता है, जो एक बार कृष्ण जी और राधा जी को देख लेता है उसको मोहित हो जाता है।*

### जन्माष्टमी पर देर रात तक मंदिरों में उमड़ी भीड़, नंदघर आनंद भयो जय कन्हैया लाल के जयकारों से गूंजी राजधानी

# रात 12 बजे कन्हैया के जन्म लेते ही गूंजे बधाई गीत, बांटा पंजीरी का प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुबह से ही भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्साह नजर आया। नंदघर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, गोविंदा आला रे के जयकारों के साथ शहर में अनेक स्थानों पर शोभा यात्राएं निकाली गई। जिसमें नन्हे बच्चे श्रीकृष्ण के रूप में नजर आए। शाम से मंदिरों में भी जन्मोत्सव के लिए आयोजन शुरू हुए, कहीं भजन संध्या, कहीं मटकी फोड़, तो कहीं सांस्कृतिक आयोजनों का सिलसिला चलता रहा। मध्यरात्रि में जैसे ही बारह बजे पूरा शहर भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति के रंग में रंग गया। जन्म आरती के बाद बधाई गीत के साथ पंजीरी का प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के संदेशों और उनके उपदेशों पर चलने का संकल्प लिया।

## न्यू मार्केट स्थित खेड़ापति मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण-राधारानी का किया विशेष श्रृंगार, गूंजे भजन-कीर्तन





### शिवराज ने की श्रीराधाकृष्ण मंदिर में पूजा

पूर्व मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जन्माष्टमी पर बरखेड़ी स्थित अहीर यादव समाज के श्रीराधाकृष्ण मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। उन्होंने जन्माष्टमी पर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शिवराज ने भगवान सब पर कृपा करें और आशीर्वाद की वर्षा करने की प्रार्थना की। मंदिर परिसर से निकाली गई आकर्षक शोभायात्रा में विभिन्न प्रसंगों पर आधारित झांकियां, बैंड, बग्गियां आदि शामिल हुए।

### 21 चौराहों पर फोड़ी मटकी

हरिहर महोत्सव समिति द्वारा प्रभु श्रीजी मंदिर लखेरापुरा से प्रभु श्रीजी की शोभायात्रा निकाली गई। इसमें श्रीकृष्ण लीला पर आधारित झांकियां, लोक आदिवासी नृत्य मंडलियां शामिल हुईं। शोभायात्रा मार्ग में मथुरा-वृंदावन की तर्ज पर आकर्षक साज-सज्जा की गई थी। प्रमुख मार्गों में 21 स्थानों पर दही हांडी की सांकेतिक मटकियां बांधी गई थी, जिसे ग्वाल बालकों द्वारा फोड़ा गया।

## सबसे बड़े लड्डू गोपाल का पूजन अनुष्ठान

मां वैष्णो धाम आदर्श नौदुर्गा मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां सबसे बड़े लड्डू गोपाल की पूजा अर्चना की गई।



### बांके बिहारी मंदिर में लगी भीड़

साउथ टीटी नगर माता मंदिर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिर की पुजारिन राधा लखेरा ने बताया कि मंदिर में आकर्षक फूलों से साज-सज्जा की गई। सुबह भगवान श्रीकृष्ण का अभिषेक कर प्रसाद वितरण किया गया।

### दादाजी धाम मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

पटेल नगर रायसेन रोड स्थित दादाजी धाम मंदिर मे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव और अंनत श्री दादाजी गुरुदेव जन्मोत्सव एवं मीराबाई का प्राण प्रतिष्ठा दिवस धूमधाम से मनाया गया।

### श्रीराम मंदिर में पालकी में विराजे भगवान श्रीकृष्ण

पुराने शहर स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर भगवत गीता और सहस्त्रार्चन पाठ हुआ। इसके बाद महिलाएं और बालिकाओं ने भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा को पालकी में रखकर झूला झुलाया।

### श्रीलक्ष्मी नारायण का हुआ विशेष श्रृंगार

बिड़ला मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान श्रीलक्ष्मी नारायण का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ देखते हुए विशेष इंतजाम किए गए थे। इस अवसर पर मंदिर मे भजन संध्या का आयोजन हुआ, जो देर रात तक जारी रहा।

### भेल बरखेड़ा में रासलीला और बृज की होली

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीकृष्ण मंदिर बरखेड़ा भेल में रासलीला और बृज की होली की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मथुरा-वृंदावन के कलाकार शामिल हुए। मंदिर में दिन भर भजन-कीर्तन के साथ प्रसादी वितरण किया गया।

### सर्वधर्म मंदिर मिनाल में श्रीकृष्ण को कराया पंचामृत स्नान

सर्वधर्म मंदिर मीनाल में भगवान श्रीकृष्ण को पंचामृत स्नान कराया गया। स्वर्ण जणित आभूषणों में भगवान श्रीकृष्ण का विशेष श्रृंगार कर कान्हा की आरती की गई। मंदिर दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ श्रीकृष्ण भजन हुए। रात 12 बजे श्रीकृष्ण जन्म पर शंख ध्वनि घड़ियाल व घंटी से भगवान का स्वागत किया गया।

### इस्कॉन मंदिर में भक्तों की लगी भीड़, प्रसादी बांटी

इस्कॉन मंदिर पटेल नगर में सुबह से ही भक्तो की भीड़ देखी गई। व्रतधारियों को प्रसाद का वितरण किया गया। लगभग 60 हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन प्रवचन चलते रहे। रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्म उत्सव मनाया गया।

## भेल कॉलेज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विचार गोष्ठी

- विद्यार्थियों को विनम्रता सहनशीलता सीखना चाहिए




बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जनभागीदारी अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा हमें पौराणिक व्यक्तित्व के माध्यम से जीवन जीने का नया मार्ग दिखाती है। प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व की विविधता बताते हुए कहा कि हमे उनसे धैर्यवान बनने की शिक्षा ग्रहण करना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा के संवाहक व्यक्तित्वों पर चर्चा भी एक प्रकल्प है जिससे हम विद्यार्थियों को अपनी गौरवशाली संस्कृति और परंपराओं से

### भजन गायन से किया मंत्रमुग्ध

रमाकांत तिवारी ने महाभारत की चर्चा करते हुए श्रीकृष्ण के विराट व्यक्तित्व को साकार कर दिया। शिवनारायण प्रजापति ने श्रीकृष्ण भक्ति पर आधारित भजन गायन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुरक्षाकर्मी मनोहर लाल सोनी ने सुदामा और कृष्ण की मित्रता पर एक कविता वाचन किया। संचालन करते हुए प्रारंभ में डॉ. अनुपमा यादव ने श्रीकृष्ण के

### कनिका ने कान्हा को बांधी राखी



भोपाल की बेटी फिल्म अभिनेत्री कनिका तिवारी ने कान्हा को राखी बांधकर विशेष पूजा-अर्चना कर सभी की सुख-समृद्धि और मंगल मय जीवन की कामना की।



कान्हा बने नटखट नंदलाल

## भोजपाल महोत्सव मेला समिति की मटकी फोड़ प्रतियोगिता जंबूरी मैदान में आज

भोजपाल महोत्सव मेला समिति द्वारा प्रदेश की सबसे बड़ी ईनामी राशि वाली मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अवधपुरी चौराहा स्थित विवेकानंद स्कूल के सामने जंबूरी मैदान हेलीपैड पर रविवार शाम 7.30 बजे से 2.51 लाख रुपए की इनामी राशि वाली दही हांडी (मटकी फोड़) प्रतियोगिता होगी। आयोजन में इंडियन आइडल फेम- 15 के चैतन्य देवड़े सुमधुर गीतों के साथ गोविंदा आला रे की प्रस्तुति देंगे। भोजपाल महोत्सव मेला समिति के अध्यक्ष और मटकी फोड़ प्रतियोगिता के आयोजक सुनील यादव ने बताया कि 2.51 लाख रुपए इनामी मटकी फोड़ प्रतियोगिता में प्रदेश भर के कई जिलों से 15 से ज्यादा गोविंदा की टोलियां शामिल होंगी। स्पर्धा में इंडियन आईडल 15 फेम चैतन्य देवड़े सुमधुर गीतों के साथ गोविंदा आला रे की प्रस्तुति देकर गोंविंदा की टोलियों और दर्शकों का उत्साह बढ़ाएंगे।

## जानापाव का महत्व वृंदावन से कम नहीं, भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं आलौकिक: सीएम

- जानापाव तीर्थ स्थल पर सभी आवश्यक विकास कार्य कराए जाएंगे
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव जानापाव में आयोजित श्रीकृष्ण पर्व में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं अलौकिक थीं। प्रदेश सरकार श्रीकृष्ण से जुड़े सभी स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करने के लिए अभियान चला रही है। जो महत्व मथुरा, गोकुल और वृंदावन का है, वही महत्व जानापाव का है। परशुराम जी ने श्रीकृष्ण को यहीं पर सुदर्शन चक्र दिया था। यह एक ऐतिहासिक स्थल है। भगवान श्रीकृष्ण को परशुराम का आशीर्वाद मिला।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर इंदौर जिले में स्थित भगवान परशुराम की जन्मस्थली जनापाव में आयोजित श्रीकृष्ण पर्व कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और सभी को भगवान श्रीकृष्ण के प्रकटोत्सव जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की सभी लीलाएं हमें जीना सिखाती है। जानापाव को भी श्रीकृष्ण पाथेय में शामिल किया गया है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विकास कार्य कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मटकी फोड़ कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस अवसर पर संस्कृति विभाग की ओर से भजन संध्या का आयोजन भी किया गया।

## खबर संक्षेप

### वस्त्र भेंट कर राजेश्वर ने मनाया जन्मदिन



**भोपाल।** संयुक्त भोजपुरी समाज के अध्यक्ष एवं भाजपा के जिला संयोजक, शिव शक्ति शनि धाम मंदिर के अध्यक्ष समाजसेवी राजेश्वर सिंह ने जन्माष्टमी पर जन्मदिन को सादगी और अनोखे तरीके से मनाया। उन्होंने गरीब बस्ती में जाकर भगवान श्री कृष्ण के छोटे-छोटे बाल रूप के बीच में जन्मदिन मनाया एवं माता-बहनों को वस्त्र वितरण किए। छोटे-छोटे बच्चों को खिलौने वितरित किए।

### एनसीसी परेड में भेल के कैडेट्स ने किया नेतृत्व



**भोपाल।** बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल की एनसीसी के सीपीएल आबिद खान ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल परेड ग्राउंड पर राज्य स्तरीय परेड में एनसीसी कंटिंजेंट कमांडर के रूप में नेतृत्व किया। प्राचार्य डॉ. संजय जैन तथा एनसीसी आफीसर डॉ. वर्षा चौहान ने आबिद खान के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### मुस्कान ने फहराया यूरोप की सबसे ऊंची चोटी पर तिरंगा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के अशोकनगर की बेटी मुस्कान को यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुस (5,642 मीटर) पर माइनस 30 डिग्री तापमान के बीच भारत का तिरंगा फहराकर उपलब्धि हासिल की। इस उपलब्धि पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने मुस्कान को शुभकामनाएं दी है।

## फ्रंट पेज पर अनूठा शो... सौ साल, सौ सुर्खियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में नए सत्र में हिस्ट्री इन हेडलाइंसः 100 साल 100 सुर्खियां विषय पर अनूठी प्रदर्शनी शुरू हुई। सौ साल में देश की बड़ी घटनाओं के सौ फ्रंट पेज प्रदर्शित किए गए हैं। इसमें हैं जलियांवाला बाग, भगतसिंह की फांसी, 15 अगस्त 1947 से लेकर अब तक के दुर्लभ कवरेज। कार्यक्रम के अतिथि प्रसिद्ध चिंतक एवं ऑर्गेनाइजर के संपादक प्रफुल्ल केतकर, प्रदेश के चुनाव आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी और दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के निदेशक डॉ मुकेश मिश्र रहे।



कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने बताया कि इस प्रदर्शनी में 1920 से 2024 तक के प्रमुख समाचार पत्रों के 3 फीट आकार के फ्रंट पेज पठनीय हैं। प्रदर्शनी में ब्रिटिश भारत में स्वाधीनता संघर्ष की घटनाओं सहित स्वाधीन भारत की प्रमुख घटनाओं जैसे 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता प्राप्ति, गांधीजी की हत्या, भारत चीन युद्ध, भारत का चांद पर पहुंचना, आपातकाल जैसी महत्वपूर्ण सुर्खियों को प्रस्तुत किया गया है।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से युवा नेता दवे ने की भेंट

**भोपाल।** कृष्ण जन्माष्टमी पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भाजपा पदाधिकारी महेंद्र दवे ने सौजन्य भेंट कर आशीर्वाद लिया।

### हिंदी विवि में वाजपेई की पुण्यतिथि मनाई

**भोपाल।** राजधानी स्थित हिंदी विश्वविद्यालय में जन्माष्टमी उत्सव और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### एबीवीपी ने किया राष्ट्रोदय कार्यक्रम का आयोजन

## डॉ. महेंद्र एबीवीपी महानगर अध्यक्ष आरती ठाकुर महानगर मंत्री बनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भोपाल द्वारा छात्र राष्ट्रोदय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मध्य क्षेत्र के संगठन मंत्री चेतस सुखाडिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सत्र 2025-26 की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें डॉ. महेंद्र मेहरा को भोपाल महानगर का अध्यक्ष एवं कुमारी आरती ठाकुर को भोपाल महानगर का मंत्री निर्वाचित किया गया। संगठन मंत्री चेतस सुखाडिया ने कहा कि जैसे आज के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने असुरों का नाश कर धर्म की स्थापना की थी, उसी प्रकार आज का राष्ट्रोदय कार्यक्रम भी एक ऐतिहासिक योग है। विद्यार्थी परिषद की कार्यपद्धति समय-परीक्षित एवं वैज्ञानिक है। परिषद केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक विचार है, जिसे हमें अपने जीवन में जीने का प्रयास करना चाहिए।

## एनएसयूआई की तिरंगा यात्रा में वोट चोरी और ड्रग्स मुक्त समाज का संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वतंत्रता दिवस पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अक्षय तोमर, उपाध्यक्ष अमित हाटिया के नेतृत्व में भोपाल में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य ड्रग्स के खतरे के खिलाफ युवाओं को जागरुक करना और वोट चोरी जैसी लोकतंत्र विरोधी प्रवृत्तियों के खिलाफ आवाज बुलंद करना रहा। तिरंगा यात्रा की शुरुआत सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व भारतीय सेना के पूर्व मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव और पूर्व सैनिक ने हरी झंडी दिखाकर की। जिलाध्यक्ष अक्षय तोमर ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं, लेकिन नशा उनकी ताकत को खत्म कर देता है और वोट चोरी लोकतंत्र की जड़ों को खोखला करती है। एनएसयूआई इन दोनों बुराइयों के खिलाफ जन आंदोलन खड़ा करेगी। एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने कहा हम वोट चोरी बर्दाश्त नहीं करेंगे और युवाओं को नशे के दलदल से बाहर निकालेंगे तिरंगा यात्रा सिर्फ एक आयोजन नहीं बल्कि बदलाव का संकल्प है।

### पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी की पुण्यतिथि एवं कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर मुख्यमंत्री ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

# भारत रत्न वाजपेयी ने देश को समर्पित कर दिया जीवनः सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि एवं श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटलबिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर शौर्य स्मारक के समीप उनकी प्रतिमा पर एवं श्रद्वेय कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बैतूल विधानसभा क्षेत्र के खेड़ीसांवलीगढ़ ग्रामीण मंडल के बूथ क्रमांक 32 एवं गंज मंडल जवाहर वार्ड के बूथ क्रमाक 110 पर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शौर्य स्मारक, भदभदा और पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने शौर्य स्मारक, कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर, भदभदा एवं प्रदेश कार्यालय में श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी देश सेवा की महान मिसाल थे। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने पूरे विश्व में भारत का मान बढ़ाया और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपना सम्पूर्ण जीवन देश को समर्पित कर दिया। कठिन से कठिन परिस्थितियों और चुनौतियों के बीच भी उन्होंने कभी राष्ट्र के हितों से समझौता नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे ने अपना सम्पूर्ण जीवन देश सेवा को समर्पित कर दिया था। वे संगठन के कुशल शिल्पकार थे, जिनकी सांगठनिक दक्षता ने हजारों-लाखों व्यक्तियों को राष्ट्रप्रेम, जनसेवा और जनसंघ से जोड़ा।



## पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी का जन्म देश सेवा के लिए ही हुआ था: खंडेलवाल



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी को बैतूल में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल का जन्म देश सेवा के लिए ही हुआ था और उन्होंने अपना समूचा जीवन देश के लिए ही जीया।

### भदभदा में किया पौधारोपण

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर भदभदा स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधे लगाए।

भोपाल
रविवार, 17 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष-09
वर्ष : 12, अंक : 137
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 28
न्यून. 23

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से किया बड़ा ऐलान

# लागू हुई नौजवानों के लिए एक लाख करोड़ की रोजगार योजना



## मोदी सरकार दिवाली पर करेगी जीएसटी कानून में सुधार, आम जरूरतों की चीजें होंगी सस्ती

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से युवाओं को बड़ा तोहफा दिया। उन्होंने देश के नौजवानों के लिए एक लाख करोड़ की योजना की शुरुआत की। यह प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के नाम से शुरू की गई है। इस योजना के तहत करीब 3.5 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बनाएगा। प्राइवेट सेक्टर में पहली नौकरी करने वाले लोगों को 15000 रु.सरकार की तरफ से दिया जाएगा। पीएम विकसित भारत रोजगार योजना के तहत सरकार उन कंपनियों और बिजनेस को ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 09 भी

### किसे और कैसे मिलेंगे 15 हजार रुपए?

पहली बार नौकरी शुरू करने वाले और ईपीएफओ में रजिस्टर्ड कर्मचारियों को ही इस योजना का लाभ दिया जाएगा। इस योजना के तहत 2 किश्तों में 15000 रुपए ट्रांसफर किए जाएंगे। हालांकि इस योजना का लाभ उन कर्मचारियों को ही ▸▸ शेष पेज 4 पर

### पूरे देश में हमने टैक्स के बर्डन को कम किया

पीएम मोदी ने कहा कि इस दीवाली पर आपको बड़ा तोहफा मिलने वाला है, पूरे देश में हमने टैक्स के बर्डन को कम किया ▸▸ शेष पेज 4 पर

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सीएम का ऐलान

# मध्यप्रदेश में बनेगा पुलिस भर्ती बोर्ड, तीन साल में होगी सभी 22,500 पदों पर भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मप्र सरकार आने वाले तीन सालों में 22,500 पदों पर पुलिस की भर्ती करने जा रही है। पहले साल 7500 पदों पर भर्ती होगी, इसी क्रम में लगातार तीन सालों तक उक्त सभी पदों पर भर्तियां की जाएगी। सरकार इसके लिए पुलिस भर्ती बोर्ड गठित करने जा रही है। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की। उन्होंने कहा कि वीवीआईपी मूवमेंट में तैनात सुरक्षाकर्मियों को छठवें वेतनमान का विशेष भत्ता एवं जोखिम भत्ता भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक दिन पहले मुख्यमंत्री निवास पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने पदक विजेता अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित ▸▸ शेष पेज 4 पर



*पुलिस, जेल एवं नगर सुरक्षा के शहीदों की विधवाओं, बच्चों के लिए स्नातक स्तर की सीटों पर मिलेगा आरक्षण*

*वीवीआईपी मूवमेंट में तैनात सुरक्षाकर्मियों को छठवें वेतनमान का विशेष भत्ता एवं जोखिम भत्ता भी दिया जाएगा*

मुख्यमंत्री ने स्वाधीनता दिवस पर सभी पदक विजेताओं और उनके परिजनों से की भेंट, किया सम्मान



जिन्हें छठवां वेतनमान नहीं मिला है उनके लिए भी घोषणा

### शहीदों की विधवाओं को मिलेगा आरक्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस, जेल और नगर सेना एवं सुरक्षा तीनों विभागों के शहीदों की विधवाओं और बच्चों के लिए स्नातक स्तर के सभी कोर्सेस में विभिन्न प्राथमिकता श्रेणियों में एक अतिरिक्त सीट पर आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हमने 7,500 रिक्त पदों पर भर्ती की अनुमति दी है। पुलिस के करीब 22 हजार 500 पदों पर भर्ती होनी है। अब हर साल 7,500-7,500 ▸▸ शेष पेज 4 पर

### सभी प्रकार की यूनिफार्म सर्विसेस की सराहना की

मुख्यमंत्री ने सभी प्रकार की यूनिफार्म सर्विसेस की सराहना करते हुए कहा कि आपकी विशिष्ट सेवाओं के लिए पदक तो आपको मिलता है, लेकिन मान हमारा बढ़ता है। आपकी सेवाओं में सरकार हर घड़ी आपके साथ है। पुलिस, जेल और नगर सेना एवं सुरक्षा विभाग के त्वरित आधुनिकीकरण के लिए कोई कमी नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी-कर्मचारी अपनी सेवाओं के साथ अपने परिवार को भी समय दें। अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें। एक स्वस्थ एवं ▸▸ शेष पेज 4 पर

### नए आपराधिक कानूनों का भी हम प्रभावी रूप से पालन करा रहे हैं

डीजीपी कैलाश मकवाना ने बताया कि नए आपराधिक कानूनों का भी हम प्रभावी रूप से पालन करा रहे हैं। हम ई-ऑफिस की तरफ बढ़ रहे हैं। पुलिस मुख्यालय ई-ऑफिस से लैस हो गया है, फील्ड की सभी इकाइयां भी ई-ऑफिस से जुड़ रही हैं। सायबर फ्रॉड से निपटने के लिए भी हमारी पूरी तैयारी है। प्रदेश में लोगों को नशामुक्त करने की जागरूकता के लिए हमने 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान चलाया है। पुलिस महानिदेशक होमगार्ड्स चंचल शेखर ने सभी का आभार माना। कार्यक्रम में एसीएस गृह जेएन कंसोटिया, डीजी जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं वरूण कपूर, वरिष्ठ ▸▸ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### केरल में ब्रेन-ईटिंग अमीबा का खतरा, बच्ची की मौत



**नई दिल्ली।** निपाह वायरस के प्रकोप के बाद दक्षिणी राज्य केरल से एक और गंभीर संक्रामक रोग का मामला सामने आ रहा है। शनिवार को अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी केरल के कोझिकोड जिले में अमीबिक इंसेफेलाइटिस संक्रमण के कारण नौ साल की एक बच्ची की मौत हो गई।

### एनआरआई पर हमला सिख समाज ने थाना घेरा



**भिंड।** लंदन में रहने वाले एक एनआरआई परिवार पर जिले में हमला हुआ है। इस घटना से सिख समुदाय ने थाने का घेराव कर दिया। पुलिस ने एक स्थानीय कांस्टेबल के खिलाफ कार्रवाई की है। आरोप है कि कांस्टेबल ने ही हमले के लिए गुंडों को बुलाया था।

### दो मासूम बेटियों का गलाघोंटा, मां पर शक



**उज्जैन।** महिदपुर में एक मां ने ममता को शर्मसार करते हुए अपनी ही दो मासूम बेटियों की बेरहमी से हत्या कर दी। तुलसापुर गांव की इस वारदात ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी महिला आरती को हिरासत में लिया गया है।

अलास्का में ट्रंप-पुतिन की मुलाकात का भारत ने किया स्वागत

# विदेश मंत्रालय बोला- संवाद से ही बनेगी 'शांति' की राह

जायसवाल ने स्पष्ट किया कि भारत की हमेशा से यही नीति रही है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अमेरिका और रूस के बीच अलास्का में हुई शिखर वार्ता का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यह पहल वैश्विक शांति की दिशा में एक अहम कदम है। जायसवाल ने कहा कि भारत इस वार्ता में हुई प्रगति की सराहना करता है और मानता है कि आगे का रास्ता केवल संवाद और कूटनीति से ही निकल सकता है। रणधीर जायसवाल ने आगे कहा कि मौजूदा समय में पूरी दुनिया की नजर यूक्रेन युद्ध पर है और सभी चाहते हैं कि इस संघर्ष का जल्द से जल्द अंत हो। जायसवाल ने स्पष्ट किया कि भारत की हमेशा से यही नीति रही है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने दोहराया कि बातचीत और आपसी समझ ही शांति का सबसे बड़ा माध्यम है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अलास्का में हुई शिखर वार्ता ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद पहली बार दोनों नेताओं की सीधी मुलाकात हुई। हालांकि बैठक को 'उपयोगी' बताते हुए भी ट्रंप ने यह साफ किया कि फिलहाल कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने कुछ प्रगति की है, लेकिन अभी हम पूरी मंजिल तक नहीं पहुंचे हैं।

### उम्मीदें और अधूरे परिणाम

ट्रंप ने बातचीत को 'बहुत सकारात्मक' बताते हुए यह भी कहा कि अगले कदमों पर वे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और नाटो नेताओं से चर्चा करेंगे। वहीं पुतिन ने ट्रंप की 'मित्रतापूर्ण' भाषा और रूस के राष्ट्रीय हितों की समझ की तारीफ की। हालांकि, वार्ता से कोई ठोस घोषणा या लिखित समझौता नहीं निकल पाया।




### एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से मुलाकात, एक ही कार में बैठे ट्रंप और पुतिन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अलास्का पहुंचे। इस दौरान ट्रंप ने एयरपोर्ट पर पुतिन का गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया। फिर दोनों वर्ल्ड लीडर एक ही कार में सवार होकर मीटिंग के लिए निकल गए। बता दें कि इस दौरान दोनों की बॉडी लैंग्वेज पॉजिटिव नजर आई। डोनाल्ड ट्रंप और पुतिन के चेहरे पर हल्की मुस्कान थी और दोनों एक-दूसरे से बात करते हुए और रेड कार्पेट पर चलते हुए कार तक पहुंचे। ▸▸ पढ़ें पेज 10 भी

### शिखर वार्ता की 5 बड़ी बातें

- ट्रंप ने स्पष्ट कहा कि अभी किसी बड़े समझौते पर मुहर नहीं लगी है। कई मुद्दों पर मतभेद बने हुए हैं और उन्हें दूर करने के लिए आगे और बातचीत करनी होगी। उन्होंने कहा कि हमने प्रगति की है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। जब तक सब कुछ तय नहीं होता, तब तक कोई डील नहीं मानी जाएगी।
- वार्ता के बाद ट्रंप ने कहा कि चीन पर रूसी तेल खरीदने को लेकर टैरिफ फिलहाल टाल दिए जाएंगे। आज की बातचीत के बाद मुझे फिलहाल इस बारे में सोचना नहीं पड़ रहा है। हालांकि, भारत पर उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की। अमेरिका ने पहले ही भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है, जिसमें से 25 प्रतिशत रूसी तेल आयात पर पेनल्टी है।
- रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने ट्रंप की तारीफ करते हुए कहा कि बातचीत 'दोस्ताना माहौल' में हुई। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने रूस के राष्ट्रीय हितों को समझा और सम्मान दिया। हालांकि, ट्रंप ने सार्वजनिक मंच से यूक्रेन में रूस के हमलों में नागरिकों की मौत पर कुछ नहीं कहा, जिस पर कई अंतरराष्ट्रीय हलकों में सवाल खड़े हो रहे हैं।
- वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस केवल 15 मिनट चली, जिसमें दोनों नेताओं ने सामान्य कूटनीतिक बातें दोहराईं। किसी ठोस उपलब्धि या लिखित सहमति की घोषणा नहीं हुई। इससे साफ है कि दोनों पक्षों में अभी भी गहरे मतभेद कायम हैं और समझौते का रास्ता लंबा है।
- ट्रंप ने संकेत दिया कि जल्द ही पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच बैठक हो सकती है, जिसमें वे खुद भी शामिल हो सकते हैं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि यह बैठक कब और कहां होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यूक्रेन और यूरोपीय देश अमेरिका-रूस वार्ता को सकारात्मक रूप से देखेंगे और प्रगति में बाधा नहीं डालेंगे।

एनसीईआरटी का नया मॉड्यूल जारी

# भारत विभाजन के लिए बताया जिन्ना, कांग्रेस और माउंटबेटन को जिम्मेदार

कांग्रेस और भाजपा आईं आमने-सामने




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एनसीईआरटी के नए मॉड्यूल में भारत के विभाजन की विभीषिका का उल्लेख करते हुए कारणों पर एक नई चर्चा को जन्म दिया गया है। भारत को आजादी 15 अगस्त, 1947 को मिली थी लेकिन ये आजादी अपने साथ लाई थी बंटवारे का कभी न भरने वाला जख्म, जो हर साल देश के लोगों के बीच एक दर्द की लहर लेकर आता है। बंटवारे के दौरान हुई हत्याएं और लूट की घटनाओं ने दोनों तरफ से करोड़ों लोगों को ▸▸ शेष पेज 4 पर




### क्या भारत विभाजन जरूरी था ?

एनसीईआरटी के नए मॉड्यूल में भारत विभाजन के इस पक्ष पर भी प्रकाश डाला गया है कि क्या भारत का विभाजन कर नया देश पाकिस्तान बनाना जरूरी था। मॉड्यूल कहता है कि उन हालातों में भारत विभाजन जरूरी नहीं था लेकिन गलत विचारों और परिस्थितियों के चलते ये बंटवारा हुआ। जिन्ना की पाकिस्तान जिद ▸▸ शेष पेज 4 पर

### कांग्रेस ने कहा: इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा गया

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने मॉड्यूल पर आपत्ति जताई और कहा कि यह इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करने की कोशिश है। इस पर भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि बंटवारा एक कड़वा सच है, जिसमें लाखों लोग मारे गए और घर तबाह हो गए। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने बंटवारे को स्वीकार कर देश को जलाया। शाहनवाज ने कहा कि आजादी की बात होती है लेकिन बंटवारे की जिम्मेदारी कोई नहीं लेता। बच्चों को यह जानने का हक है कि उस दौर में क्या हुआ।

रीवा में मजार में तोड़फोड़ से तनाव, पुलिस तैनात

## अज्ञात पर एफआईआर, मजार का दोबारा निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रीवा



गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोर्गी गांव में असामाजिक तत्वों ने सैकड़ों साल पुरानी मजार में तोड़फोड़ कर दी। मजार में धार्मिक झंडा फहरा दिया। घटना स्थल के पास 200 मीटर के एरिया में ही हनुमान जी का मंदिर और मजार दोनों है। दोनों ही जगह दोनों समुदाय के लोग बड़ी संख्या में ▸▸ शेष पेज 4 पर

टीकमगढ़ में तलैया में डूबे तीन बच्चे

## एक को बचाने के चक्कर में तीनों गहरे पानी में समाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टीकमगढ़



जिले के पलेरा थाना क्षेत्र के जवाहरपुरा गांव में शनिवार को तीन बच्चों की तलैया में डूबने से मौत हो गई। मृतक बच्चों की पहचान यश (10), नैन्स (12) और संस्कार (12) के रूप में हुई है। शनिवार दोपहर तीनों बच्चे बिना किसी को बताए साइकिल से गांव से करीब दो किलोमीटर ▸▸ शेष पेज 4 पर

शिवपुरी के सुरवाया क्षेत्र में सड़क हादसा

## ट्रैवलर डिवाइडर तोड़कर ट्रक से भिड़ी, 4 की मौत, 7 लोग गंभीर

गुजरात के म्यूजिशियन ग्रुप के 20 लोग वाराणसी से यात्रा कर लौट रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ शिवपुरी

शनिवार तड़के जिले के सुरवाया क्षेत्र में नेशनल हाईवे 27 पर भीषण सड़क हादसा हो गया। एक ट्रैवलर बेकाबू होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में घुसी और सामने से आ रहे ट्रक से जा भिड़ी। ▸▸ शेष पेज 4 पर



### सिंगर की मौके पर मौत

हादसे में मौके पर ही सिंगर हार्दिक दवे (40) वर्ष की मौत हो गई। वहीं इलाज के दौरान राजा ठाकुर (28), अंकित ठाकुर (17) और राजपाल सोलंकी (60) ने भी दम तोड़ दिया। ट्रैवलर का ड्राइवर हादसे के बाद लहूलुहान हालत में गाड़ी में ही फंसा ▸▸ शेष पेज 4 पर

मानसून ट्रफ और छत्तीसगढ़ में बने लो प्रेशर एरिया से तेज बारिश, 19 से और जोर पकड़ेगी

भोपाल में दोपहर बाद बारिश, खाड़ी में बनेगा नया लो प्रेशर एरिया इससे बारिश का दौर लंबा खिंचेगा

## बड़वानी में रूपा नदी उफान पर, राजपुर में तीन गाड़ियां बहीं, घरों-दुकानों में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में दो दिन से बारिश का दौर जारी है। यह 19 अगस्त से और बढ़ जाएगा। बड़वानी के राजपुर नगर में शनिवार सुबह से ही तेज बारिश का सिलसिला जारी रहा। रूपा नदी अचानक उफान पर आ गई। करीब 19 साल बाद नदी ने ऐसा रौद्र रूप दिखाया है। इस दौरान कई लोगों की गाड़ियां और दुकानों को नुकसान पहुंचा है। नगर पालिका उपाध्यक्ष आकाश बर्मन की चार पहिया गाड़ी भी तेज धारा में बह गई। अब तक 2 वाहन बहने की पुष्टि हो चुकी है जबकि ▸▸ शेष पेज 4 पर



### यहां आज यलो अलर्ट

मौसम केंद्र के अनुसार रविवार को बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, पांढुर्णा जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। भोपाल सहित करीब तीन दर्जन से अधिक जिलों में मध्यम से हल्की ▸▸ शेष पेज 4 पर

भोपाल के जिलाध्यक्षों को फिर मौका, सिर्फ 4 महिलाओं को कमान

विधायक जयवर्धन को गुना, ओमकार सिंह को डिंडोरी का दायित्व

# प्रदेश कांग्रेस ने घोषित किए 71 जिलाध्यक्ष कई विधायकों को भी अहम जवाबदारी

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

लंबी कसरत के बाद अंततः कांग्रेस ने प्रदेश के 71 जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी। खास बात यह है कि जयवर्धन सिंह और ओमकार सिंह मरकाम जैसे वरिष्ठ विधायकों को भी जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। इनके साथ एक दर्जन से ज्यादा विधायक और पूर्व विधायक जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं।

ऐसा कर कांग्रेस ने राहुल गांधी की उस बात की पुष्टि की है कि आने वाले समय में पार्टी के जिलाध्यक्ष सबसे ताकतवर होंगे। राजधानी के दोनों जिलाध्यक्षों शहर के प्रवीण सक्सेना और ▸▸ शेष पेज 4 पर


जयवर्धन सिंह


ओमकार सिंह मरकाम

### इन पूर्व विधायकों को मिली जवाबदारी

कांग्रेस ने जिन पूर्व विधायकों को जिलाध्यक्ष पद की जवाबदारी सौंपी है, इनमें अलीराजपुर में मुकेश पटेल, इंदौर ग्रामीण में विपिन वानखेड़े, कटनी शहर में कुंवर सौरभ सिंह, मंडला में डॉ. अशोक मर्सकोले, नरसिंहपुर में सुनीता पटेल, राजगढ़ में प्रियव्रत सिंह, रतलाम ग्रामीण में हर्ष विजय गहलोत और बैतूल में निलय डागा शामिल हैं।

### ये 6 विधायक और महिलाएं बनी जिलाध्यक्ष

*कांग्रेस ने जिन 6 विधायकों को जिलाध्यक्ष बनाया गया है, इनमें जयवर्धन सिंह गुना, ओमकार सिंह मरकाम डिंडोरी और महेश परमार उज्जैन ग्रामीण के अलावा बैहर विधायक संजय उइके को बालाघाट, सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को सतना ग्रामीण, सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल* ▸▸ शेष पेज 4 पर

### कांग्रेस ने 18 जिला अध्यक्षों को फिर से दिया मौका

कांग्रेस ने अपने 18 जिला अध्यक्षों को फिर से मौका दिया है। इनमें बड़वानी से नानेश चौधरी, खरगोन से रवि नाईक, झाबुआ से प्रकाश रांका, शाजापुर से नरेश्वर प्रताप सिंह, उज्जैन शहर से मुकेश भाटी, विदिशा से मोहित रघुवंशी, सीहोर से राजीव गुजराती, भोपाल शहर से प्रवीण सक्सेना, भोपाल ग्रामीण से ▸▸ शेष पेज 4 पर

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, स्वदेशी के प्रति समर्पण के साथ हम बनाएंगे आत्मनिर्भर और विकसित भारत

मुख्यमंत्री ने भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर ध्वजारोहण कर ली सलामी

देशभक्ति की भावना के साथ उत्साह से मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

पहली बार मुख्यमंत्री के संदेश का पूरे प्रदेश में हुआ लाइव टेलीकास्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने संदेश में कहा कि आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का रास्ता स्वदेशी के प्रति समर्पण से ही संभव होगा। स्वदेशी के प्रति समर्पण के साथ हम आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाएंगे। देशवासियों को बस अपनी शक्ति और सामर्थ्य पहचानने की जरूरत है। मप्र सरकार गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (जीवायएएन) कल्याण के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर राज्य स्तरीय समारोह में ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया और परेड सलामी ली। परेड में सशस्त्र दलों ने तीन चरणों में हर्ष फायर किया। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रदेश की जनता के नाम संदेश दिया। प्रदेश में पहली बार मुख्यमंत्री के संदेश का लाइव टेलीकास्ट किया गया। सभी जिला मुख्यालयों पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रसारित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य सचिव अनुराग जैन, डीजीपी कैलाश मकवाना, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

» मप्र सरकार गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी कल्याण के लिए संकल्पबद्ध

» परेड में सशस्त्र दलों ने किया हर्ष फायर, जिलों में भी हुए आयोजन





### एक लाख किमी सड़क और 500 रेल ओवरब्रिज-फ्लाईओवर का निर्माण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा किआगामी पांच वर्ष में प्रदेश में नर्मदा प्रगति पथ, विंध्य एक्सप्रेस-वे, मालवा-निमाड़ विकास पथ, अटल प्रगति पथ, बुंदेलखंड विकास पथ एवं मध्य भारत पथ का निर्माण करवाया जाएगा। प्रदेश में एक लाख किमी सड़क और 500 रेल ओवरब्रिज-फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में 78 लाख से अधिक परिवारों और 19 हजार से अधिक गांवों के प्रत्येक घर तक नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

### खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 18 खेलों की 11 अकादमियां सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में संचालित हैं। इनमें 80 प्रतिशत खिलाड़ी प्रदेश से और 20 प्रतिशत अन्य राज्यों से लिए जाते हैं, जिससे एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को बढ़ावा मिले। वर्ष 2025-26 में हमारे खिलाड़ियों ने खेल के मैदान में शानदार प्रदर्शन किया है। खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 6 स्वर्ण, 9 रजत, 6 कांस्य और राष्ट्रीय स्तर पर 82 स्वर्ण, 65 रजत, 57 कांस्य पदक जीते हैं।

### अगले चार वर्ष में बजट को दोगुना करना राज्य सरकार का लक्ष्य: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि मप्र का वर्ष 2025-26 का बजट प्रदेश के विकास और समृद्धि के लिए तैयार किया गया है, जिसमें कोई नया कर नहीं लगाया गया। राज्य सरकार का लक्ष्य अगले चार वर्ष में बजट को दोगुना करना है। प्रति व्यक्ति आय एक लाख 39 हजार वार्षिक से बढ़कर वर्ष 2024-25 में एक लाख 52 हजार हो गई है। प्रदेश के निर्यात में 6 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है ।

### विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने किया ध्वजारोहण



मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधानसभा में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने विधानसभा सुरक्षा बल (मार्शल्स ) की परेड की सलामी ली। स्वतंत्रता दिवस समारोह में विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव एपी सिंह, अन्य वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे। इससे पूर्व अध्यक्ष ने अपने शासकीय आवास पर ध्वजारोहण किया।

### राज्यपाल पटेल ने राजभवन में किया ध्वजारोहण



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर पचमढ़ी स्थित राजभवन में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर राज्यपाल पटेल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने स्थानीय स्कूल के विद्यार्थियों, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, राजभवन सचिवालय के कर्मचारियों से भेंट की।

### आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. खाड़े ने किया ध्वजारोहण



आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर जनसम्पर्क संचालनालय परिसर में ध्वजारोहण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों के साथ सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। डॉ. खाड़े ने ध्वजारोहण के बाद समारोह में शामिल हुए बच्चों को मिठाई भी वितरित की। ध्वजारोहण समारोह में अपर संचालक जीएस वाधवा और संजय जैन सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पुलिस कमिश्नर ने किया ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने आयुक्त कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। इसके बाद स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी, पुलिस उपायुक्त श्रद्धा तिवारी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मंजू लता खत्री आदि उपस्थित रहे।



## कलेक्टोरेट में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण



शहर के संभाग कमिश्नर और कलेक्टोरेट कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। संभागायुक्त कार्यालय में संभागायुक्त संजीव सिंह ने तिरंगा फहराया। जबकि कलेक्टोरेट में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने तिरंगा फहराकर देश के लिए काम करने की नसीहत दी।

### स्वतंत्रता दिवस पर खाद्य मंत्री राजपूत ने प्रदेशवासियों को दी बधाई



प्रदेश के खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने 79वें स्वतंत्रता दिवस और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी से आजादी का अमृत महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाने और हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान के तहत अपने घरों, प्रतिष्ठानों और दुकानों पर तिरंगा फहराने की अपील की।

## नगर निगम में धूमधाम से मनाया आजादी का जश्न, बांटी मिठाइयां



शहर में स्वतंत्रता दिवस मौके पर सरकारी इमारतों पर शान से तिरंगा फहराया गया। नगर निगम मुख्यालय में महापौर मालती राय और जिला पंचायत में अध्यक्ष रामकुंवर नौरंग सिंह गुर्जर ने तिरंगा फहराया। इस अवसर पर सीईओ इला तिवारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। इस मौके पर मिठाईयां भी बांटी गई। निगमकर्मियों के दसवीं और बारहवीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 39 छा-छात्राओं को दस-दस हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि के चेक दिए। इनमें कक्षा दसवीं के 20 और कक्षा बारहवीं के 19 छात्र शामिल हैं।

## एम्स में मनाया स्वतंत्रता दिवस

एम्स में 79वां स्वतंत्रता दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के संकाय सदस्य, अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ हुआ।




## मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस पर मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय कार्यालय तुलसी नगर में प्रांताध्यक्ष डीके यादव ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संघ के संरक्षक एसएस दांगी, महामंत्री डॉ. सरोज यादव, संजीव कुमार शाक्य, डॉ. बीके चौरसिया, डॉ. राजेंद्र परमार, धर्मेंद्र जोशी, अनिल पाठक, एचएस भदौरिया सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।



## सृष्टि शिक्षा एवं जन कल्याण समिति ने किया ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस पर हर्षवर्धन नगर स्थित राजमाता सिंधिया खेल मैदान में सृष्टि शिक्षा एवं जनकल्याण समिति के अध्यक्ष महेंद्र दवे ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर हरीश शर्मा, रमेश मालवीय, प्रकाश मोटवानी, ज्योति पांडे, इंद्राणी दत्ता सहित हर्षवर्धन नगर के नागरिक उपस्थित थे।



### राज्य निर्वाचन आयुक्त ने किया ध्वजारोहण

79वें स्वतंत्रता दिवस पर राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने राज्य निर्वाचन आयोग में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान का सामूहिक गान किया गया। इस दौरान सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## प्रोफेसर कॉलोनी के शक्ति सदन में मनाया आजादी का पर्व

पंद्रह अगस्त के मौके पर प्रोफेसर कॉलोनी स्थित शक्ति सदन निर्भया महिला आश्रय गृह में भी आजादी का पर्व देशभक्ति के जज्बे के साथ मनाया गया। आश्रम की महिलाओं और युवतियों ने रंगारंग कार्यक्रम से सभी का मन मोह लिया। देशभक्ति गीतों पर जोशीले नृत्य, कविताएं और गीत गाकर उत्साह दिखाया। इस अवसर पर निर्भया फाउंडेशन के अध्यक्ष शेर अफजल खान, संचालक समर खान, श्यामला हिल्स थाना प्रभारी घुमेन्द्रा सिंह सहित एएसआई सतीश शर्मा, रवीश पटेल और शिवशंकर लवंशी मौजूद रहे।



## शासकीय ठेकेदार महासंघ ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

शासकीय ठेकेदार महासंघ के मालवीय नगर स्थित प्रदेश कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष दुष्यंत शुक्ला ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर प्रदेश संगठन के महामंत्री मयंक सराठे, प्रदेश सचिव रविन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश सचिव पुनित भटनागर, प्रदेश मीडिया प्रभारी पंकज सोनी और सह मीडिया प्रभारी ममनून ताज सहित महासंघ के सदस्य मौजूद रहे।



### मंत्रालय परिसर में मनाया स्वतंत्रता दिवस



मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ एवं मंत्रालय सुरक्षा स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से मंत्रालय परिसर में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक ने ध्वजारोहण किया। मंत्रालय के मुख्य सुरक्षा अधिकारी अविनाश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। पुलिस दल ने ध्वज को सलामी दी।

### आरजीपीवी में स्वतंत्रता दिवस पर किया ध्वजारोहण

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में भारत का 79वा स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजीव त्रिपाठी ने कुलसचिव प्रो. मोहन सेन, निदेशक यूआईटी प्रो. सुधीर सिंह भदौरिया सहित प्राध्यापक, अधिकारी सहित छात्राएं एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया।




### मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री ने प्रदेश कार्यालय में किया ध्वजारोहण

## भारत 2047 तक विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में खड़ा होगा: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने स्वतंत्रता दिवस पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मिठाई खिलाकर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बधाई दी और महापुरूषों की प्रतिमाओं पर पुष्पाजंलि भी अर्पित की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता संग्राम का स्मरण करते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों की लंबी लड़ाई और बलिदान से हमें आजादी मिली है। आज का यह पावन पर्व हमारे लिए सबसे बड़ा त्यौहार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार देश को आगे बढ़ाने का कार्य रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आने वाला कार्यकाल भी भारत को उत्कर्ष की दिशा में लेकर जाएगा और भारत 2047 तक विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में खड़ा होगा। मुझे इस बात का गर्व है कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत हाथों में है।



### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा, आज देश और प्रदेश सशक्त और मजबूत हाथों में हैं

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेशवासियों एवं पार्टी कार्यकताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लाखों लोगों के बलिदान के बाद देश को आजादी मिली है। आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वालों का बलिदान व्यर्थ न जाए इसकी चिंता एक-एक कार्यकर्ता को करना है। आज देश और प्रदेश सशक्त और मजबूत हाथों में है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। मध्यप्रदेश को सशक्त और विकसित प्रदेश बनाने के लिए हमें अपना अमूल्य योगदान देना होगा। आज इस पावन पर्व पर पार्टी कार्यकर्ता और प्रदेशवासी ने देश की आजादी को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लें।*

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 17 अगस्त 2025

## कृष्ण जन्माष्टमी की भक्ति में राजधानी लीन




कृष्ण जन्माष्टमी पर कृष्णप्रणामी मंदिर की आकर्षण सजावट की गई।



बिड़ला मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं का जनसागर



चौकश्री हरिहर मंदिर के पास मटकी फोड़ प्रतियोगिता में दही हांडी फोड़ते युवा।

### बोर्ड ऑफिस चौराहे से ज्योति चौराहे तक दोनों तरफ होगा निर्माण

# अस्सी के दशक का नाला टूटेगा प्री-कॉस्ट पुलिया का टेंडर जारी

एक सिरे से दूसरे सिरे तक 11 बॉक्स सड़क के नीचे बिछाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ज्योति टॉकीज चौराहे से बोर्ड ऑफिस सड़क किनारे नाले की दीवार टूटने और सड़क में दरार आने के बाद यहां प्री-कास्ट बॉक्स कल्वर्ट (सीमेंट-कंक्रीट की तैयार पुलिया) बनाई जाएगी। 32 मीटर चौड़ी सड़क पर एक सिरे से दूसरे सिरे तक 11 बॉक्स सड़क के नीचे बिछाए जाएंगे। इस पर लगभग डेढ़ करोड़ रुपए खर्च होंगे।

लगभग एक सप्ताह में यह काम पूरा हो जाएगा। जिसको लेकर पीडब्ल्यूडी ने टेंडर निकाल दिया है। सोमवार को टेंडर पर फसला होने के बाद काम शुरु कर दिया जाएगा। शहर के व्यावसायिक क्षेत्र एमपी नगर और भेल को शेष शहर से जोड़ने वाली इस प्रमुख सड़क को तीन महीने तक बंद रखना एक नई समस्या बन सकता है। जिसको देखते हुए प्री-कास्ट पुलिया लगाने का निर्णय लिया गया है।

**निर्माण पर लगभग डेढ़ करोड़ रुपए खर्च होंगे**



#### क्या है प्री-कास्ट बॉक्स कल्वर्ट?

*प्री-कास्ट बॉक्स कल्वर्ट, कंक्रीट से बने ढांचे होते हैं, जो फैक्ट्री में तैयार होते हैं। फिर उन्हें साइट पर स्थापित किया जाता है। ये बॉक्स कलवर्ट सामान्य तौर पर हाईवे और रेलवे में उपयोग की जाती हैं। मप्र में शहरी सड़कों में इस तरह बॉक्स कल्वर्ट नहीं लगाए गए हैं।*

#### सड़क में आई दरार से यातायात में परेशानी

*ज्योति टॉकीज से बोर्ड ऑफिस तक शहर की सबसे व्यस्तम सड़क में दरार आने के मामले में अब जल्द ही मरम्मत का कार्य शुरू किया जाएगा। इसके लिए पीडब्ल्यूडी ने टेंडर जारी कर दिए हैं। टेंडर की प्रक्रिया पूरी होते ही नाले व सड़क दोनों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। बता दें कि पिछले महीने नाले पर बनी सड़क धंसी थी, और एक जगह पर दरार आ गई थी।*

#### ट्रैफिक करना पड़ेगा डायवर्ट

नाले की मरम्मत के दौरान ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा। इस सड़क पर व्यस्त समय में एक घंटे में आठ से 10 हजार वाहन गुजरते हैं। इसके बंद होने से एमपी नगर जोन वन व टू के अंदरूनी मार्गों पर वाहनों का दबाव बढ़ जाएगा। इसका असर ज्योति टॉकीज चौराहा के अलावा प्रगति चौराहा पर भी पड़ेगा। ऐसे में यातायात पुलिस को यहां पर ट्रैफिक सुचारू रखने विशेष जोर देना पड़ेगा।

#### टेंडर प्रक्रिया के साथ शुरू होगा काम

ज्योति टॉकीज से बोर्ड ऑफिस तरफ जाने वाली सड़क के उस हिस्से में दरार आई थी, जिसके नीचे से नाला गुजरा हुआ है। इसकी मरम्मत का कार्य किया जाना है, टेंडर निकाले गए हैं, प्रक्रिया पूरी होते ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

**संजय मस्के**
चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी

### सोमवार-मंगलवार से फिर शुरू होगा तेज बारिश का दौर

# आधे घंटे में 8 मिमी बारिश, शाम को बारिश से 6 डिग्री गिरा पारा

एक सप्ताह तक झमाझम की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में शनिवार को सुबह से बादल, धूप और कुछ देर रिमझिम का मौसम रहा। शाम 5 से 5:30 बजे के बीच करीब आधा घंटे तेज गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। सुबह से शाम 5:30 बजे तक शहर में 8 मिमी बारिश दर्ज हुई।

कभी तेज तो कभी हल्की बारिश का दौर देर रात तक रुक रुककर चलता रहा। दिन में पारा 2.4 डिग्री गिरा, जो शाम को बारिश के बाद 4 डिग्री की और कमी आई। शाम 7 बजे पारा 25 डिग्री तक पहुंच गया, जो दिन में 30.4 डिग्री दर्ज हुआ। यह सामान्य से 2 डिग्री अधिक था। मौसम केंद्र के अनुसार रविवार को भी शहर में बारिश का ऐसा सिलसिला जारी रहेगा।

#### दिनभर बादल, धूप और रिमझिम



#### राजधानी में तेज बारिश के आसार

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार सोमवार से मंगलवार के बीच भोपाल सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश का क्रम बढने की उम्मीद है। 18 अगस्त को खाड़ी में नया सिस्टम बनने से भोपाल सहित आसपास के जिलों में तेज बारिश होगी। मंगलवार तक शुरू होने वाली बारिश का दौर इस बार लंबा खिंच सकता है। उम्मीद है कि यह क्रम एक सप्ताह तक खिंच सकता है। इस बीच तापमान में भी कमी आने की उम्मीद है।

## दिलकश और भदभदा मस्जिद को हटाने पर वक्फ बोर्ड की आपत्ति

एफटीएल के दायरे में आने पर तहसीलदार ने दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बड़े तालाब के 50 से 250 मीटर में दायरे में आने वाली करीब सौ साल पुरानी दिलकश और भदभदा मस्जिदों को हटाने के मामले में वक्फ बोर्ड ने आपत्ति दर्ज कराई है। जिसके बाद टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा ने बोर्ड और मस्जिद पक्ष को सुनवाई में दस्तावेज पेश करने की हिदायत दी है।

दअसल चार जुलाई को टीटी नगर तहसीलदार ने एफटीएल के दायरे में आने वाली दोनों मस्जिदों को हटाने का नोटिस जारी किया था, जिसके बाद से बोर्ड ने इस मामले में सुनवाई करने का पत्र एसडीएम को पेश किया है।

#### हाईकोर्ट में दाखिल की पिटीशन

वक्फ बोर्ड ने 7 जुलाई को तहसीलदार को आपत्ति पत्र भेजा और एनजीटी में चल रहे मामले में खुद को पक्षकार बनाने की मांग की थी। हालांकि, 24 जुलाई को एनजीटी ने वक्फ बोर्ड को पक्षकार बनाने की मंजूरी तो दी, लेकिन स्थगन आदेश देने से इनकार कर दिया। इसके खिलाफ वक्फ बोर्ड ने 31 जुलाई को हाईकोर्ट में रिट पिटीशन दाखिल की है।

#### 1937 में रिकॉर्ड मौजूद

चार जुलाई को टीटी नगर तहसीलदार ने मस्जिद कमेटी को नोटिस भेजा था। जिसमें 7 जुलाई की तारीख तय करते हुए कहा गया कि यह निर्माण अवैध है और इसे हटा लिया जाए, अन्यथा प्रशासन खुद कार्रवाई करेगा। मस्जिद कमेटी के अधिवक्ता रफी जुबेरी का कहना है कि दिलकश मस्जिद और भदभदा की मस्जिद दोनों वक्फ संपति में पंजीकृत हैं और 1937 में इसका रिकार्ड मौजूद है। दिलकश मस्जिद का गजट नोटिफिकेशन भी है।

#### सुनवाई के बाद ही होगी कार्रवाई

वक्फ बोर्ड से पत्र मिला है कि बिना सुनवाई कार्रवाई न हो। इसलिए मस्जिद कमेटी को बुलाकर पक्ष सुना जाएगा और उसके बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

**अर्चना शर्मा**, एसडीएम टीटी नगर

## केमिकल स्टोर में पानी भरने से फैल गई थी क्लोरीन गैस

**भोपाल।** गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एडीआईएसएच फैक्ट्री से क्लोरीन गैस के रिसाव मामले में नगर निगम, सीएमचओ और उद्योग विभाग के अफसरों ने रिपोर्ट तैयार कर ली है। सोमवार को टीम कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को जांच रिपोर्ट पेश करेगी। जेके रोड स्थित गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार दोपहर केमिकल स्टोर से क्लोरीन गैस का रिसाव होने पर हड़कंप मच गया था। रिसाव के बाद कलेक्टर ने तीन दिन में जांच कर रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए थे। केमिकल स्टोर में पानी भरने की वजह से क्लोरीन गैस फैल गई थी। इस वजह से लोगों को आंखों में जलन की तकलीफ हो गई थी।

## आईसीएमआर-एसटीएस में चयनित हुए जीएमसी छात्रों के छह प्रोजेक्ट

रिसर्च में विद्यार्थियों की बढ़ती रुचि से संस्थान को मिला नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी मेडिकल कालेज (जीएमसी) की चिकित्सा अनुसंधान शाखा संस्थान के भीतर शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। यही कारण है कि अब यहां न केवल संकाय सदस्य बल्कि एमबीबीएस छात्र भी रिसर्च में सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं।

जीएमसी डीन डॉ. कविता एन सिंह और वरिष्ठ संकाय सदस्य लगातार विभागीय बैठकों, शैक्षणिक कार्यक्रमों और क्लिनिकल चचार्ओं में शोध के महत्व पर जोर दे रहे हैं। इसी का परिणाम है कि आईसीएमआर-अल्पकालिक छात्रवृत्ति (एसटीएस) कार्यक्रम में एमबीबीएस छात्रों की



भागीदारी लगातार बढ़ रही है। पिछले वर्ष जून 2024 में कालेज के 20 छात्रों ने आईसीएमआर-एसटीएस कार्यक्रम के लिए आवेदन किया था, जिनमें से आठ छात्रों की परियोजनाएं राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुई थीं। इस वर्ष अप्रैल 2025 के आमंत्रण में यह संख्या और बढ़ गई। कुल 30 छात्रों ने आवेदन किया, जिनमें से छह छात्रों की परियोजनाओं को आईसीएमआर द्वारा मंजूरी दी गई है।

#### चयनित विद्यार्थियों के नाम

- *अक्षत रंधा (गाइडः डॉ. दीप्ति चौरेसिया, माइक्रोबायोलॉजी)*
- *हिमांशु पंसे (गाइडः डॉ. मंजू टोप्पो, कम्युनिटी मेडिसिन)*
- *अनमोल त्रिपाठी (गाइडः डॉ. जितेंद्र महोर, फिजियोलॉजी)*
- *अनन्या शिंदे (गाइडः डॉ. स्वाति गोयल, रेडियोलॉजि डायग्नोसिस)*
- *अवनि सोनी (गाइडः डॉ. विवेक तिवारी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी)*
- *अमंद दीप धीर (गाइडः डॉ. पवन कारे, बायोकैमिस्ट्री)*

#### छात्रों का चयन गर्व का विषय

आईसीएमआर-एसटीएस कार्यक्रम पूरे देश में चिकित्सा और दंत विज्ञान के छात्रों के लिए प्रतिष्ठित अवसर है। इसमें हर साल करीब 25 हजार छात्र भाग लेते हैं। इनमें से केवल 1500 मेडिकल और 500 डेंटल छात्रों को यह छात्रवृत्ति मिलती है। ऐसे में गांधी मेडिकल कालेज के छात्रों का चयन संस्थान के लिए गर्व का विषय है। छात्रों में शोध के प्रति बढ़ती रुचि संस्थान के लिए एक सकारात्मक संकेत है। यह शुरूआत आने वाले वर्षों में और भी बेहतर परिणाम देगी।

**डॉ. कविता एन सिंह**, डीन, जीएमसी

### टीआरएफसी सेंटर को नहीं मिल रहा बिजली कनेक्शन

# कॉटन फाइबर प्लांट का काम अटका पानी में भीग गए दो टन खराब कपड़े

राजधानी के अन्ना नगर स्थित ट्रांसफर स्टेशन में निगम ने लगाया प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के अन्ना नगर कचरा ट्रांसफर स्टेशन में बनाया गया टैक्सटाइल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर (टीआरएफसी) प्रोजेक्ट में बिजली कनेक्शन नहीं मिलने से प्लांट का काम पिछले दो महीने से अटका हुआ है। यह प्लांट शुरु होने से उपयोग में नहीं आने वाले कपड़ों से कॉटन फाइबर बनाया जाएगा। जिससे निगम को आमदनी भी होगी। इधर प्लांट में करीब 2 टन से अधिक पुराने कपड़ों का ढेर लग गया है। जो बारिश में बार-बार भीग रहे हैं। इन्हें सुखाने में प्लांट संचालक के पसीने छूट रहे हैं।

#### टैक्सटाइल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर से निगम को होनी थी आय



**थ्री-आर वाहन से पुराने कपड़ों का कलेक्शन**

शहर में नगर निगम के थ्री-आर वाहन से पुराने पकड़े देकर कोकोपिट खाद या दूसरा कोई सामान ले सकते हैं। इसके अलावा इसमें घर से निकला कोई पुराना सामान भी दिया जा सकता है। इसी वाहन से पुराने कपड़ों का कलेक्शन किया जाता है। बीते 6 महीने में लगभग 2 टन से ज्यादा पुराने कपड़ों का कलेक्शन किया गया है।

#### निगम ने सेंटर को कंपनी के हैंडओवर किया

*निगम ने टीआरएफसी प्रोजेक्ट एक कंपनी को पीपीपी मोड पर दिया है। कंपनी ही पूरे प्रोजेक्ट पर खर्च कर रही है। अप्रैल में निगम ने इसे कंपनी के हैंडओवर किया था, दो महीने बाद भी प्लांट में बिजली कनेक्शन नहीं हुआ। टैक्सटाइल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर के संचालक हैरी पवानी का कहना है कि प्लांट की लागत डेढ़ से 2 करोड़ रुपए है। इसमें चायना से मशीनें बुलाकर लगाई गई हैं।*

#### ऐसे काम करेगा टीआरएफसी

- *टीआरएफसी में कपड़ों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटा जाता है।*
- *रीसाइकिलिंग फिर कार्डिंग मशीन से कपड़ों को कॉटन फाइबर में बदलते हैं।*
- *रेशों को और साफ करके मिलाते हैं। इसके बाद ओपन-एंड मशीन में धागे बनेंगे।*

### केंद्र के साथ स्कूल शिक्षा विभाग चलाएगा विशेष अभियान

# आधार, अब विद्यालय के द्वारः स्कूलों में तैयार होगा विद्यार्थियों का आधार कार्ड, सुधार भी किया जाएगा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के स्कूली विद्यार्थियों का आधार कार्ड अब स्कूल में ही बनेगा। सरकारी स्कूलों में छात्रों की सुविधा के लिए आधार नामांकन और अपडेट शिविर लगाए जाएंगे। इसके लिए स्कूलों में ही विशेष अभियान 18 अगस्त से चलाया जाएगा। इस अभियान को विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार' नाम दिया गया है।

स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के साथ समन्वय किया है।

#### 40 जिलों में शुरू होगा अभियान

यह पहल मुख्य रूप से बच्चों के अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट (एमबीयू) पर केंद्रित है। इसमें उनके आधार में अंगुलियों के निशान, आईरिस स्कैन और एक तस्वीर अपडेट करना शामिल है। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि अभियान के तहत सरकारी स्कूलों में आधार शिविर में यदि आवश्यक हो तो आधार में नाम सुधार, आपार आईडी बनाने के लिए और मोबाइल नंबर अपडेट के लिए भी उन्हें सुविधा प्रदान करेंगे। 18 अगस्त से प्रारंभ होने वाला अभियान का पहला चरण, मध्यप्रदेश के 40 जिलों में एक साथ शुरू होगा और एक से दो महीने तक चलेगा।

#### उम्र 5 वर्ष तो पहला अपडेट आवश्यक

*पहला अपडेट तब आवश्यक है जब बच्चा 5 वर्ष का हो जाए। पहला एमबीयू 5 से 7 वर्ष की आयु के बीच पूरा होने पर निःशुल्क रखा गया है। विद्यार्थी के उम्र 7 वर्ष की आयु से अधिक होने के बाद शुल्क लागू होगा। दूसरा एमबीयू तब आवश्यक है, जब विद्यार्थी 15 वर्ष का हो जाएगा।*

## जैकेट का शेष

### कान्हा के चरण ....

समिति यात्रा एवं रथ यात्रा महत्वपूर्ण स्थलों पर आयोजित करने की कार्य योजना बनाई है। इसे अमलीजामा पहनाने के लिए सरकार शोध, अध्ययन एवं सर्वेक्षण एवं अन्य साक्ष्यों का दस्तावेजीकरण, रिकॉर्डिंग, छायांकन, फिल्मांकन, चित्रांकन कार्य तथा पुरातत्व, अंतरिक्ष विज्ञान एवं तकनीक का उपयोग करते हुए श्रीकृष्ण पथ की खोज, मैपिंग, संरचना का कार्य करना प्रस्तावित किया गया है। इसके साथ ही साथ मप्र में राज्य से संधारित तथा निजी मिलाकर कुल 3222 श्रीकृष्ण मंदिर स्थित हैं। इन सभी मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष साज सज्जा कराई गई है, साथ में सभी श्रीकृष्ण मंदिरों में विशेष पूजा, अर्चना व अन्य कार्यक्रम संपन्न कराए गए हैं। मुख्यमंत्री के ओएसडी और स्वराज संस्थान के निदेशक श्रीराम तिवारी कहते हैं कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष रूचि की वजह से प्रदेश भर के श्रीकृष्ण मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ ही साज सज्जा कराई गई थी। मंदिरों के जीर्णोद्धार समेत अन्य कार्य योजना पर काम शुरू हुआ है। इसे सिलसिलेवार पूरा करने की कोशिश की जा रही है।

### श्रीकृष्ण-रुक्मिणी लोक ...

का मार्गदर्शन प्राप्त करने जानापाव होते हुए प्रभास क्षेत्र गए थे। जानापाव में भगवान परशुराम ने श्रीकृष्ण को अति-विकसित अस्त्र सुदर्शन चक्र और अन्य शस्त्र प्रदान किए थे। ऐसे में युद्ध कौशल, युद्ध नीति, विषय में पारंगत भगवान परशुराम एवं श्रीकृष्ण लोक की स्थापना का विचार किया जा सकता है। इस स्थान पर परंपरागत एवं नवीन युद्ध एवं आयुध कौशल को समर्पित केन्द्र की स्थापना के लिए भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय को प्रस्ताव किया जा सकता है।

**सांगीतिक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां की जाएगी:** श्रीकृष्ण शरणं मम यानी महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, केरल, कर्नाटक, दिल्ली, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखण्ड, उड़ीसा, असम, मणिपुर जैसे राज्यों के मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ विद्वानों को उज्जैन आमंत्रित कर श्रीकृष्ण शरणंमम वृहद समागम कर नाटक, सांगीतिक - सांस्कृतिक प्रस्तुतियां की जाएगी।

### मंदिरों में आकर्षक श्रृंगार...

आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर्व, हलधर महोत्सव और लीलाधर प्रकटोत्सव समारोह में मुख्यमंत्री ने जन्माष्टमी के भव्य समारोह में इस्कॉन मंदिर के पुजारी के मंत्रोच्चार के बीच बालगोपाल कृष्ण स्वरूप का जलाभिषेक, पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस्कॉन इंटरनेशनल संस्था की ओर से कार्यक्रम में शामिल हुए धर्मप्रेमी बंधुओं को भगवान श्रीकृष्ण (लड्डू गोपाल) की प्रतिमा, कृष्ण साहित्य एवं प्रसादी का वितरण किया गया।

### ग्वालियर के गोपाल...

रुपए से भी ज्यादा है। हीरे, मोती, पन्ना जैसे बेशकीमती रत्नों से सुसज्जित भगवान के मुकुट और अन्य आभूषण हैं। देश की स्वतंत्रता से पहले तक भगवान इन जेवरातों से श्रृंगारित रहते थे, लेकिन देश आजाद होने के बाद से जेवरात बैंक के लॉकर में कैद पड़े थे जो 2007 में नगर निगम की देखरेख में आए और तब से लेकर हर जन्माष्टमी पर राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं को बेशकीमती जेवरात पहनाए जाते हैं। गोपाल मंदिर की स्थापना 1921 में ग्वालियर रियासत के तत्कालीन शासक माधवराव सिंधिया प्रथम ने की थी। उन्होंने भगवान की पूजा के लिए चांदी के बर्तन और पहनाने के लिए रत्न जड़ित सोने के आभूषण बनवाए थे। इनमें राधा-कृष्ण के 55 पन्ना जड़ित सात लड़ी का हार, सोने की बांसुरी जिस पर हीरे और माणिक लगे हैं, सोने की नथ, जंजीर और चांदी के पूजा के बर्तन हैं। हर साल जन्माष्टमी पर इन जेवरातों से राधा-कृष्ण का श्रृंगार किया जाता है। इस स्वरूप को देखने के लिए भक्त सालभर का इंतजार करते हैं। जन्माष्टमी के दिन सुरक्षा व्यवस्था के बीच इन जेवरातों को बैंक के लॉकर निकालकर राधा और गोपाल जी का श्रृंगार किया जाता है। श्रृंगार के बाद सबसे पहले ग्वालियर के नगर निगम कमिश्नर सहित तमाम अधिकारियों ने गहनों से लदे राधा कृष्ण की पूजा अर्चना की गई। वहीं, बेशकीमती गहनों और भक्तों की सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल भी मंदिर में तैनात है। मंदिर के अंदर और बाहर की सुक्षा के लिए करीब 200 से अधिक जवान तैनात किए गए हैं। वर्दीधारियों के साथ ही सादा वर्दी में सुरक्षा अमला तैनात है। सीएसपी स्तर के अधिकारी इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### मध्यप्रदेश में बनेगा ...

भी किया। उन्होंने कहा कि हमारी पुलिस बेहद चुनौतियों के बीच अपना दायित्व निर्वहन करती है। इसलिए इनका कल्याण हमारी प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि अभी पुलिस विभाग की भर्ती कर्मचारी चयन मंडल (पीईबी) से होती है। इसमें कुछ वक्त लगता है। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि मप्र पुलिस भर्ती बोर्ड का गठन किया जाएगा। इससे पुलिस भर्तियों में तेजी, पारदर्शिता और परफेक्शन आएगा। हालांकि वर्ष 2025 के लिए स्वीकृत पदों की भर्ती मप्र पुलिस भर्ती बोर्ड की ओर से कर्मचारी चयन मंडल से ही की जाएगी। जबकि आगे वर्षों की भर्तियां 'पुलिस भर्ती बोर्ड' से कराई जाएगी।

**पिछले डेढ़-दो साल में पुलिस ने बहुत अच्छा काम किया:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पिछले डेढ़-दो साल में पुलिस ने बहुत अच्छा काम किया है। मुख्यमंत्री ने डकैत उन्मूलन, नक्सल उन्मूलन, नशामुक्ति, सायबर फ्रॉर्ड, महिला सुरक्षा, गौवंश तस्करी, गुंडे बदमाशों, अवैध हथियार रखने पर सख्त अंकुश और ऑपरेशन सृजन जैसे नवाचारों के लिए पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि सरकार पुलिस सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

### शहीदों की विधवाओं ...

पदों पर भर्ती कर तीन साल में पुलिस विभाग के सभी रिक्त पद भर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वीवीआईपी ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मचारियों सहित उप पुलिस अधीक्षक और इससे उच्च अधिकारियों को भी अब छठवें वेतनमान का पद पात्रतानुसार निर्धारित विशेष भत्ता एवं जोखिम भत्ता दिया जाएगा।

गृह विभाग से जुड़ी सभी सेवाओं के आधुनिकीकरण एवं भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए बहुत जल्द गृह एवं वित्त विभाग की संयुक्त बैठक कर सभी लंबित मसलों का समुचित समाधान निकाला जाएगा।

### सभी प्रकार की ...

उन्नत समाज के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने कहा कि यह नए दौर का भारत है। नक्सलवाद हमारे लिए गंभीर चुनौती है, यह देश के लोकतंत्र के लिए हानिकारक है। हमने तय किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मार्च 2026 तक हम मप्र को नक्सलमुक्त कर देंगे।

### नए आपराधिक कानूनों ....

अधिकारी सहित सभी पदक विजेता अधिकारी-कर्मचारी एवं उनके परिजन भी मौजूद थे।

### लागू हुई नौजवानों ...

सब्सिडी के तहत मदद देगी, जो ज्यादा से ज्यादा लोगों को नौकरी देंगी। कंपनियों को सब्सिडी देने के साथ ही सरकार युवाओं को 15000 रुपये की धनराशि पहली बार प्राइवेट सेक्टर में नौकरी करने वाले युवाओं को भी देगी। यह योजना देश में नए नौकरियों के अवसर पैदा करेगी। ये स्कीम खास तौर पर युवाओं, छोटे-मझोले उद्यमों और अलग-अलग सेक्टर्स जैसे मैन्युफैक्चरिंग, सर्विसेज और टेक्नोलॉजी में नौकरियां बढ़ाने पर फोकस है।

**न्यूक्लियर की धमकियों को सहने नहीं वाले :** पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र कर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि न्यूक्लियर की धमकियों को सहने नहीं वाले हैं, हम किसी भी तरह के ब्लैकमेल को नहीं सहेंगे। आगे भी अगर दुश्मनों ने कोशिश जारी रखी, हमारी सेना तय करेगी, सेना की शर्तों पर, जो समय वे निर्धारित करें, जो तौर-तरीके वो तय करें, जो लक्ष्य वो तय करें, अब हम उसी पर अमल करने वाले हैं। हम मुंहतोड़ जवाब देंगे। इसके बाद पीएम मोदी ने सिंधू जल समझौते का जिक्र करते हुए बोला कि भारत की नदियों का पानी पहले दुश्ननों के खेतों को सींच रहा है और मेरा किसान, मेरा देश प्यासा था। ये एक ऐसा समझौता था जिसने पिछले सात दशक से मेरे देश के किसानों का, अकल्पनीय नुकसान किया था। हिंदुस्तान के हक का जो पानी है, उस पर अधिकार सिर्फ और सिर्फ हिंदुस्तान का है, हिंदुस्तान के किसानों का है। भारत कतई सिंधू समझौते को लेकर आगे नहीं चलेगा। किसान हित में, राष्ट्रहित में ये समझौता हमे मंजूर नहीं है।

**टैरिफ धमकी के बीच आश्वासन :** पीएम मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी सच्चाई का आईना दिखाया गया। पीएम मोदी ने जोर देकर बोला कि वे किसानों का, मछुआरों का हक नहीं मारने देंगे और उनके साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि मैं एक दीवार की तरह खड़ा हो जाऊंगा। इसके बाद पीएम मोदी ने आत्मनिर्भर भारत की भी बात की। उन्होंने दो टूक कहा कि दाम कम दम ज्यादा वाले मंत्र पर आगे बढ़ना पड़ेगा। एक बड़ा संदेश देते हुए पीएम मोदी ने यहां तक कहा कि भारत को अपनी खुद की क्षमताओं पर भरोसा होना चाहिए और दूसरों को विचार दिखाने के लिए बारे में नहीं सोचना चाहिए।

### किसे और कैसे ...

मिलेगा, जिनकी सैलरी 1 लाख रुपए तक है। इससे ज्यादा सैलरी वाले कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं मिलेगा। पहली किश्त 6 महीने नौकरी करने के बाद और दूसरी किश्त 12 महीने नौकरी करने और फाइनेंशियल लिटरेसी प्रोग्राम पूरा करने के बाद मिलेगी।

### पूरे देश में हमने ....

है। अब इसे रिव्यू करने की जरूरत है। राज्यों से भी विचार किया है। मेरे प्यार देशवासियों हम नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रीफॉर्म लेकर आ रहे हैं, ये दीवाली पर आपके लिए तोहफा बन जाएंगे। सामान्य मानवी की जरूरतों वाली चीजों पर टैक्स कम होगा छोटे उद्योगों को लाभ होगा.. इकोनॉमी को बल मिलने वाला है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि नेक्सट जनरेशन रिफार्मस के लिए हमने एक टास्क फोर्स गठित करने का निर्णय लिया है।

ये टास्क फोर्स समय सीमा में इस काम को पूरा करे। वर्तमान नियम, कानून, नीतियां, रीतियां, 21वीं सदी के अनुकूल, वैश्विक वातावरण के अनुकूल और भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने के संदर्भ में इस टास्क फोर्स की रचना की गई है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर बोला कि ये आगे बढ़ने का अवसर है, बड़े सपने देखने का अवसर है, बड़े संकल्पों के लिए समर्पित होने का अवसर है। अब देश रुकना नहीं चाहता है, आगे बढ़ना चाहता है। एक-एक पल की कीमत है और हम एक भी पल गंवाना नहीं चाहते।

### भारत विभाजन के....

न सिर्फ प्रभावित किया बल्कि उनका जीवन भी हमेशा के लिए बदल दिया था। विभाजन की इस विभीषिका को छात्रों तक पहुंचाने के लिए एनसीईआरटी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक नया मॉड्यूल जारी किया है, जिसमें बंटवारे के पीछे जिम्मेदार लोगों के बारे में बताया गया है। आजाद भारत में ऐसा पहली बार हुआ है जब विभाजन की विभीषिका पर आधिकारिक तौर पर छात्रों के बीच जानकारी साझा की जा रही है। एनसीईआरटी का नया मॉड्यूल भारत विभाजन के लिए इतिहास के तीन बड़े नामों को जिम्मेदार मानता है, जिसमें पहला नाम पाकिस्तान के जनक कहने जाने वाले मोहम्मद अली जिन्ना, दूसरा नाम कांग्रेस और तीसरा नाम लॉर्ड माउंटबेटन का है। एनसीईआरटी मॉड्यूल के अनुसार, मोहम्मद अली जिन्ना की अलग देश पाकिस्तान बनाने की मांग पर कांग्रेस पार्टी ने झुकना स्वीकार किया और उसके बाद लॉर्ड माउंटबेट द्वारा बंटवारे की पूरी प्रक्रिया को बहुत जल्दबाजी में पूरा किया किया।

**एनसीईआरटी के 14 अगस्त को जारी किया विशेष मॉड्यूल:** एनसीईआरटी ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को 14 अगस्त के दिन जारी किया था, जिसके अनुसार, 1947 में हुआ भारत-पाकिस्तान के बंटवारे का प्रभाव सिर्फ उस समय ही नहीं बल्कि वर्तमान में नजर आता है, जिसमें पाकिस्तान के साथ बिगड़ते संबंध, पीओके विवाद और रक्षा बजट में होती बढ़ोतरी प्रमुख रूप से देखी जा सकती है।

### क्या भारत विभाजन....

के आगे झुकते हुए कांग्रेस ने इसे स्वीकार किया जिसके लिए इसे देश को गृहयुद्ध से बचाने का शांतिपूर्ण तरीका बताया गया, हालांकि, इस बंटवारे का विरोध महात्मा गांधी ने किया था।

### अज्ञात पर एफआईआर...

पहुंचते हैं। इलाके में तनाव का माहौल है। गोर्गी गांव में गाजी मियां की मजार में यह घटना हुई। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

यहां एक किलोमीटर के एरिया को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया है। पुलिस के साथ दोनों समुदाय के प्रतिनिधि ने शांति की अपील की है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गोर्गी गांव में शुक्रवार की रात को कुछ लोगों ने तोड़फोड़ की थी। शनिवार दोपहर को जब मुस्लिम समाज को इसकी जानकारी लगी तो वहां भीड़ लग गई। पुलिस को बुलाया गया। डीएसपी हिमाली पाठक और एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों को समझाइश देते हुए क्षतिग्रस्त मजार का दोबारा निर्माण शुरू करवाया।

**अमन और चैन बिगाड़ने की साजिश:** शहर काजी मुफ्ती मोहम्मद मुबारक अजहरी ने बताया कि यह हमारे रीवा जिले में पहली ऐसी घटना है। अमन चैन बिगाड़ने की साजिश है। हम प्रशासन ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की मांग करते हैं।

### एक को बचाने के ....

दूर स्थित एक खेत की तलैया में नहाने गए थे। नहाते समय संस्कार गहरे पानी में डूबने लगा। उसे बचाने की कोशिश में यश और नैन्स भी गहरे पानी में चले गए और तीनों की मौत हो गई। जब बच्चे काफी देर तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। तलैया के किनारे बच्चों के कपड़े मिले और पानी में तीनों के शव मिले। स्थानीय लोगों की मदद से शवों को बाहर निकाला गया और पुलिस को सूचना दी गई। घटना के कोई प्रत्यक्षदर्शी अभी तक सामने नहीं आए हैं।

जिस तलैया में तीनों बच्चे डूबे हैं, वह एक खेत में बनी है। बारिश के मौसम में अधिक पानी जमा हो जाता है और करीब 7-8 फीट भर जाती है। इस बार अधिक बारिश के कारण पानी ज्यादा भरा है। एसडीओपी ने बताया कि जिस तलैया में तीनों बच्चे डूबे हैं, उसके पास बच्चों के कपड़े रखे मिले हैं। इसके अलावा उनकी साइकिल भी तलैया के किनारे रखी मिली। तीनों बच्चे पांचवी और छठवीं कक्षा के छात्र हैं।

### ट्रैवलर डिवाइडर तोड़कर...

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैवलर में सवार 4 लोगों की मौत हो गई। जबकि 7 गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी के अनुसार यह ट्रैवलर गुजरात के मेहसाणा और सुरेंद्रनगर जिले के करीब 20 म्यूजिशियन और कलाकारों को लेकर वाराणसी से लौट रहा थी। ये सभी काशी विश्वनाथ में आयोजित शिवकथा कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के बाद शुक्रवार शाम को घर की ओर रवाना हुए थे। सुबह करीब 5:30 बजे सुरवाया के पास उनकी गाड़ी हादसे का शिकार हो गई।।

### सिंगर की ....

रहा। उसका चेहरा बुरी तरह से जख्मी हो गया। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकाला गया और जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जबकि रावल मोहित, आशीष व्यास, मोहलिक, नरेंद्र नायक, चेतन कुमार, ऋषिकेश, विपुल, अरविंद, अर्जुन, हर्षद गोस्वामी सहित कई लोग घायल हैं। जिनमें से 7 की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राथमिक जांच में संभावना जताई जा रही है कि ट्रैवलर चालक को नींद की झपकी आई, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़कर ट्रक से टकरा गया।

### बड़वानी में रूपा ...

चार तक होने की आशंका जताई जा रही है। पान की घुमठियां, छोटी दुकानें और खड़े वाहन नदी के तेज बहाव में समा गए। लोगों का कहना है कि लाखों रुपए का नुकसान हो चुका है। कई घरों और दुकानों में पानी घुस गया है। प्रशासन ने नदी किनारे बसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजना शुरू कर दिया है। पहले ही एसएमएस अलर्ट जारी कर बारिश की चेतावनी दी गई थी। अब प्रशासन की टीम लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई है। वहीं अचानक बारिश का पानी बढ़ने के कारण दो लोग बाढ़ में फंस गए थे। रस्सी के सहारे रेस्क्यू किया गया। सोमवार तक पश्चिमी मप्र के जलक्षेत्रों के इलाकों में अचानक बाढ़ का खतरे की चेतावनी मौसम केंद्र ने जारी की है। इसके तहत अलीराजपुर, बड़वानी, बैतूल, बुरहानपुर, धार, हरदा, इंदौर, झाबुआ, खंडवा, खरगोन, रतलाम और उज्जैन जिलों में कहीं कहीं फ्लैश फ्लड की चेतावनी है।

### यहां आज यलो अलर्ट...

बारिश का दौर चलेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी दक्षिणी छत्तीसगढ़ और आसपास लो प्रेशर एरिया बना हुआ है। वहीं एक सकुर्लेशन भी है, जो आगे बढ़कर कमजोर हो जाएगा।

वर्तमान में मानसून ट्रफ जैसलमेर, जोधपुर, कोटा, गुना, बैतूल, दक्षिणी छत्तीसगढ़ में बने लो प्रेशर एरिया से गुजर रही है। यह बंगाल की खाड़ी तक सक्रिय है। अरब सागर में भी एक सकुर्लेशन है, जहां से एक ट्रफ महाराष्ट्र होते हुए खाड़ी तक है, यह अभी प्रदेश के नीचे से गुजर रही है। इन प्रमुख सिस्टम से अभी प्रदेश में तेज से मध्यम बारिश का दौर जारी है। 18 अगस्त से एक नया लो प्रेशर एरिया बंगाल की खाड़ी में बनेगा, जिससे प्रदेश में बारिश का दौर लंबा खिंचेगा।

### प्रदेश कांग्रेस ने....

ग्रामीण के अनोखी मान सिंह पटेल को फिर कमान सौंपी गई है। सूची में 4 महिलाओं के भी नाम हैं, जिन्हें जिलाध्यक्ष बनाया गया है। महानगरों में चिंटू चौकसे को इंदौर शहर, जबकि विपिन वानखेड़े को इंदौर ग्रामीण की कमान सौंपी गई है। उज्जैन शहर मुकेश भाटी और उज्जैन ग्रामीण में विधायक महेश परमार को जिम्मेदारी दी गई है। ग्वालियर शहर में सुरेंद्र यादव और ग्वालियर ग्रामीण में प्रभुदयाल जोहरे को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। अल्पसंख्यक वर्ग से महज सतना शहर में आरिफ इकबाल सिद्दीकी को मकसूद अहमद की जगह मौका दिया गया है।

### ये 6 विधायक ....

को रायसेन का विधायक बनाया गया है। इसके अलावा जिन चार महिलाओं को जिलाध्यक्ष पद की जवाबदारी मिली है उनमें आगर-मालवा में विजयलक्ष्मी तंवर, खंडवा शहर में प्रतिभा रघुवंशी, नरसिंहपुर में सुनीता पटेल और सिंगरौली ग्रामीण में सरस्वती सिंह मरकाम शामिल हैं।

### कांग्रेस ने 18 जिला ....

पटेल, छिंदवाड़ा से विश्वनाथ ओक्टे, बालाघाट से संजय उईके, जबलपुर शहर से सौरभ शर्मा, सीधी से ज्ञान प्रताप सिंह, मैहर से धर्मेश घई, रीवा ग्रामीण से राजेन्द्र शर्मा, टीकमगढ़ से नवीन साहू, अशोकनगर से राजेन्द्र कुशवाहा, मुरैना ग्रामीण से मधुराज तोमर शामिल हैं।

**(भूमि विक्रय हेतु)**

श्री कृष्णकांत पुरोहित आत्मज श्री आशाराम पुरोहित आयु वयस्क निवासी नवजीवन कालोनी, छोला रोड, भोपाल म.प्र. आधार नं. 3409 4362 1304 ..................विक्रेता

श्री दीपक सिंह सोलंकी आत्मज श्री अंतर सिंह सोलंकी आयु वयस्क निवासी ए-12 पी-4, प्राइड सिटी, कटारा हिल्स भोपाल म.प्र. आधार नं. 8483 4820 9970 .....................क्रेता

विक्रेता के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की दो किता सिंचित अविकसित (अव्यपर्तित) कृषि भूमि खसरा क्रमांक 133/1(र). 134/1(र) के कुल रकबा में से रकबा 1.65 एकड़ / डेसीमल भूमि विक्रय की जा रही है, जो की स्थिति ग्राम बरखेडी अब्दुल्ला पटवारी हल्का नम्बर 31 राजस्व निरीक्षक मण्डल 03 विकास खण्ड फन्दा तहसील जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है ।जो कि नगर निगम की सीमाओं के बाहर ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है। आज दिनांक 13/08/2025 को क्रेता द्वारा टोकन अदा कर गई है। इस संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह इस उद्घोषणा के जारी होने के पश्चात् आगामी 07 दिवस तक इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

भवदीय अरविंद सिंह (अधिवक्ता)
म.प्र. उच्चन्यालय लीगल एडवाइजर
ऑफिस पता - पी 30, कैलाश नगर रोगरा कलां भोपाल म.प्र. मो. नं. 9644288768

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644



हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र
3,55,000
हजार में
आसान किश्तों पर
साईट:-
220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्प्लेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** – आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** – किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** – जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** – मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


**धनु** – आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** – क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## शब्द पहेली - 5960



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

**शब्द पहेली - 5959 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5970

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5969 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

■ एसआईपी के अलावा भी कुछ विकल्प दे सकते हैं बढ़िया मुनाफा

■ मोटा पैसा कमाने के लिए आपको रणनीति बनाकर आगे बढ़ना होगा

■ रिटायरमेंट, बच्चों की शिक्षा या घर के लिए एसआईपी पर्याप्त नहीं

# करोड़पति बनना है तो आप जान लें निवेश के कुछ 'ब्लॉकबस्टर' टिप्स

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

आजकल ज्यादातर लोग, स्पेशली युवा, अपनी फाइनेंशियल प्लानिंग को पूरा करने के लिए सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) को अपना रहे हैं। एसआईपी शुरू करना फाइनेंशियल अनुशासन की दिशा में एक शानदार पहला कदम है, लेकिन, क्या केवल एसआईपी शुरू कर देना ही आने वाले कल के लिए काफी है? असल में लंबी अवधि के टारगेट जैसे रिटायरमेंट, बच्चों की शिक्षा या घर खरीदने के लिए, केवल एसआईपी करना पर्याप्त नहीं है। इसके लिए एक संपूर्ण और मजबूत प्लानिंग की आवश्यकता होती है। तो फिर आइए इस रिपोर्ट के जरिये जानते हैं निवेश के कुछ ब्लॉक बस्टर कदम जो आपको करोड़पति बनने में अहम भूमिका निभा सकते हैं और आपको कम समय में ही अच्छा मुनाफा दिलवाने में सक्षम हैं।




## फाइनेंशियल टारगेट को परिभाषित करें

एसआईपी तो बस एक निवेश का एक जरिया है, लेकिन टारगेट क्या है? सबसे पहले, आपको अपने सभी दीर्घकालिक लक्ष्यों को साफ रूप से परिभाषित करना चाहिए और एक गोल बनाकर आगे बढ़ना होगा।

- **लक्ष्यों को पहचानें :** क्या आपका टारगेट 10 साल में बच्चों की हाई एजुकेशन है, 20 साल में रिटायरमेंट है, या 5 साल में घर के लिए डाउन पेमेंट है?
- **लागत का अनुमान लगाएं :** हर टारगेट के लिए जरूरी राशि का अनुमान लगाएं. इसमें फ्यूचर की महंगाई को भी शामिल करें. उदाहरण के लिए, अगर आज बच्चों की इंजीनियरिंग की पढ़ाई पर 20 लाख रुपये खर्च होते हैं, तो 15 साल बाद महंगाई के साथ यह राशि कहीं अधिक होगी।
- **क्यों जरूरी :** जब आपको पता होगा कि आपको कब और कितने पैसे की जरूरत हो सकती है, तभी आप सही निवेश रणनीति बना पाएंगे।

## पोर्टफोलियो को विविधतापूर्ण बनाएं

- एसआईपी तो इक्विटी में है, लेकिन क्या इतना काफी है? 'अपने सारे अंडे एक ही टोकरी में न रखें' यह निवेश का सबसे पुराना और सबसे अहम नियम है।
- **इक्विटी के अलावा निवेश करें :** हमेशा अपने पोर्टफोलियो में सिर्फ एसआईपी ही ना रखें। उसमें इक्विटी के साथ-साथ डेट और अन्य संपत्तियों का मिश्रण भी होना ही चाहिए।
- **विविधता के विकल्प :** आप अपनी रिस्क लेने की क्षमता अनुसार पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (पीपीएफ), फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी), राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस), और यहां तक कि सोना या रियल एस्टेट जैसे ऑप्शन में भी निवेश कर सकते हैं।
- **क्यों जरूरी :** यह आपके पोर्टफोलियो में स्थिरता ला सकता है। यानी कि यदि शेयर बाजार में गिरावट आती है, तो आपके दूसरे निवेश आपके पोर्टफोलियो को गिरने से बचाते हैं।

## बीमा और आपातकालीन निधि बनाएं

- आपकी यात्रा की सुरक्षा कैसे होगी? यानी कि एक मजबूत फाइनेंशियल योजना की नींव सुरक्षा पर टिकी होती है। अगर आप बिना बीमा और इमरजेंसी के निवेश करते हैं, तो एक भी दुर्घटना आपकी पूरी योजना को ध्वस्त कर सकती है।
- **आपातकालीन निधि :** कम से कम 3 से 6 महीने के मासिक खर्चों के बराबर की राशि एक ऐसे खाते में रखें, जिसे आप आसानी से निकाल सकें। ये इमरजेंसी फंड नौकरी छूटने या मेडिकल इमरजेंसी जैसी स्थितियों में आपके एसआईपी को तोड़ने से बचाएगा।
- **पर्याप्त बीमा :** अपने परिवार को फाइनेंशियल रूप से सेफ रखने के लिए पर्याप्त लाइफ इंश्योरेंस (खासकर टर्म प्लान) और हेल्थ इंश्योरेंस जरूर लें।
- **क्यों जरूरी :** यह आपके लॉन्ग टर्म निवेश को अप्रत्याशित वित्तीय झटकों से बचाता है।

## निवेश की राशि को बढ़ाएं

- आपकी इनकम तो बढ़ेगी, तो निवेश क्यों नहीं? जैसे-जैसे आपकी आय बढ़ती है, वैसे-वैसे आपके निवेश को भी बढ़ना चाहिए।
- **क्या करें :** हर साल अपनी एसआईपी की राशि को अपनी आय में हुई ग्रोथ के अनुसार 10-15% तक बढ़ाएं। इसे 'स्टेप-अप एसआईपी' कहा जाता है। ऐसा करने से निवेशक कम समय में अपने टारगेट तक पहुंच सकते हैं और महंगाई के प्रभाव को भी कम कर सकते हैं।
- **क्यों करें :** मुद्रास्फीति आपके पैसे की क्रय शक्ति को घटाती है। निवेश को बढ़ाकर आप यह तय करते हैं कि आपके लक्ष्य की वाकई में लागत कवर हो।

## योजना की समय पर समीक्षा करें

- क्या आपकी गाड़ी सही रास्ते पर है? आपकी वित्तीय यात्रा एक सीधी रेखा नहीं है. इसमें कई मोड़ आते हैं।
- **क्या करें :** साल में आप कम से कम एक बार तो जरूर ही अपनी वित्तीय योजना और निवेश पोर्टफोलियो की समीक्षा करें। इसमें देखें कि क्या आपके निवेश आपके लक्ष्यों के अनुरूप प्रदर्शन कर रहे हैं या फिर नहीं। अगर आपके जीवन में कोई बड़ा बदलाव (जैसे शादी, बच्चा या नई नौकरी) आता है, तो अपनी योजना में जरूरी बदलाव करना चाहिए।
- **क्यों जरूरी :** समीक्षा करने से आप यह तय करते हैं कि आप हमेशा सही रास्ते पर हैं और अपने टारगेट को समय पर प्राप्त कर पाएंगे।

## एसआईपी सिर्फ एक मंजिल

- अब आप समझ रहे होंगे कि एसआईपी शुरू करना एक बहुत अच्छी शुरुआत है, लेकिन यह मंजिल नहीं है। अपने लॉन्ग टर्म के फाइनेंशियल टारगेट को पाने के लिए एक पूरी प्लानिंग की जरूरत होती है, जिसमें लक्ष्य-आधारित इन्वेस्टमेंट, विविधीकरण, सुरक्षा और नियमित समीक्षा शामिल हो। ■



# पत्नी के साथ मिलकर बनाएं कल की प्लानिंग

- 1, 2 नहीं इन 5 ऑप्शन को फॉलो करके फुल मौज में कटेगा बुढ़ापा
- रिटायरमेंट प्लानिंग केवल एक व्यक्ति नहीं, पूरे परिवार की जिम्मेदारी
- कपल मिलकर सही समय पर निवेश और फाइनेंशियल प्लान बनाएं

**अपने** भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए अपनी पत्नी के साथ मिलकर अच्छी प्लानिंग करें। इससे आपका बुढ़ापा मस्ती में कटेगा। कहा भी गया है कि रिटायरमेंट प्लानिंग एक व्यक्ति की नहीं, बल्की पूरे परिवार की साझा जिम्मेदारी है। आने वाले कल को सुरक्षित करने के लिए सही समय पर सही इन्वेस्टमेंट प्लानिंग की बहुत जरूरत होती है। यही कारण है कि समय रहते रिटायरमेंट की प्लानिंग करना भी बहुत जरूरी होता है। आज के समय में रिटायरमेंट प्लानिंग केवल एक व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लिए एक शेयर होने वाली जिम्मेदारी होती है, खासकर कपल के लिए। अब आप रिटायरमेंट के लिए अपनी पत्नी के मिलकर बेहतरीन प्लानिंग करें। वाइफ के साथ मिलकर प्लानिंग बनाने से आप शानदार फ्यूचर बना सकते हैं।

### पत्नी के टारगेट पर चर्चा करें

सबसे पहला और सबसे जरूरी कदम होता है कि एक-दूसरे के साथ खुलकर बात करना चाहिए। यह प्लान करें कि रिटायरमेंट के बाद आप किस तरह की लाइफ को जीना चाहते हैं, जैसे कि क्या आप यात्रा करना चाहते हैं, कोई नया व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, या शांतिपूर्ण जीवन बिताना चाहते हैं? जब आप दोनों ये तय कर लेंगे तभी आप अच्छी बचत अपने आने वाले कल के लिए कर सकेंगे।

### खर्चों का आकलन करें

रिटायरमेंट के बाद की लाइफ के लिए जरूरी मंथली खर्चों का अनुमान लगाना बहुत जरूरी होता है। इसमें घर का किराया या ईएमआई, खाने-पीने का खर्च, हेल्थ और मनोरंजन जैसे सभी खर्च शामिल करें। पार्टनर के साथ मिलकर एक ज्वाइंट बजट बनाएं जो आपकी फिलहाल की इनकम और खर्चों को पेश करता हो। यह आपको यह समझने में मदद करेगा कि आप कहां बचत कर सकते हैं और कहां अनावश्यक खर्चों में कटौती की जा सकती है।

### बीमा स्कीम की समीक्षा करें

हर किसी के लिए एक सेफ रिटायरमेंट के लिए बीमा बहुत जरूरी होता है। अपनी हेल्थ बीमा पॉलिसियों की समीक्षा करें और तय करें कि वे रिटायरमेंट के बाद के चिकित्सा खर्चों को कवर करती हैं.आपकी बढ़ती उम्र के साथ मेडिकल खर्च भी बढ़ते हैं, तो इसलिए पर्याप्त कवरेज होना हर किसी के लिए बहुत जरूरी होता है।

### टाइम टू टाइम समीक्षा करें

आपकी रिटायरमेंट योजना हमेशा एक ऐसी नहीं रह सकती है वो इसलिए जीवन में बदलाव आते रहते हैं, तो ऐसे नें अपनी वित्तीय योजना की समय-समय पर समीक्षा करना जरूरी है और उसमें जरूरत के अनुसार बदलाव करना अहम होता है। हर साल या कुछ सालों में अपने निवेश, लक्ष्यों और बजट की समीक्षा करें ताकि आप सही रास्ते पर बने रहें। यानी कि ये कदम आपको और आपके जीवनसाथी को फाइनेंशियल स्थिरता और सुरक्षा के साथ-साथ एक आरामदायक और खुशहाल रिटायरमेंट के लिए तैयार करने में मदद कर सकते हैं। ■

# आज ही बना लें मुश्किल वक्त के लिए 'एटीएम'

मुसीबत हम सभी की लाइफ में कब आ जाए हममें से कोई नहीं जानता है, लेकिन मुसीबत से पार पाने के लिए इमरजेंसी फंड का होना बहुत जरूरी होता है। असल में इमरजेंसी फंड एक ऐसी धनराशि होती है, जिसे आप किसी भी अप्रत्याशित खर्च या वित्तीय संकट के समय यूज करने के लिए अलग से रखते हैं। यह आपको अचानक आई परेशानियों, जैसे नौकरी छूटना, मेडिकल इमरजेंसी या घर की मरम्मत आदि से निपटने में मदद करता है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि इमरजेंसी फंड कैसे तैयार करें।

**बजट बनाएं और लक्ष्य तय करें :** आप सबसे पहले, अपने मंथली खर्चों का हिसाब लगाएं। इसके बाद आपयह तय करें कि आपको कम से कम 3 से 6 महीने के खर्चों को कवर करने के लिए कितने फंड की जरूरत पड़ा सकती है। यह साफ टारगेट आपको बचत करने में मदद कर सकता है।

**छोटे कदम से शुरुआत करें :** लाइफ में हमेशा एक बड़ा फंड बनाने में सभी को टाइम लगता है। तो आप हर महीने अपनी इनकम का एक छोटा हिस्सा बचाना शुरू कर सकते हैं, भले ही यह छोटी राशि हो, नियमित रूप से बचत करने से यह समय के साथ एक बड़ा फंड बन जाएगा।

**बचत को ऑटोमेट करें :** आप हमेशा के लिए बचत को अपनी आदत बनाने के लिए, अपनी सैलरी अकाउंट से एक अलग बचत खाते में हर मंथ एक फिक्स अमाउंट का ऑटोमैटिक ट्रांसफर सेट कर दें। ऐसा करने से आपकी सैलरी आते ही इमरजेंसी के लिए बचत हो जाएगी और आप इसे खर्च करने से बच जाएंगे।

**कर्ज कम करने को प्राथमिकता दें :** तो अगर आप पर कोई हाई ब्याज वाला कर्ज (जैसे क्रेडिट कार्ड का कर्ज) है, तो सबसे पहले उसे चुकाने पर ध्यान देना चाहिए। हमेशा कर्ज से पूरी तरह से फ्री होने के बाद, आप अपने इमरजेंसी फंड के लिए अधिक बचत कर सकते हैं।

**अलग और सुरक्षित जगह पर रखें :** अपने इमरजेंसी फंड को अपने सामान्य बचत खाते से अलग रखें। इसको ऐसे ऑप्शन में इन्वेस्टमेंट करें जो सेफ हो और जिन्हें जरूरत पड़ने पर आसानी से निकाला भी जा सके।

## कारोबार आइडिया

■ अगर आप ऐसा बिजनेस चाहते हैं जिसकी मांग कभी कम न हो, तो आटे का बिजनेस करें

■ भारत के कई हिस्सों में रोटी रोजमर्रा के भोजन का अहम हिस्सा, गुणवत्तापूर्ण आटे की डिमांड हमेशा रहती है व कमाई की संभावना लगातार

# 2.50 लाख में शुरू कर सकते हैं आटे का बिजनेस, हर महीने कर लेंगे मोटी कमाई

बिजनेस डेस्क

अगर आप भी नौकरी के अलावा बिजनेस करके खुद को स्टेबल कर मोटी कमाई करना चाहते हैं तो आपके लिए आटे का बिजनेस बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इससे आप कम लागत में अच्छी कमाई का जुगाड़ लगा सकते हैं। रोटी भारतीय खानपान का अहम हिस्सा है, इसलिए इस बिजनेस की मांग हमेशा बनी रहती है। हर कोई चाहता है कि उसका बिजनेस लगातार चलता रहे और उसकी मांग कभी कम न हो। ऐसे में आटे का बिजनेस एक सुरक्षित और भरोसेमंद विकल्प बन सकता है। इसे शुरू करने के लिए लगभग 2.50 लाख रुपये तक का निवेश पर्याप्त है। भारत के उत्तर, मध्य और पूर्वी राज्यों में रोटी रोजना के खानपान का जरूरी हिस्सा है, जिससे गेहूं के आटे की खपत हमेशा बनी रहती है। यही कारण है कि इस कारोबार में मंदी आने की संभावना बेहद कम है। अगर आप सही मशीनरी, साफ-सुथरी प्रोसेसिंग और आकर्षक पैकिंग का इस्तेमाल करें, तो ये बिजनेस जल्दी ही स्थायी कमाई का जरिया बन सकता है। गुणवत्तापूर्ण आटे की हमेशा डिमांड रहती है और ग्राहक अच्छे ब्रांड को पसंद करते हैं। सही प्लानिंग के साथ आप कम लागत में इस बिजनेस की मजबूत शुरुआत कर सकते हैं और धीरे-धीरे इसे बड़े स्तर पर ले जा सकते हैं।



## कहां से मिलेगा कच्चा माल

गेहूं की उपलब्धता ग्रामीण इलाकों और उनके आसपास आसानी से हो जाती है। लोग हमेशा शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण आटा पसंद करते हैं, जिससे इस कारोबार का बाजार लगातार मजबूत बना रहता है। गेहूं के लिए किसानों से संपर्क करें। इसके बाद जैसे ही फसल आए किसानों से गेहूं खरीद लें। फसल के मौके पर आपको सस्ता अनाज मिल सकता है। इसे एक कमरे में स्टोर कर लें। इसके बाद असानी से इसकी पिसाई कर बेचते रहें। गेहूं को अच्छे से सुखाकर स्टोर करेंगे तो यह खराब नहीं होगा और रोटी भी बढ़िया आएगी। खेतों में गेहूं की फसल होली के बाद आ जाती है। इसलिए आपको गेहूं खरीदने के लिए मार्च में की प्रयास शुरू कर देना चाहिए। सीधे खेतों से बढ़िया क्वालिटी का गेहूं खरीदें और आ बनाकर बेचते रहें। सबसे पहले गेहूं की धुलाई और सुखाने की प्रक्रिया पूरी करें। इसके बाद सुखाए हुए गेहूं को मशीन से पीसकर आटा तैयार करें। अंत में इसे आकर्षक पैकिंग में भरें, ताकि ग्राहक तुरंत आकर्षित हों और ब्रांड पर भरोसा करें।

## शुरुआती लागत पर ध्यान

इस बिजनेस में मशीनरी के लिए लगभग 1.25 लाख रुपये की जरूरत होगी, जिसमें चक्की, रोस्टर, सीलिंग मशीन, वजन तराजू, गैस कनेक्शन और बर्तन शामिल हैं। वर्किंग कैपिटल के रूप में करीब 1 लाख रुपये लगेंगे, जिसमें कच्चा माल, वेतन, बिजली और गैस का खर्च शामिल होगा। इसके अलावा, बिल्डिंग पर 25,000 तक खर्च रुपये आ सकता है। इस तरह कुल निवेश 2.50 लाख रुपये के आसपास होगा।

## हर महीने कितना मुनाफा

मौजूदा आंकड़ों के मुताबीक, इस बिजनेस से हर महीने करीब 1.15 लाख रुपये की बिक्री हो सकती है। वहीं, मासिक खर्च करीब 1.05 लाख रुपये तक रहेगा। यानी आपको हर महीने लगभग 10,000 रुपये या उससे ज्यादा का शुद्ध मुनाफा मिल सकता है, जो बिजनेस बढ़ने के साथ और बढ़ेगा।

## क्यों है आटे का बिजनेस फायदेमंद

रोटी भारतीय खानपान का अहम हिस्सा है, इसलिए इस बिजनेस की मांग हमेशा बनी रहती है। छोटे निवेश से भी इसकी शुरुआत की जा सकती है और क्वालिटी व पैकिंग पर ध्यान देकर इसे तेजी से बढ़ाया जा सकता है। सही मार्केटिंग के साथ आप इसे एक भरोसेमंद ब्रांड में बदल सकते हैं।

## आटा बेचने के लिए विकल्प

- **भारत आटा बिक्री केंद्र :** सरकार द्वारा संचालित भारत आटा बिक्री केंद्रों पर आटा बेचा जा रहा है, जहां इसकी कीमत 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम है। ये केंद्र देशभर में 800 मोबाइल वैन और 2,000 से अधिक दुकानों के माध्यम से आटा बेच रहे हैं।
- **मदर डेयरी के सफल स्टोर :** आप मदर डेयरी के सफल स्टोर से भी भारत ब्रांड का आटा खरीद सकते हैं।
- **नाफेड, एनसीसीएफ और केंद्रीय भंडार :** सरकार ने नाफेड, एनसीसीएफ और केंद्रीय भंडार के माध्यम से भारत आटा और चावल की खुदरा बिक्री शुरू की है।
- **स्थानीय बाजार :** आप अपने स्थानीय बाजार में भी आटा बेच सकते हैं या खरीद सकते हैं। कई स्थानीय बाजारों में आटे की दुकानें होती हैं जो ताजा और स्वादिष्ट आटा बेचती हैं।
- **आनलाइन प्लेटफ़ॉर्म :** आप ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करके भी आटा बेच सकते हैं या खरीद सकते हैं। कई ऑनलाइन स्टोर और वेबसाइटें आटे की बिक्री करती हैं।


**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय रायसेन**

क्रमांक. 9700/निविदा/2025-26 रायसेन, दिनांक 12/8/25

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला चिकित्सालय रायसेन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में आगामी 03 वर्ष हेतु निम्न मदों में ई-निविदाएं इच्छुक निविदाकारो से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ई-निविदा का विवरण |
|---|---|
| 01 | जिला चिकित्सालय रायसेन अंतर्गत आउटसोर्सिंग के माध्यम से मैकेनाईज्ड लांड्री के संचालन हेतु। |

उपरोक्त ई-निविदा प्रपत्र म.प्र शासन के पोर्टल की बेबसाईट https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध हैं। निविदा प्रपत्र तथा नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र में अंकित है। निविदा प्रपत्र राशि रू. 1,000/- (रू. एक हजार मात्र) का ई-भुगतान कर आनलाईन प्राप्त किया जा सकता है। यदि निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो म.प्र शासन के पोर्टल की बेबसाईट https://mptenders.gov.in अवलोकन किया जा सकता है। उक्त ई-निविदा की-डेट्स निम्नानुसार है।

E-Tender Key Dates

| Bid Particulars | Date & Time |
|---|---|
| Bid Publishing Date | 19-08-2025, 11:00 AM |
| Document Download/Sale Start Date | 19-08-2025, 03:00 PM |
| Bid Submission Start Date | 19-08-2025, 05:00 PM |
| Pre Bid Meeting Date | 26-08-2025, 04:00 PM |
| Bid Submission Closing Date | 08-09-2025, 06:00 PM |
| Technical Bid Opening Date | 10-09-2025, 11:00 AM |
| Financial Bid Opening Date | As per committee decision |

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय रायसन

जी- 17289/25 स्वच्छा ही सेवा है।

खंड - I
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्यप्रदेश शासन
**कार्यालय - कार्यालय पर्यावरण वानिकी वनमड़ल भोपाल मध्यप्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/ई-टेंडरिंग/2025-26 दिनांक 19.08.2025

1. कार्यालय पर्यावरण वानिकी वनमड़ल, भोपाल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|
| 1. | कार्यालय पर्यावरण वानिकी वनमड़ल. भोपाल के समस्त परिक्षेत्रों के अंतर्गत वृक्षारोपण क्षेत्रों में पानी सिंचाई हेतु 3000 लीटर क्षमता के टेंकर की दरें बाबत्। | 500/- |

2. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं ।
3. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का आनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई- प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 19.08.2025 शाम 05 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
4. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
5. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नही ।
6. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल: https://www.mptenders.gov.in/

(विजय कुमार)
भा.व.से.
वनमंडलाधिकारी,
पर्यावरण वानिकी वनमड़ल
भोपाल

जी -17268/25 स्वच्छता ही सेवा

**पश्चिम मध्य रेल**

शुद्धिपत्र संख्या 33/2025

निविदा सं. 81255343A जिसके खुलने की तिथि 04/08/2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/84/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है-**निविदा क्रमांक एवं संक्षिप्त विवरण**-81255343A **विवरण**: Manufacture and Supply of Pre tensioned Pre Stressed Concrete (PSC) Sleeper Set. **Tender Opening date**-From-18/08/2025 To-29/08/2025. अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखे। (हस्ता.)

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे/जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नजूल अधिकारी, तहसील कोलार, भोपाल**

(मध्यप्रदेश नजूल भूमि निर्वतन निर्देश, 2020)
(अध्याय दो राज्य शासन के किसी विभाग नजूल भूमि का हस्तांतरण कंडिका 13 (2) अध्याय-नौ, प्रकीर्ण कंडिका 142 के अनुसार)

प्रकरण क्रमांक 90/अ-20(3)/2022-23

//उदघोषणा//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कार्यालय कलेक्टर जिला भोपाल म.प्र. के पत्र क्रमांक 74/आर.एम./2023 भोपाल दिनांक 07/02/2023 से ग्राम समरधा कलियासोत (मिसरोद) हल्का दीपड़ी तहसील कोलार स्थित भूमि खसरा क्रमांक498/132 कुल रकबा 0.1500 हेक्टेयर भूमि पुलिस चौकी के निर्माण हेतु पुलिस विभाग (गृह विभाग) के पक्ष में हस्तांतरण हेतु मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग द्वारा दिनांक 24.09.2020 को प्रकाशित म.प्र. नजूल भूमि निवर्तन निर्देश 2020 के अनुसार प्रारूप 1 में संलग्न दस्तावेजों सहित आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह इस उद्घोषणा के जारी होने के पश्चात् आगामी 15 दिवस तक इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी,
तहसील-कोलार,
जिला-भोपाल

जी - 17251/25 स्वच्छा ही सेवा है।

**जाहिर सूचना**
**(दुकान नम्बर न्यू बी-4/35)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने (1) श्रीमती सुशीला पत्नी श्री बृजलाल मंघानी, आयु वयस्क, एवं (2) श्री बृजलाल आत्मज श्री रेवाचंद आयु वयस्क दोनो निवासीगण पुराना ए-27, सीआरपी, बैरागढ़, जिला भोपाल मध्यप्रदेश से उनके स्वत्व, स्वामित्व, एवं आधिपतय कि एक किता एक मजिला दुकान नंबर न्यू बी-4/35 में से केवल ग्राउड फ्लोर का दुकान पूरबी दक्षिणी भाग का दुकान बगैर छत के जो स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास, राजा वीर मंदिर रोड, बैरागढ़ शहर जिला भोपाल में स्थित है जो भोपाल नगर निगम की सीमाओं के अंदर नगर निगम वार्ड क्रमांक-03, पुराना एवं नया वार्ड क्रमांक-04 भोपाल इंदौर (मुख्य मार्ग से हटकर बैरागढ़ शहर) की निम्नलिखित सीमाओं का स्थित है- दिशा पूर्व-रोड, दिशा पश्चिम-अन्य की संपत्ति, दिशा उत्तर-अन्य की संपत्ति, दिशा दक्षिण-रोड, जिसका कुल क्षेत्रफल 9 फिट गुणित 9 फिट बराबर 81 वर्गफिट अर्थाथ 7.52 वर्गमिटर हैं, जिसको क्रय करने के आश्य से बयाना राशि का भुगतान मेरे पक्षकार द्वारा कर दिया गया है।

उक्त सवयवहार के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, नाते-रिश्तेदार, आदि किसी अन्य किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 सात दिन के अंदर मय दस्तावेज, साक्ष्य के मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, समय अवधि के पश्चात अथवा दस्तावेज / साक्ष्य के अभाव में कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी। तथा मेरे पक्षकार उक्त दुकान के विक्रय पत्र का पंजियन अपने पक्ष में करवाने के हेतु स्वतत्रत रहेगा।

भवदीय अधिवक्ता मनोहरलाल शेवानी
बी न्यू 8/96 नियर बैंक ऑफ बडौदा संत हिरदाराम नगर बैरागढ़, भोपाल। मोबाईल नम्बर- 9229698455

**स्वाधीनता दिवस पर पिछले 11 भाषणों से प्रधानमंत्री का इस बार का 12वां संबोधन कई मायनों में अलग था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका व पाकिस्तान को सीधा संदेश दिया, तो आत्मनिर्भर व विकसित भारत के लिए समग्र सुधार की रूपरेखा प्रस्तुत की। पीएम ने कहा कि भारत किसान, पशुपालक और छोटे कारोबारियों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। यह अमेरिका से जारी व्यापार वार्ता के संदर्भ में भारत का दो टूक संदेश था। ऐसे ही पाकिस्तान को संदेश दिया कि आतंकवाद और संधि साथ नहीं चल सकते। भारत खुद परमाणुशक्ति है, इसलिए पाक परमाणु शक्ति की गीदड़भभकी न दे, आतंकवाद जारी रहने तक भारत सिंधु समझौते को निलंबित ही रखेगा। अभी जिस प्रकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत पर अनुचित टैरिफ का बम फोड़ रहे हैं और पाकिस्तान से जुगलबंदी कर रहे हैं, जिसके दम पर पाक जनरल अमेरिकी धरती से भारत को परमाणु धमकी दे रहे हैं व अमेरिका चुप है, इस परिस्थिति में लालकिले से स्पष्ट संदेश देना जरूरी था। हालांकि भारतीय राष्ट्रवाद के आईने में संदेश को और प्रखर बनाया जा सकता था। देश के अंदर जीएसटी सुधार का वादा, नए आर्थिक सुधार का संकल्प और रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी हथियारों पर जोर, रोजगार सृजन की घोषणा आदि भी भाषण के अहम अंश रहे। आजकल के ताजा अंक में पेश है विश्लेषण...**

# आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का आत्मविश्वास





विश्लेषण
अवधेश कुमार
वरिष्ठ स्तंभकार

**इतिहास में किसी प्रधानमंत्री द्वारा पहला ऐसा उद्बोधन था जिसमें भारत को विश्व का एक महान आदर्श और समृद्धि राष्ट्र बनाने की दृष्टि से समय सीमा के अंदर योजनाओं, टास्क फोर्स, मिशनों की घोषणा थी तो हर क्षेत्र, उम्र, श्रेणी, पेशे, विधा, कार्य करने वालों का आह्वान भी था। नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं अपने इंजीनियरों, वैज्ञानिकों, उद्यमियों सबसे कहता हूं कि संकल्प लीजिए, आप जो करना चाहते हैं करिए, हमें बताइए कि आपके लिए क्या करना है, मैं बिल्कुल आपके लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म टास्क फोर्स गठित करने की घोषणा की जो वैश्विक परिवर्तनों के अनुसार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए समय सीमा के अंदर काम पूरा करेगा।**

'परिश्रम में जो तप है उसने ही तो इतिहास रचा है, जिसने फौलादी चट्टानों को तोड़ा है उसने ही समय को मोड़ा है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से स्वतंत्रता दिवस का अपना उद्बोधन समाप्त करते हुए ये पंक्तियां बोली। इसके बाद उन्होंने कहा कि समय को मोड़ देने का भी यही समय है, सही समय है। स्पष्ट है कि वे देशवासियों, विश्व में फैले भारतवंशियों को एक समग्र शक्तिशाली आत्मनिर्भर विकसित देश के रूप में भारत को बदलने के लिए उत्प्रेरित करना चाहते थे। हालांकि ज्यादा चर्चा घुसपैठ को समाप्त कर बदलती डेमोग्राफी को रोकने के लिए उच्च शक्ति प्राप्त डेमोग्राफी मिशन की घोषणा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर दी गई शुभकामना की हुई। यह सच्चाई है कि कठिनाई से प्राप्त हमारी स्वतंत्रता को सीधे धक्का पहुंचाने वाले योजनापूर्वक हो रहे घुसपैठ को समाप्त करना अपरिहार्य है।

पहली बार एक राष्ट्र स्तरीय शक्तिशाली इकाई यह भूमिका निभायेगी। संघ के शताब्दी वर्ष की चर्चा उन्होंने की क्योंकि 100 वर्षों तक बिना प्रचार व स्वार्थ के लाखों स्वयंसेवकों, कार्यकर्ताओं को केवल देश के लिए जीने-मरने के लिए तैयार करना, उसी अनुरूप संगठन तथा अप्रतिम अनुशासन के साथ काम करते रहना विश्व इतिहास में अनूठा है। उन्होंने आरंभ में कहा भी कि हम विकसित भारत के लिए अपने आपको खपा देंगे, नये अवसरों का निर्माण करेंगे और निर्मित करने के बाद भी 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से आगे बढ़ते ही रहेंगे, बढ़ते ही रहेंगे, बढ़ते ही रहेंगे। इसके साथ उन्होंने क्षेत्रीय भाषाओं सहित अन्य विविधताओं को ताकत बताते हुए विरासतों को भी संरक्षित करने की सरकार के पूर्व कदमों तथा भविष्य की तैयारी का भी विवरण दिया।

## नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म टास्क फोर्स

इतिहास में किसी प्रधानमंत्री द्वारा पहला ऐसा उद्बोधन था जिसमें भारत को विश्व का एक महान आदर्श और समृद्धि राष्ट्र बनाने की दृष्टि से समय सीमा के अंदर योजनाओं, टास्क फोर्स, मिशनों की घोषणा थी तो हर क्षेत्र, उम्र, श्रेणी, पेशे, विधा, कार्य करने वालों का आह्वान भी था।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं अपने इंजीनियरों, वैज्ञानिकों, उद्यमियों सबसे कहता हूं कि संकल्प लीजिए, आप जो करना चाहते हैं करिए, हमें बताइए कि आपके लिए क्या करना है, हम बिल्कुल आपके लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म टास्क फोर्स गठित करने की घोषणा की जो वैश्विक परिवर्तनों के अनुसार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए समय सीमा के अंदर काम पूरा करेगा। उन्होंने सुधारों को परिभाषित करते हुए कहा कि यह एक निरंतर प्रक्रिया है तथा सही सुधार हो गए तो नियमों और अर्हताओं के पालन की व्यवस्थाएं कम हो जाएंगी और विकास को ताकत मिलती है। यानी कुल मिलाकर उन्होंने भारत और विश्व समुदाय को सीधा संदेश दिया कि पूर्व की योजनाओं से भारत सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, तकनीकी, वैज्ञानिक, रक्षा - सुरक्षा जैसे हर क्षेत्र में मुकाम पर पहुंचा है, वैसे ही भविष्य में उत्पन्न होने वाली चुनौतियों, अवरोधों और संभावनाओं का आकलन तथा उसके अनुरूप व्यवहारिक कार्ययोजनाएं हैं।

## अब तक के भाषणों में निरंतरता रही

प्रधानमंत्री बनने के बाद 2014 के अपने पहले स्वतंत्रता दिवस भाषण से लेकर इस वर्ष के 12वें भाषणों तक निरंतरता रही है। स्वतंत्रता दिवस पर आजादी के संघर्ष और उसके उपरांत भारत के निर्माण में योगदान देने वाले महापुरुषों को याद कर आम भारतीय को राष्ट्र की दृष्टि से सोचने व काम करने को प्रेरित करना, सामूहिक सामर्थ्य के प्रति विश्वास जागृत करना तथा भविष्य की योजनाओं की ओर आकर्षित कर संपूर्ण देश को राष्ट्र निर्माण की दृष्टि से खड़ा करना रहा है।

इस बार लगभग 1 घंटे 40 मिनट के अब तक के सबसे लंबे उद्बोधन में जितना व्यापक स्तर पर देश को विश्व का समृद्धतम, शक्तिशाली, शिक्षित, सुसंस्कृत तथा वैश्विक कल्याण की दृष्टि से भूमिका निभाने वाले राष्ट्र के रूप में समय सीमा में खड़ा कर देने की जैसी कार्ययोजनाएं थी, वैसा पहले नहीं देखा गया। मुझे एक व्यक्ति नहीं मिला जिसने कहा हो कि लंबे भाषण के कारण मैं उब गया था। प्रधानमंत्री का हाव-भाव, बोलने का तरीका, विषय-वस्तु ऐसे थे कि आगे क्या बोलेंगे, इसकी प्रतीक्षा रहती थी।

भले भाजपा, संघ, प्रधानमंत्री मोदी आदि से विरोध और घृणा के कारण कोई कुछ कहे, अंदर यही भाव होगा कि इतनी गहराई से सोचने, योजना बनाने, उस पर काम करने की व्यावहारिक दृष्टि रखने वाला प्रधानमंत्री लाल किले पर खड़ा था। 3 करोड़ लक्ष्य में 2 करोड़ लखपति दीदी तैयार होने, महिलाओं में उद्यमिता बढ़ाने के कारण ड्रोन दीदी की संख्या बढ़ाने, मुद्रा योजना के कारण समाज के वंचित, गरीब, युवक-युवतियों, महिलाओं की सफलताओं की कहानी बताने का उद्देश्य क्या हो सकता है, यह समझा जा सकता है।

## विकसित भारत रोजगार योजना

युवाओं के लिए 1 लाख करोड़ रुपये की आरंभिक राशि के साथ विकसित भारत रोजगार योजना की घोषणा महत्वपूर्ण है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा व्यापार शुल्क बढ़ाए जाने के विरुद्ध बने वातावरण में अनेक विश्लेषक कल्पना करने लगे थे कि प्रधानमंत्री उस पर कुछ बोलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेशन, उनके चरित्र को समझने वाले जानते थे कि वह ऐसा नहीं करेंगे। उन्होंने बढ़ते आर्थिक स्वार्थ वाली दुनिया बताते हुए कहा कि किसी की लकीर को छोटा करने की बजाय अपनी लकीर बड़ी करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अपने किसानों और पशुपालकों के हित के रास्ते आने वाली कठिनाइयों के सामने मैं दीवार बनकर खड़ा हूं। यानी कृषि और डेयरी का क्षेत्र विदेशी व्यापार के लिए नहीं खोला जाएगा। उन्होंने आत्मनिर्भरता और सामर्थ्य को एक-दूसरे से जोड़ा और बताया कि सामर्थ्य आत्मनिर्भरता से पैदा होती है और आत्मनिर्भरता हम सामर्थ्य से प्राप्त कर सकते हैं। तकनीक से लेकर ऊर्जा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रक्षा, आंतरिक सुरक्षा, क्रिटिकल खनिज सभी क्षेत्र के लिए आत्मनिर्भरता की रूपरेखा और योजनाएं दीं। उन्होंने आह्वान किया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हमारा अपना हो, फार्मास्युटिकल्स यानी दवा के क्षेत्र में हम ऐसे नवाचार करें कि दवाइयां विश्व के कल्याण में काम आये तथा हम रक्षा में जेट इंजन भी अपना बनाएं।

## 'मेड इन इंडिया' सेमीकंडक्टर की जानकारी

यह जानकारी भी रोमांचित करने वाली थी कि सेमीकंडक्टर में देश मिशन मोड में काम कर रहा है और शीघ्र ही मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर बाजार में आ जाएगा। अक्षय ऊर्जा की दृष्टि से सौर ऊर्जा में 30 गुना बड़े संयंत्रों के निर्माण, मिशन ग्रीन हाइड्रोजन में भारी निवेश, 10 नए न्यूक्लियर रिएक्टर पर तीव्रता से काम होने के कारण 2047 तक इसकी क्षमता 10 गुणा बढ़ाने की योजना रखी तो सुधार का बड़ा कदम उठाते हुए न्यूक्लियर ऊर्जा के लिए निजी क्षेत्र के निवेश का रास्ता खोला। समुद्र में गैस व तेल भंडार खोजने की दृष्टि से नेशनल डीप वॉटर एक्सप्लोरेशन मिशन की घोषणा हुई तो नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन भी शुरू हुआ।

अन्तरिक्ष क्षेत्र में अपने बलबूते आत्मनिर्भरता और विश्व कल्याण की तैयारी की घोषणा करते हुए कहा कि आज सुधारों के कारण 300 से ज्यादा स्टार्टअप हैं और हजारों नौजवान काम में लगे हैं। इनकी बदौलत हम अपना स्टेशन बनाने की तैयारी कर रहे हैं तो स्वदेशी गगनयान लांच होने वाला है। वास्तव में जीवन के हर क्षेत्र में आधुनिक इकोसिस्टम तैयार करने की ओर अग्रसर देश ने योजनाओं पर काम किया तो हम आत्मनिर्भर बनकर ही रहेंगे। सुरक्षा की दृष्टि से सबसे महत्वाकांक्षी घोषणा शिक्षालयों, अस्पतालों, आस्था केंद्रों जैसे नागरिक ठिकानों को संपूर्ण सुरक्षा कवच प्रदान करने वाले सुदर्शन चक्र हैं। विश्व के प्रमुख देशों को भी इस घोषणा की कल्पना नहीं रही होगी। युद्ध के नियम के विपरीत हम देख रहे हैं कि अब इस तरह के ठिकाने पर हमले आम हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी हमारे आस्था केंद्रों और ऐसे स्थानों पर हमले की कोशिश हुई लेकिन हमारे सुरक्षा कवच ने उनको ध्वस्त कर दिया।

## संपूर्ण राष्ट्रीय सुरक्षा कवच बनाने का ऐलान

आने वाले समय में कैसे युद्ध हो सकते हैं किस तरह के आक्रमण होंगे, इन सबका आकलन करते हुए 10 वर्षों यानी 2035 तक संपूर्ण राष्ट्रीय सुरक्षा कवच निर्मित कर देने का ऐलान अभूतपूर्व था। इसके लिए सुदर्शन चक्र मिशन लॉन्च हो गया । यह ऐसी शक्तिशाली हथियार प्रणाली होगी जो दुश्मन के हमले को न केवल न्यूट्रलाइज करेगा बल्कि कई गुना ज्यादा ताकत से दुश्मन को हिटबैक करेगा। इसके लिए मूलभूत सारी व्यवस्थाएं यानी 10 सालों के अंदर एक आधुनिक प्रणाली, जिसमें अनुसंधान विकास और निर्माण शामिल होंगे, खड़ी होगी।

## विश्व पर निर्भर नहीं रहेगा भारत

भारत दुनिया का ऐसा करने वाला अकेला देश होगा क्योंकि अमेरिका ने गोल्डन डोम की घोषणा की जो पूरी नहीं हुई, इजरायल ने अवश्य आयरन डोम बनाया है लेकिन इस बार युद्ध में कई जगह वह भी असफल होते हुए दिखा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आत्मनिर्भरता ने ही हमें पाकिस्तान के जवाबी हमले से बचाया, अन्यथा जिस 100 किलोमीटर तक सीमा में घुसकर आतंकवादी अड्डों और उनसे जुड़े 100 से ज्यादा लोगों को खत्म किए जाने के बाद पाकिस्तान बड़ी प्रतिशोधात्मक करवाई करने की तैयारी कर चुका था। तो कुल मिलाकर देश के अंदर और बाहर संदेश गया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत किसी देश के दबाव के विरुद्ध लड़ने की जगह स्वयं को हर दृष्टि से इतना सक्षम, सामर्थ्यवान और संवेदनशील भी बनाएगा कि उसकी किसी चीज के लिए विश्व पर निर्भरता नहीं रहेगी। 2047 तक विकसित भारत होते हुए भी यह एक संकीर्ण स्वार्थों वाला राष्ट्र नहीं होगा बल्कि मानवीयता से परिपूर्ण विश्व समुदाय के कल्याण की दृष्टि से सदा सक्रिय रहेगा।

# प्रगतिशील भारत की बुलंद तस्वीर



विवेचना
राज कुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक

लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले नरेंद्र मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर भी दो कीर्तिमान बना दिए। 12वीं बार ऐतिहासिक लाल किले से देश को संबोधित कर उन्होंने इंदिरा गांधी के 11 बार के कीर्तिमान को भंग कर दिया। बेशक सबसे ज्यादा लगातार 17 बार लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करने का कीर्तिमान अभी भी जवाहर लाल नेहरू के नाम है। मोदी ने इस बार अपना भी एक कीर्तिमान तोड़ा। पिछले साल उन्होंने लाल किले से 98 मिनट का भाषण दिया था, लेकिन इस बार वह 103 मिनट बोले। बेशक राजनीतिक गलियारों में ज्यादा शोर मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल के सफर की प्रशंसा पर ही मचेगा, पर ऑपरेशन सिंदूर और ट्रंप टैरिफ के साये में दिये अपने भाषण में उन्होंने राष्ट्रीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय तक तमाम मुद्दों को छुआ। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि आज भी आत्मनिर्भरता ही किसी भी देश के आत्मसम्मान का पैमाना है। दरअसल मोदी के इस कथन को आजाद भारत के सफर के साथ ही आंतरिक एवं बाह्य चुनौतियों के संदर्भ में भी समझने की कोशिश करनी चाहिए। नहीं भूलना चाहिए कि कभी सोने की चिड़िया माना गया भारत 1947 में मिली आजादी के समय किस हाल में था। भारत को सपेरों और बैलगाड़ियों का देश बताते हुए अंग्रेजों ने उसके स्वतंत्रता पश्चात भविष्य पर ही संदेह जताया था, पर 78 साल बाद उसकी बुलंद तस्वीर दुनिया भर के लिए एक प्रेरक मिसाल है।

## जीवट से बदली तस्वीर

जाहिर है, दर्जनों रियासतों में बिखरे और सैकड़ों साल गुलामी की जंजीरों में जकड़े रहे भारत के लिए 1947 में आजादी के बाद का सफर आसान नहीं रहा। इसलिए आज का भारत, भारतीयों के जीवट का प्रमाण भी है। विभाजन की विभीषिका के साथ मिली आजादी में विकास संबंधी तमाम चुनौतियां निहित थीं। भारत से मिली आर्थिक मदद से आकार लेने वाले पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठ से अपने नापाक मंसूबों का संकेत भी तभी दे दिया था। 1962 में चीन और फिर 1965 में पाकिस्तान से युद्ध ने नव स्वतंत्र भारत की चुनौतियां और बढ़ा दीं, लेकिन देश ने एक के बाद एक आपदाओं में ही अवसर तलाशने का जीवट दिखाया। एक समय था, जब प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को देशवासियों से सप्ताह में एक दिन उपवास की अपील करनी पड़ी, ताकि सरहद पर लड़ रहे सैनिकों को दोनों वक्त भोजन मिल सके। अमेरिका अपने नागरिकों के न खाने योग्य गेहूं ही भारत भेजता था, लेकिन हरित क्रांति ने हमें खाद्यान्न का निर्यातक बना दिया। हां, उस संकल्प को अपनी कड़ी मेहनत से साकार करने वाले अन्नदाता किसानों की दशा न सुधर पाना असहज सवाल खड़े करता है। नीति-नियंताओं को समझना होगा कि किसानों के बदहाल रहते संपूर्ण भारत की खुशहाली का सपना अधूरा ही रहेगा।

## अंतरिक्ष विज्ञान में ऊंची छलांग

आजादी के समय भारत की तस्वीर गरीब, अशिक्षित और बदहाल देश की थी। फिर भी मजबूत अर्थव्यवस्था और सैन्य शक्ति के साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान में भी ऊंची छलांग उसी भारत



की बुलंद तस्वीर पेश कर रही है। 1991 में हमारी अर्थव्यवस्था गहरे संकट में थी, सोना तक गिरवी रखना पड़ा था, लेकिन अब हम विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यस्था बनने के बाद वर्षांत तक चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर हैं। 1971 में अमेरिका द्वारा पाकिस्तान की मदद के लिए अपना जंगी जहाज भेजने की धमकी के बावजूद भारत ने न सिर्फ पृथक बांग्लादेश बनवाया, बल्कि 1974 में परमाणु परीक्षण कर अपने पराक्रम का परिचय भी दे दिया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य देशों के अलावा परमाणु क्षमता का परिचय देने वाला भारत पहला देश बना। भारत आज दुनिया के कई देशों को रक्षा उपकरण निर्यात भी करता है। अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट 19 अप्रैल, 1975 को अंतरिक्ष में भेजने वाला भारत आज कई दूसरे देशों के उपग्रह भी लांच करता है। कड़वा सच यह भी है कि रूस को अपवाद मान लें तो हमें रिश्तों में अकसर विश्वासघात ही मिला है। हमने हिंदी-चीनी, भाई-भाई का नारा दिया, पर बदले में हमें चीनी आक्रमण मिला। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी दोस्ती का पैगाम लेकर बस से लाहौर गये, पर पाकिस्तानी सेना ने कारगिल में घुसपैठ कर दी। 1991 के बाद अमेरिका से बेहतर संबंधों की कवायद में रूस से बढ़ती दूरियों की कूटनीतिक समझदारी का सही आकलन तो आने वाला समय ही करेगा, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा राष्ट्रपतिकाल भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय ही नहीं, आंतरिक चुनौतियां भी बढ़ाता दिख रहा है। 1991 के आसपास आर्थिक उदारीकरण के नाम पर वैश्विक बाजार की वकालत करते हुए डब्ल्यूटीओ आदि संस्थाओं के जरिये तमाम देशों पर अर्थव्यवस्था के खिड़की-दरवाजे खोलने के लिए दबाव बनाने वाला अमेरिका ही अब घरेलू उद्योगों के संरक्षण के नाम पर उस पूरी प्रक्रिया को उलटने पर आमादा है। बदलते वैश्विक समीकरणों में भारत अब उसी चीन की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाता दिख रहा है जिसने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की हर तरह से खुलकर मदद की थी। 1962 के युद्ध से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक चीन का चरित्र विश्वासघाती ही रहा है। विदेश नीति की सीमाएं उजागर करने वाली यह स्थिति कठिन परीक्षा की घड़ी भी है। बेशक रास्ता लंबा है, पर स्थायी हल दूरदर्शी नीतियों और आत्मनिर्भरता में ही है। प्रधानमंत्री ने भी स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण में उसी ओर इशारा किया है।

## मनभेद व चुनौतियां चिंताजनक

महज 78 साल की आजादी में भारत सरीखा विशाल आबादी वाला देश कमोवेश हर क्षेत्र में उपलब्धियों के इतने मुकाम हासिल कर पाया है तो उसका सबसे बड़ा शक्तिस्त्रोत हमारा सशक्त और जीवंत लोकतंत्र है। बढ़ती सामाजिक-आर्थिक विषमता हमसे कुछ अहसज सवाल पूछती है। हम विश्व की सबसे तेज रफ्तार से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। फिर 80 करोड़ से भी अधिक लोगों को हर महीने पांच किलो मुफ्त राशन क्यों देना पड़ रहा है? जनसंख्या नियंत्रण की चिंता छोड़ हम आबादी को संसाधन बताने लगे हैं तो बेरोजगारी सुरसा के मुंह की तरह क्यों बढ़ रही है? बेलगाम भ्रष्टाचार और महंगाई के मुद्दों पर हम अंतरराष्ट्रीय उदाहरणों की आड़ लेते क्यों नजर आते हैं? शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे संवदेनशील क्षेत्र भी मुनाफाखोर निजी क्षेत्र के हवाले क्यों हैं? देश को तमाम बीमारियों का केंद्र बनाने वाला लालच का मिलावटी कारोबार क्यों जारी है? 'वसुधैव कुटुंबकम' की सोच वाले देश में ही कुछ राज्यों में भाषा-संस्कृति के नाम पर विरोध की संकीर्ण राजनीति क्यों पनप रही है? 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल करने के लिए भी इस विभाजनकारी तथा देश हित पर दलीय हितों को प्राथमिकता देने वाली राजनीति से मुक्ति अनिवार्य शर्त है। बेशक मतभेद और असहमति लोकतंत्र के अनिवार्य तत्व हैं, लेकिन मनभेद और टकराव हमेशा उसे कमजोर ही करते हैं।

# समावेशी विकास से हासिल होगा लक्ष्य



संबोधन
रवि शंकर
वरिष्ठ पत्रकार

प्रधानमंत्री मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर 'आत्मनिर्भर भारत' को विकसित भारत के लिए आधार स्तंभ बताया। उन्होंने रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, अंतरिक्ष और विनिर्माण क्षेत्रों में भारत की प्रगति पर प्रकाश डाला। ऑपरेशन सिंदूर और स्वदेशी जेट इंजन विकास पर जोर देते हुए उन्होंने आत्मनिर्भरता को राष्ट्रीय शक्ति का आधार बताया। अपने संबोधन में उन्होंने 'विकसित भारत' के संकल्प से लेकर सीमा सुरक्षा, तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और देश के युवाओं के भविष्य तक, हर महत्वपूर्ण विषय पर सरकार का विजन और भविष्य का रोडमैप देश के सामने रखा। पीएम मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि अगले 25 साल भारत के लिए निर्णायक हैं। हमें एक पल भी नहीं गंवाना है और एक लक्ष्य लेकर चलना है- विकसित भारत। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति का जिक्र करते हुए इसे देश की बढ़ती ताकत का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया आज भारत को एक 'ब्राइट स्पॉट' के रूप में देख रही है।

बहरहाल, अगर हम आजादी के बाद से भारतीय आर्थिक विकास के कालक्रम पर नजर डालें, तो यह एक बिखरी हुई अर्थव्यवस्था से शुरू होता है, क्योंकि भारत को ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन द्वारा एक बेहद कमजोर अर्थव्यवस्था विरासत में मिली थी। लेकिन करीब आठ दशक का सफर तय करते हुए भारत ने आज वैश्विक स्तर पर एक महाशक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाई है। हमने जापान जैसे तकनीकी प्रधान और विकसित देश को भी सकल घरेलू उत्पाद के मामले में पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का गौरव हासिल किया है।

## विकासशील नीतियां, समग्र प्रयास

हमारी यह पहचान और मजबूती आजादी से लेकर अब तक की सरकारों के विकासशील नीतियों और समग्र प्रयासों से ही बन पाई हैं। इन प्रयासों ने घरेलू मांग में वृद्धि, औद्योगिक और सेवा क्षेत्र में विस्तार, मजबूत आर्थिक संरचनाओं और सतत आर्थिक सुधारों को सुनिश्चित किया। साल 1947 से भारत की आर्थिक यात्रा पर गौर करें तो एक कमजोर, बिखरी, कृषि-प्रधान, ऋणग्रस्त अर्थव्यवस्था से दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते और सबसे प्रभावशाली बाजारों में से एक बनने तक का सफर तय किया है।

## खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर

साल 1947 से 2025 तक भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि, सेवा और औद्योगिक क्षेत्रों की यात्रा बड़े परिवर्तन की गवाह रही है। स्वतंत्रता के समय 1950 में जीडीपी में कृषि का हिस्सा लगभग 51 फीसदी था, जो 2025 में घटकर 16-17 फीसदी पर आ गया। यह गिरावट कृषि उत्पादन में कमी के कारण नहीं, बल्कि सेवा और उद्योग के तेजी से बढ़ने के कारण हुई है। हरित क्रांति (1960-70) ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता दिलाई, लेकिन रोजगार और आय में वृद्धि सीमित रही। औद्योगिक क्षेत्र का योगदान 1950 के 13 फीसदी



से बढ़कर 2025 में लगभग 25-26 फीसदी हो गया। इसमें विनिर्माण, ऑटोमोबाइल, स्टील और फार्मास्युटिकल जैसे क्षेत्रों ने अहम भूमिका निभाई। सेवा क्षेत्र ने सबसे तेज वृद्धि दर्ज की 1950 में 30 फीसदी हिस्सेदारी से बढ़कर 2025 में 55-57 फीसदी तक, विशेषकर आईटी, वित्त, दूरसंचार, पर्यटन और स्वास्थ्य सेवाओं के चलते। साल 1991 के आर्थिक उदारीकरण, विदेशी निवेश और डिजिटल क्रांति ने सेवा और उद्योग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। आज भारत कृषि उत्पादन में विश्व के शीर्ष देशों में है। औद्योगिक उत्पादन विविध और वैश्विक स्तर का हो चुका है और सेवा क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बनकर देश की आर्थिक रीढ़ का काम कर रहा है। उदारीकरण के दौर के बाद भारत तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा है। आर्थिक, सैन्य एवं अंतरिक्ष क्षेत्र में इसने सफलता की बड़ी छलांग लगाई है। चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ी है। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है। सैन्य क्षेत्र में भारत एक महाशक्ति बनकर उभरा है। परमाणु हथियारों से संपन्न भारत के पास दुनिया की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना है। मिसाइल तकनीकी में दुनिया भारत का लोहा मान रही है। अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत ने नए-नए कीर्तमान गढ़े हैं। आईटी सेक्टर में देश अग्रणी बना हुआ है। इन उपलब्धियों ने देश को सुपरपावर बनने के दरवाजे पर लाकर खड़ा कर दिया है। फिर भी पांच ट्रिलियन इकोनॉमी वाले देश से भारत अब भी बहुत पीछे हैं। जबकि 2018 में भारत सरकार ने संकल्प लिया था कि 2025 तक वह पांच ट्रिलियन इकोनॉमी वाला देश बन जाएगा। हालांकि बीच में दो साल की महामारी ने भी बाधा डाली, लेकिन फिर भी पांच ट्रिलियन इकोनॉमी बनने का लंबे समय से इंतजार कर रहे लोग यह देखकर निराश हैं कि समय सीमा पूरी हो जाने के बाद भी यह लक्ष्य दूर है।

बहरहाल, एक महत्वाकांक्षी आर्थिक महाशक्ति के रूप में भारत अब एक दोराहे पर खड़ा है, जहां एक तरफ सवाल है कि क्या भारत को ऐसे आर्थिक मॉडल का अनुशरण करना चाहिए जो आर्थिक विकास का लाभ सभी वर्गों, क्षेत्रों और समुदायों तक पहुंचाने पर बल देता हो, जिसमें रोजगार सृजन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा और सामाजिक न्याय शामिल हैं। या दूसरी तरफ क्षेत्र विशेष आधारित विभाजित भविष्य का जोखिम उठाए जो भारत को एक विश्व पटल पर विशेषज्ञता की पहचान तो दिलाएगा साथ ही आय में असमानता, सामाजिक असंतोष और क्षेत्रीय असंतुलन भी पैदा कर सकता है। इससे आर्थिक और सामाजिक स्थिरता पर नकारात्मक असर पड़ेगा और भारत की वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की क्षमता कमजोर होगी। अगर हमें वाकई वैश्विक परिदृश्य में महाशक्ति के रूप में स्वयं को स्थापित करना है तो हमे आर्थिक प्रगति के संतुलित और समावेशित ढांचे को अपनाना और निष्पादित करना होगा ताकि इससे हमारी अर्थव्यवस्था आतंरिक और बाह्य रूप से मजबूत हो सके। भारत ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का जो सपना देखा है उसका साकार होना इसी संतुलित सतत और समावेशी विकास क्रम पर निर्भर करेगा। यह ठीक है कि करीब आठ दशक की इस विकास यात्रा में कई नए कीर्तिमान बने हैं। आज भारत की पहचान एक सशक्त राष्ट्र के रूप में है। यह अनायास नहीं है।

## परिपक्व देश के रूप में पहचान

दुनिया आज भारत की तरफ देख रही है। बीते 79 सालों में अपनी अंदरूनी समस्याओं, चुनौतियों के बीच देश ने ऐसा कुछ जरूर हासिल किया है, जिसकी तरफ दुनिया आकर्षित हो रही है। जाहिर है कि आज भारत के पास दुनिया को देने के लिए बहुत कुछ है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के रूप में भारत ने परिपक्व देश के रूप में अपनी पहचान बनाई है। यह भारत की जीत है।



# मंडीदीप में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर्व की धूम, निकला चल समारोह, मनमोहक झांकियों ने लुभाया मन

देर रात तक होते रहे धार्मिक आयोजन, 12 बजे स्नान, श्रृंगार कर की आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम के साथ मनाई गई। शनिवार को नगर के सबसे प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन हुआ। इसके साथ ही नगर में भव्य चल समारोह भी निकाला गया, जिसमें मनमोहक झांकियों ने सब का मन माहलिया। यह चल समारोह श्री हिन्दू उत्सव समिति व श्री राधेकृष्ण मंदिर समिति द्वारा निकाला गया।

शनिवार दोपहर 12 बजे मुख्य बाजार स्थित श्री राधेकष्ण मंदिर से चल समारोह प्रारंभ होकर स्टेशन रोड, नेशनल हाइवे रोड, पटेल नगर, मुख्य बाजार होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचा। जहां कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। रात्रि 12 बजे भगवान का जन्म होने पर स्नान, श्रृंगार कर भोग लगया, फिर भव्य आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इधर, यादव समाज की ओर से भी आकर्षक झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा राहुल नगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर से प्रारंभ गई। शाभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। श्रीकृष्ण के रथ में छोटे बच्चे बाल गोपाल का रूप धारण कर बैठे थे। साथ ही दो ऊंट पर सवार युवा धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे। साथ ही डीजे और बैंडबाजों की थाप पर श्रद्धालु थिरक रहे थे। आयोजन समिति के अध्यक्ष गंभीर यादव ने बताया कि शोभायात्रा पटेल नगर, गणेश चौक, राधाकृष्ण चौक औद्योगिक क्षेत्र से होते हुए वार्ड 15 सतलापुर स्थित खेड़ापति माता मंदिर पहुंची। इससे बाद बाकें बिहारी की पूजा अर्चना की गई।





## खबर संक्षेप



### रानी अवंतीबाई की 194वीं जयती मनाई

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में लोधा लोधी समाज की आराध्य व वीरांगना अवंतीबाई की 194वीं जयतीं धूमधाम से मनाई गई। समाज के नगर अध्यक्ष अशोक लौंवशी ने बताया कि वार्ड 11 के लायंस पार्क में अतिथियों द्वारा वीरांगना अवंतीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित की। अतिथियों ने कहा कि 1857 की क्रांति को नई दिशा देने वाली अमर बलिदानी वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का जीवन साहस, त्याग और मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अदम्य संघर्ष का प्रतीक है। उनका आदर्श हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।

### 500 से अधिक प्रतिभाएं आज होंगी सम्मानित

**संतनगर।** भारतीय सिंधु सभा एवं सिंधी मेला समिति द्वारा रविवार 17 अगस्त को भोपाल के रविंद्र भवन में साय 4 बजे प्रांतीय प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया है। इस समारोह में सिंधी समाज के छात्र-छात्राओं, प्रदेश स्तर पर शिक्षा, साहित्य, कला, खेल इत्यादि क्षेत्रों में सिंधी समाज का नाम रोशन करने वाली मध्यप्रदेश की 500 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

### श्री हिंदू उत्सव समिति गठित करने बैठक आज

**औबेदुल्लागंज।** अर्जुन नगर के



वरिष्ठ नेता अनिल प्रजापति ने बताया कि अर्जुन नगर में सभी धार्मिक त्यौहार को शांति, सद्भाव और एकजुट होकर मनाने के लिए रविवार को श्री हिंदू उत्सव समिति गठित करने वरिष्ठ जनों की बैठक बुलाई।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 7038 | | |
| दिनः | 250 | 72 | 390 |
| रातः | 269 | 77 | 458 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 467 | 78 | 279 |
| रातः | 236 | 10 | 127 |

## सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की पहचान करने में जुटी पुलिस

# बिलखिरिया में घर लौट रहे बीटेक थर्ड ईयर के छात्र की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया इलाके में गुरुवार रात अज्ञात बदमाशों ने बीटेक कर रहे एक छात्र को चाकू मार दिया। शुक्रवार की सुबह घायल युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी चेक कर रही है। पुलिस का कहना है कि अभी आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा है।

**अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज**

पुलिस के मुताबिक 22 वर्षीय नीतेश चंद्रवंशी मूलरूप से छिंदवाड़ा का रहने वाला था। वह तीन सालों से कोकता इलाके में अपने दोस्त प्रशांत के साथ किराए के मकान में रहकर प्राइवेट कॉलेज में बी टेक थर्ड ईयर की पढ़ाई कर रहा था। इसके अलावा वह एक वायर कंपनी में भी जॉब भी करता था। गुरुवार की देर रात 11:30 बजे रोज की तरह कंपनी की बस ने कोकता में उतरा और वहां से घर पैदल पदल आ रहा था। तभी उसे पीछे से किसी अज्ञात व्यक्ति ने चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद स्कूटी सवार बदमाश फरार हो गए। इस दौरान नीतेश ने फोन पर अपने दोस्त प्रशांत को बताया कि अज्ञात एक्टिवा सवार दो युवकों ने उसे पीछे से चाकू मारा और फरार हो गए। उनसे उसका कोई विवाद नहीं था। वह घायल पड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर दोस्त प्रशांत पहुंचा और उसे नजदीकी अस्पताल ले गया। शुक्रवार की सुबह उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। टीआई उमेश चौहान का कहना है कि मृतक के पीठ और कमर पर धारदार हथियार के निशान थे। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी चेक किए जा रहे है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



### नोटबुक में लिखा सॉरी मम्मी-पापा, मेरे से नहीं हो पा रहा, फिर बीटेक के छात्र ने लगा ली फांसी

पिपलानी इलाके में एक बीटेक छात्र ने फांसी लगा ली। पुलिस को घटनास्थल से उसकी एक नोट बुक मिली है, जिसमें उसने लिखा सॉरी मम्मी-पापा मुझसे नहीं हो पा रहा। पुलिस ने नोटबुक को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 19 वर्षीय प्रवीण भादे पिता गुड्डू भादे मूल रूप से मुलताई का रहने वाला था। यहां वह बाल विहार आनंद नगर में रहकर बंसल कॉलेज से बीटेक सेंकेड इयर का छात्र था। शुक्रवार की रात 10 बजे उसका रूममेट कृष्ण कुमार कहीं से लौटा तो देखा गेट अंदर से लॉक था। खिड़की से देखा तो उसका दोस्त फंदे से लटक रहा था। उसने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जांच अधिकारी हरिकृष्ण बैरागी का कहना है कि है कि छात्र ने जो सुसाइड नोट लिखा था उसमें कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा था, लेकिन जब परिजनों से बात की तो पता चला कि वह हिंदी मीडियम स्कूल से पढ़ा था। यहां उसे बीटेक करते समय इंग्लिस मीडियम में कोर्स होने से दिक्कत आ रही थी। इस कारण वह डिप्रेशन में रहता था। इसका जिक्र भी परिजनों से किया था।

### व्यापारी के बेटे ने अस्पताल की छत से कूदकर की आत्महत्या

इधर, पिपलानी इलाके में ही कपड़ा व्यापारी के बेटे ने छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस के मुताबिक अक्षत मित्तल पिता अजय कुमार मित्तल निवासी दाता कॉलोनी मानसिक रूप से कमजोर था। उसका इलाज करीब 15 वर्षों से चल रहा था। गुरुवार रात 10 बजे उसे अचानक मनोरोग का दौरान आया तो परिजनों ने पिपलानी स्थित बालाजी अस्पताल में भर्ती कराया। शुक्रवार सुबह 7 बजे वह अपने बेड से उठा और छत से जाकर तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी।

## तिरंगे परिधान पहनकर, हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर निकले प्रतिभागी

# साइकिलों, मोटरसाइकिलों और विंटेज कार की निकाली भव्य रैली, लोगों में देश भक्ति जागृत करने दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

उपनगर बैरागढ़ में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एक और स्कूली बच्चों ने प्रभातफेरी निकाल कर राष्ट्र के प्रति भावना जागृत की, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति के तराने गूंजे। भारत की आज़ादी की उमंग तब और ऊंची हो गई, जब यहां भव्य 'व्हील्स ऑफ़ फ्रीडम' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भोपाल युद्ध संग्रहालय, योद्धास्थल में आयोजित व्हील्स ऑफ फ्रीडम के तहत साइकिलों, मोटरसाइकिलों और विंटेज वाहनों की रैली निकाली। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण समारोह से हुई।



प्रतिभागियों ने तिरंगे परिधान पहनकर, हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए शहर की तय मार्गों से गुज़रते हुए लोगों को प्रेरित किया और एकता, स्वास्थ्य तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश फैलाया। कार्यक्रम में मेजर जनरल एसके श्रीवास्तव, वीएसएम, चीफ ऑफ स्टाफ, मुख्यालय सुदर्शन कोर विशेष रूप से मौजूद थे।

### ध्वजारोहण कर ली सलामी

उप नगर के रेलवे चौराहे पर स्थित पत्रकार चौक पर प्रेस क्लब द्वारा राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष सतीश बतरा ने संबोधित किया। आभार वरिष्ठ पत्रकार महेश दादलानी ने व्यक्त किया। राष्ट्रध्वज को सलामी देने वालों में वरिष्ठ पत्रकार दिलीप मंगतानी, हीरो लालवानी, जितेश मेहरा, हरीश मेघानी, कमलेश वरलानी, विकास गिदवानी, दिनेश रायचंदानी पार्षद राजेश हिंगोरानी अशोक मारण, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी, राम बंसल, राहुल राजपूत, मनीष बागवानी, किशन अच्छानी, भागवत विश्वकर्मा, महेश खटवानी, कांग्रेस नेता घनश्याम लालवानी, जगदीश सांवले, महेश गुरबानी, आत्माराम सूर्यवंशी, नरेश लोधी, ओम प्रकाश गौर आदि शामिल थे।



## हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ पूरे उत्साह, हर्षोल्लास और गरिमामय ढंग से आयोजित किया गया। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पवार ने इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित किया गया।

इस दौरान भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा, सांची विधायक प्रभुराम चौधरी, कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डे भी उपस्थित थे। इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले गौहरगंज तहसील के अनुभाग अधिकारी एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, तहसीलदार हेमंत शर्मा, नायब तहसीलदार नीलेश सरवाटे को स्वतंत्रता दिवस के समारोह में प्रशस्ति पत्र उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रदान किया गया।

इस दौरान 77 शासकीय सेवकों सहित नागरिकों, सामाजिक प्रतिनिधियों का भी सम्मान प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिन्ह व मैडल भेंट किया गया।

# औबेदुल्लागंज में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस, बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

### नगर परिषद में लक्ष्मी चौकसे ने फहराया तिरंगा

**औबेदुल्लागंज।** स्वतंत्रता दिवस पर नगर परिषद औबेदुल्लागंज में ध्वजारोहण समारोह आयोजित हुआ। नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे ने झंडावंदन किया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरण रंहगडाले, नपा उपाध्यक्ष नमिता बागीश अग्रवाल, पार्षद भारती सेठी, राजेश खटीक, सुजीत यादव, शंकर लाल इरपाचे, सरोज नागर, राजेंद्र गुड्डू साहू, सना आमीर ममनून, सुनील सेरिया, हेमलता मनोज चौरसिया, दीपू परमार आदि मौजूद रहे।



### जनपद पंचायत में हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज में स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ जनपद अध्यक्ष प्रीति चौकसे, सदस्यों, सीईओ निखिलेश कटारे, अधिकारियों और कर्मचारियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर जिला जनपद सदस्यों की अध्यक्ष सुलेखा रामपाल सिंह चौहान, अनूप भल्लवी, जनपद सदस्य आदि उपस्थित रहे।




### मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल में किया झंडा वंदन

मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल में 15 अगस्त के उपलक्ष्य में पार्षद सुनील शेरिया ने ध्वजारोहण किया गया। स्कूल के चेयरमैन फूल सिंह राजपूत ने संबोधित करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान स्कूली बच्चों ने आजादी से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रिंसिपल विशाखा शर्मा, उप प्राचार्य एमके मिश्रा के साथ स्कूल का स्टाफ एवं बच्चे उपस्थिति रहे।



### चाणक्य स्कूल में ध्वजारोहण, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

स्वतंत्रता दिवस पर चाणक्य स्कूल में ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद राजेश खटीक ने अपने उद्बोधन में आजादी के आंदोलनों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को जिस भी फील्ड में रहें, अपने माता पिता, गुरुओं, स्कूल एवं देश, प्रदेश, नगर का नाम रोशन करने को प्रेरित किया। शाला संस्थापक एवं शाला प्राचार्य ने स्वतंत्रता दिवस के पर सभी छात्र-छात्राओं को बधाइयां देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके बाद मिष्ठान्न वितरण किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। कार्यक्रम में हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद राजेश खटीक, संस्था संचालक सीएस सिंह, प्राचार्य भूपेंदर कौर, शाला में पदस्थ स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया।



## चेचक के प्रकोप से बचने पूजा करने की परंपरा

# सिंधी समाज ने थदड़ी माता की पूजा कर चढ़ाए पकवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सिंधी समाज द्वारा थदड़ी का त्यौहार हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। यह त्यौहार हमारे बुजुर्ग जिस तरह से मनाते थे आज भी उसी तरह से मनाया जा रहा है। एक दिन पहले मीठी कोकी बनाई जाती है, उसके साथ ही कोकी चोपे पकवान बनाए जाते हैं। सुखी तली सब्जी और बेसन की नमकीन रोटियां भी बनाकर रखी जाती है।

सुबह उठ कर मंदिर कोकी माखन और पूजा की अखड़ी तिकडी ले जाकर मंदिर जाते हैं, वहां पूजा करके बाद में कन्या को भोजन देकर फिर सभी खाते हैं। ऐसा माना जाता है कि चेचक के प्रकोप से बचने के लिए यह त्यौहार मनाए जाने की परंपरा बरसों पूर्व से चली आ रही है। इसी तारतम्य में सिंधी महिला पंचायत की अध्यक्ष किरन वाधवानी की उपस्थिति में कैलाश शर्मा पण्डित के घर सिंधी समुदाय की महिलाओं ने पूजा अर्चना की और अपने परिवार सहित बच्चों की लंबी आयु की कामना की। प्रसाद का वितरण भी किया गया।






### व्यापार महासंघ ने किया ध्वजारोहण

**औबेदुल्लागंज।** स्वतंत्रता दिवस पर शुक्रवार को व्यापार महासंघ ने मुख्य चौराहे पर ध्वजारोहण कर मिठाई बांटी। इस अवसर पर व्यापार संघ अध्यक्ष जगदीश चांदनी, सचिव प्रदीप अरोरा, आशीष दीक्षित, कैलाश डब्बू नागर, सुरजीत सिंह बिल्ले, नीरज चावला, विक्रम धाड़ी, राहुल महेश्वरी, रतन मेघानी, राजू भाई पटेल, बल्लु अरोरा, दिनेश सेन, अशोक जायसवाल, दिलीप मित्तल, रवि कमल, विवेक मित्तल, अमित राय, राजमल नागर, सोनू वासवानी आदि मौजूद रहे।



**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 13 स्थित पुरानी कन्या शाला में पार्षद हेमलता चौरसिया एवं महिला मंडल की प्रमुख मानसी मित्तल सहित अन्य महिलाओं ने झंडा वंदन दिया।



**औबेदुल्लागंज।** महानगरी बस सेवा समिति अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह थानेदार ने ध्वजारोहण कर मिठाई वितरण की। साथ ही सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाइयां दी।



**औबेदुल्लागंज।** स्वतंत्रता दिवस पर शुक्रवार को एनसीसी के छात्रों एवं स्कूली छात्रों ने नगर में स्वतंत्रता दिवस पर रैली निकाल कर राष्ट्रीय गीत गाए।

# युद्ध और आक्रमण की भयावह और क्रूर वास्तविकताओं को उजागर करता नाटक

## एलबीटी में आरएनटीयू के विद्यार्थियों ने किया 'जमीं लाल थी आसमां काला' नाटक का मंचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



टैगोर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के एमए ड्रामाटिक्स के फाइनल ईयर के विद्यार्थियों की अंतिम नाट्य प्रस्तुति 'जमीं लाल थी, आसमां काला' का मंचन शनिवार की शाम रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप सभागार में मंचित किया गया। नाटक का निर्देशन मैसनाम जॉय का रहा और लेखक थे मोहन जोशी। वहीं नाटक में प्रकाश व्यवस्था अनूप जोशी बंटी द्वारा की गई। सेट डिजाइन मणिमाला का था। नाटक की सबसे खास चीज रही कि इसका स्टेज मध्य में रखा गया, जिससे तीनों ओर दर्शक इस मनभावन प्रस्तुति को देख पाए। नाटक में युद्ध और आक्रमण की भयावह और क्रूर वास्तविकताओं को कविता के माध्यम से उजागर किया कि कैसे युद्ध का दर्द केवल सैनिकों व सैनिकों के परिवारजन तक ही सीमित नहीं होता, बल्कि आम जनता भी कहीं न कहीं युद्ध की इसी विभीषिका का शिकार बनती है, इसलिए इस नाट्य प्रस्तुति से निर्देशक ने यह संदेश देने की कोशिश की युद्ध कभी भी किसी समस्या का वास्तविक हल नहीं होता।



### आनंद विहार कॉलेज में आयोजन



## ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर स्वतंत्रता दिवस सेलिब्रेशन

**भोपाल।** आनंद विहार कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। जहां एक ओर छात्राओं ने ऑपरेशन सिंदूर की छटा को अपनी नृत्य प्रस्तुति में पेश किय। वहीं दूसरी ओर सैनिक वेशभूषा में सुसज्जित छात्राओं ने यह विश्वास दिलाया कि भारत का भविष्य कोमल हाथों तथा सुदृढ इच्छाशक्ति वाली छात्राओं के हाथों में है। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने अनेकता में एकता और मिले सुर मेरा तुम्हारा पर भी मनभावन प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बंटौरी। इन प्रस्तुतियों में सभी प्रांतों की सांस्कृतिक विरासत को एक साथ प्रस्तुत किया।

### स्वतंत्रता दिवस की पावन बेला पर रवींद्र भवन में 'आजादी का महापर्व' कार्यक्रम आयोजित

# एक से बढ़कर एक हिंदी फिल्मी व राष्ट्र भक्ति गीतों की प्रस्तुतियों ने खूब बटोरी दर्शकों की तालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वतंत्रता दिवस की पावन बेला में रिमझिम फुहारों से सजे मौसम में जब ए मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी..., की प्रस्तुति दी, तो एकपल के लिए दर्शकों से खचाखच भरा हाल शांत हो गया, मानों युद्ध के वो पल याद आ गए हों, जब हमारे वीर सैनिक सरहद पर देश की सलामती के लिए डटे रहते हैं। इसके बाद ए मेरे प्यारे वतन तुझ पर दिल कुर्बान..., ऐ वतन वतन...जैसे देशभक्ति गीतों ने स्वतंत्रता दिवस की इस शाम को ओर भी सुहाना बना दिया, जब जाने माने पार्श्व गायक सुरेश वाड़कर ने अपनी प्रस्तुति दी। मौका था शुक्रवार को स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा रवींद्र भवन में आजादी का महापर्व कार्यक्रम का, जिसमें एक से बढ़कर एक हिंदी फिल्मी और राष्ट्र भक्ति गीतों की प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। समारोह में बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रही, जिससे कई लोगों ने खड़े होकर ही कार्यक्रम का आनंद लिया।

### देशभक्ति रंग में रंगे रवींद्र भवन सभागार में क्षमता से ज्यादा पहुंचे दर्शक, कइयों ने खड़े होकर ही लिया कार्यक्रम का आनंद



**लगी आज सावन की फिर वो झड़ी है...**

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए वाड़कर ने मैं हूं प्रेम रोगी..., लगी आज सावन की फिर यह झड़ी है..., छोड़ आए हम ये गलियां..., ऐ जिंदगी गले लगा ले...., चप्पा चप्पा चरखा चले... जैसे गीतों का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में पद्मा वाड़कर द्वारा वंदे मातरम गीत गाकर कार्यक्रम का रंगारंग समापन किया।



### सम्मान कार्यक्रम एवं पुस्तक का किया विमोचन

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा शहीद चंद्रशेखर आजाद राष्ट्रीय सम्मान से महेश शर्मा, गिरीश प्रभुणे एवं विवेकानंद केंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ कल्चर गुवाहाटी की मीरा कुलकर्णी को सम्मानित किया गया। वीरांगना लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय सम्मान से प्रोफेसर शशि प्रभा कुमार, महर्षि वेदव्यास राष्ट्रीय सम्मान से प्रफुल्ल केतकर को सम्मानित किया, साथ ही स्वराज संस्थान संचालनालय एवं धर्मपाल शोधपीठ द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का लोकार्पण भी किया गया।

## म्यूजिक कहीं न कहीं 'मां' से जुड़ा है फिर वो नवजात का 'रुदन' हो या मां की 'लोरी' हर जगह म्यूजिक है

*रविंद्र भवन में प्रस्तुति देने आए प्रसिद्ध पार्श्व गायक सुरेश वाडकर ने कहा*



हरिभूमि चर्चा

**भोपाल।** म्यूजिक की शुरुआत तो 'म' शब्द से हुई है, जो कहीं न कहीं मां से जुड़ा है। दुनिया में कदम रखने वाले नवजात के रुदन में भी म्यूजिक है और मां की लोरी में भी, आज जब भारत मां के स्वाभिमान की बात होती है तो देश का सैनिक और हर एक बच्चा अपना सर्वस्व न्यौछावर करने को तत्पर रहता है। मैं तो हमारे देश की तीनों सैनाओं को बारंबर प्रणाम करता हूं। यदि वह न होते तो आज हम इतने इत्मीनान और सुकून से जीवन न जी पाते, अपना कार्य न कर पाते। यह कहना है प्रसिद्ध पार्श्व गायक सुरेश वाडकर का, जो स्वतंत्रता दिवस की पावन बेला पर रविंद्र भवन सभागार में प्रस्तुति देने आए।

### लता रूपी सरस्वती अपने मंदिर में जाकर बैठ गई हैं...

वहीं लता मंगेश्कर के साथ अपने बिताए हुए लम्हों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि लता दीदी को मैं सरस्वती मां मानता हूं और अब ऐसा कहूंगा कि लता रूपी सरस्वती अपने मंदिर में जाकर बैठ गई हैं और वहीं से हम सबको देख रही हैं, मैं उनके चरणों में दंडवत प्रणाम करता हूं।

### अब फिल्मों में आइटम नंबर्स के साथ-साथ डांसिंग सॉन्ग ज्यादा

उन्होंने कहा कि पहले जहां फिल्मों में रोमांटिक गाने होते थे, उन गानों का कोई अर्थ होता था, जो दिल के काफी करीब भी होते थे वहीं अब सिच्युएशनल गानों की संख्या बढ़ गई है, इसके साथ-साथ आइटम नंबर्स भी ज्यादा होने लगे हैं। डांसिंग सॉन्ग ज्यादा होने लगे हैं और गानों में पुराने जमाने की साफ्टनेस कहीं खो सी गई है। अब तो ए आई ने ऐसा कमाल कर दिया है डायरेक्टर एक बंद कमरे में बैठकर ही ए आई तकनीकि से स्विजरलैंड जा सकता है।



## कश्मीर से कन्याकुमारी तक की झलक दिखाती बेगम्स की पोशाक

*बेगम्स ऑफ भोपाल ने पेश किया देश की एकता और अखंडता का अद्भुत उदाहरण*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर बेगम्स ऑफ भोपाल ग्रुप की करीब 45 महिलाओं ने अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपनी पोशाक में कश्मीर से कन्याकुमारी तक की झलक दिखाई, जिसमें किसी ने कश्मीरी स्टाइल ड्रेस पहनी तो किसी ने पंजाबी पटियाला सूट में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं इनकी पोशाकों में महाराष्ट्र, असम, लखनऊ, राजस्थान, तमिलनाडु, गोवा, कर्नाटक (कूर्ग) और पश्चिम बंगाल की झलक भी साफ नजर आई। इसके साथ ही इन बेगम्स ने अनेकों रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलकियां भी प्रस्तुत दी ओर दिन को इंजॉय किया।



**सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा के लिए पुरस्कार प्राप्त करने वाली सदस्याएं**

रेशमा (कर्नाटक), नजमा (पश्चिम बंगाल), समीना (कश्मीर), माहेरा (तमिलनाडु) वहीं कार्यक्रम में मिस ईव का खिताब सेहबा फरहत को मिला।



### प्रभावशाली जनजागरुकता के लिए सारिका को सम्मानित

**भोपाल।** इंटीग्रेटेड पोंलिंग बूथ मेनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर के माध्यम से पंचायत उपनिर्वाचन मे प्रभावशाली जनजागरुकता के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की स्टेट आईकॉन सारिका घारू को राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव ने निर्वाचन भवन में आयोजित कार्यक्रम प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोग के सचिव अभिषेक सिंह, अवर सचिव डॉ. सुतेश शाक्य, अवर सचिव संजू कुमारी, प्रियंका त्रिपाठी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एमएलबी कॉलेज में जन्माष्टमी पर्व पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय में जन्माष्टमी पर्व पर रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अजय अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. रोली शुक्ला रहीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मटकी फोड़ प्रतियोगिता रही, जिसमें छात्राओं ने गजब का संतुलन बनाते हुए 6 फीट ऊंची मटकी फोड़ी। वहीं इसकी अगली कड़ी में नवरंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें प्रथम पुरस्कार सुहानी ठाकुर और रिशता ठाकुर को प्राप्त हुआ, तो द्वितीय पुरस्कार प्रतिमा राजपूत और दिव्या को मिला।





### आरजीपीवी में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रांगण में भारत का 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो राजीव त्रिपाठी ने कुलसचिव प्रो मोहन सेन, निदेशक यूआईटी प्रो सुधीर सिंह भदौरिया सहित प्राध्यापक, अधिकारी सहित छात्राएं एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उपस्थित छात्र - छात्राओं एवं विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कुलगुरु प्रो राजीव त्रिपाठी ने कहा कि युवा मजबूत राष्ट्र की नींव होते हैं, वे अपने ज्ञान का उपयोग समाज हित में करें यह आवश्यक है। अधिकार और कर्तव्य में कर्तव्यों के निर्वहन को प्राथमिकता दें।

## नृत्यांगनाओं ने कृष्ण लीला से दर्शकों को किया मंत्र मुग्ध

कलापद्म भरतनाट्यम नृत्य अकादमी की कृष्णलीला नृत्य नाटिका की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





रंगश्री बैले टूप में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मनभावन भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति स्व. नृत्य गुरु शंकर होम्बल, स्व. गुरु गिरिजा होम्बल एवं स्व. नृत्य गुरु प्रेमचंद होम्बल को समर्पित करते हुए रखी गई। श्री कृष्णलीला के रूप में सजी इस प्रस्तुति की संरचना एवं निर्देशन नृत्याचार्य स्व. शंकर होम्बल द्वारा किया गया। संगीत की संरचना गुरु स्व. रक्षपाल वर्मा एवं गुरु स्व. सिद्धराम स्वामी द्वारा की गई। उनकी इस प्रस्तुति को गुरु भारती होम्बल द्वारा पुनः निर्देशित किया गया। इस प्रस्तुती में अकदमी की 35 शिष्याओं ने भाग लिया। इस प्रस्तुति में नृत्यांगनाओं ने कृष्ण की रास लीला को बेहद ही मनभावन ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया। राधा और कृष्ण बनी नृत्यांगनाओं के उम्दा भाव भंगिमओं और मुद्राओं ने दर्शकों को बांधे रखा।

## विश्व संवाद केंद्र में राष्ट्र वंदना गोष्ठी आज, करेंगे रचना पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, भोपाल इकाई द्वारा राष्ट्र वंदना गोष्ठी का आयोजन रविवार दोपहर 2.30 बजे विश्व संवाद केंद्र, शिवाजीनगर में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य साहित्य के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, सांस्कृतिक चेतना और समर्पण की भावना को सशक्त बनाना है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ ओज कवि मदनमोहन समर होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि परिषद् के संरक्षक रमेश व्यास शास्त्री रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभासाप भोपाल इकाई की अध्यक्ष एवं उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी करेंगी। संचालन का दायित्व गीतकार ललित व्यास पाण्डेय निभाएंगे। इस गोष्ठी को हिंदी साहित्य के मूर्धन्य हस्ताक्षर गिरिजा कुमार माथुर की स्मृति को समर्पित किया गया है। कार्यक्रम में देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताओं और रचनाओं का पाठ किया जाएगा, जिसमें शहर और आसपास के अनेक साहित्यकार, कवि भाग लेंगे।

## रिमझिम गिरे सावन... का आयोजन आज

**भोपाल।** कायस्थम मध्यप्रदेश रविवार को श्यामला हिल स्थित स्टेट म्यूजियम में गायक स्व. मुकेश चंद्र माथुर की 49वीं पुण्यतिथि पर फिल्मी गीतों का कार्यक्रम रिमझिम गिरे सावन आयोजित करेगा। दोपहर 3.30 बजे से होने वाले कार्यक्रम में कायस्थ समाज के उभरते हुए लगभग 30 गायक बारिश, सावन एवं स्व. मुकेश और लोकप्रिय फिल्मी गीतों की प्रस्तुति देंगे। स्व. मुकेश की नजदीकी रिश्तेदार उनकी मौसी मीनाक्षी माथुर और उनके पति मुकेश प्रसाद माथुर मुख्य अतिथि, मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि तथा सेवानिवृत आईएएस कंचन जैन सक्सेना, वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव, पूर्व आईएएस रजनीश श्रीवास्तव, भजन गायक रवि खरे शाम 5 बजे कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



### आईईएचई में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव का किया आयोजन

## मेरो मन वृन्दावन है..., अरे जा रे हट नटखट... गीतों की प्रस्तुति पर खूब थिरकीं छात्राएं, दर्शकों ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में शनिवार को भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सांस्कृतिक व वैचारिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका संयोजन प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी डॉ. प्रज्ञा गुप्ता नायक एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की वरिष्ठ सदस्या डॉ. संध्या त्रिवेदी ने किया। इस अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की डॉ. संध्या त्रिवेदी ने गीता के विभिन्न श्लोकों को व्याख्यायित करते हुए श्रीकृष्ण-चरित्र की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन छात्र अक्षांश सिंह कुशवाहा ने किया। छात्रा ऋषिका ने मेरो मन वृन्दावन है.... और नतान्या ने देखो कान्हा ने ही... भजनों की कर्णप्रिय प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बंटौरी। वहीं वत्सला चौबे ने मैं राधा तेरी, मेरा श्याम.... गीत पर शास्त्रीय नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति। इसके बाद तानिया जाटव व माही उईके ने अरे जा रे हट, नटखट... गीत पर राधा-कृष्ण की लीलाओं को मनोहारी नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया।



स्वतंत्रता दिवस पर देशभर में मना जोरदार जश्न

# मुख्यमंत्रियों ने फहराया झंडा और अमर शहीदों को किया नमन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में 79वां स्वतंत्रता दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर-शहर में झंडा वंदन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। देश भर के मुख्यमंत्रियों ने ध्वजारोहण करेके परेड की सलामी ली और जनता के नाम संबोधन भी दिया। देश की आजादी में बलिदान देने वाले शहीदों को याद भी किया। उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके साथ ही कई लोककल्याणकारी कार्यक्रमों की बात भी की। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित विभिन्न मुख्यमंत्रियों ने ध्वजारोहण किया।

## योगी ने दी बधाई, आजादी का अर्थ राष्ट्रीय कर्तव्यों का पालन



इस पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने प्रदेशवासियों को हृदय से बधाई दी और स्वतंत्रता संग्राम के उन महान नायकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने देश को सैकड़ों वर्षों की गुलामी से मुक्ति दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता का यह पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति जागरूकता और संकल्प का अवसर है।



**सैनी ने शहीदों को किया नमन :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से उन शहीदों को नमन करने का दिन है, जिनके बलिदान की बदोलत हम सब खुली हवा में सांस ले रहे हैं। ऐसे मौके पर क्रांतिकारी वीरों और उन शहीदों को याद करें और साथ ही उनके परिवारों की चिंता करें। आज हर व्यक्ति में देशप्रेम की भावना मजबूत हुई हैं ।

जोगेश्वरी की टीम ने बनाया रिकॉर्ड

# मुंबई दही-हांडी स्पर्धा में 10 मंजिला ऊंचा मानव पिरामिड

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश भर में शनिवार को जन्माष्टमी का त्योहार पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर कई जगहों पर दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ है। इस बार मुंबई में जोगेश्वरी के कोकण नगर गोविंदा पथक ने दही हांडी प्रतियोगिता में एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। इस टीम ने 10 मंजिल मकान की ऊंचाई जितनी ह्यूमन पिरामिड बनाकर नया इतिहास रच दिया। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के संस्कृति दही हांडी कार्यक्रम में इस पथक ने 10 थर की मानवी पिरामिड रचकर इतिहास रच दिया।

## कार्यक्रम में थिरके गोविंदा, बांसुरी लेकर पहुंचे एक्टर



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव हो और दही-हांडी की बात न हो, ऐसा कैसे हो सकता है भला? इस त्योहार पर गोविंदाओं की टोली दही से भरी मटकियों को फोड़ती है। मुंबई में भी इसकी खूब रौनक देखी गई। एक कार्यक्रम में अभिनेता गोविंदा भी शामिल हुए। इस दौरान वे कृष्ण भक्ति में लीन दिखे। गोविंदा के अलावा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। शरद केलकर ने भी शिरकत की।

### इस्कॉन मंदिर समेत देशभर में रही धूम

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर पूरे देश में भक्ति और उत्साह का माहौल है। मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया है। इस मौके पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। नोएडा के इस्कॉन मंदिर में इस बार लाखों श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर परिसर और आसपास के इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। नोएडा पुलिस ने सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं।

## खबर संक्षेप

### उमा ने की शाहजहांपुर का नाम बदलने की मांग



**बरेली।** मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने शनिवार को बरेली के आंवला में वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने पड़ोसी जनपद के नाम पर कहा कि शाहजहांपुर अच्छा नहीं लगता। मुख्यमंत्री योगी से अनुरोध है कि इसके लिए कोई नया नाम प्रस्तावित कर दें। यह नाम गुलामी के दौर की याद दिलाने वाला है।

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी को दी श्रद्धांजलि




**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तमाम नेताओं मे उनके योगदान को याद किया। पीएम ने लिखा वाजपेयी जी को पुण्यतिथि पर सादर नमन।

### जगन्नाथ मंदिर पर चढ़ने की कोशिश, गिरफ्तार



**रांची।** झारखंड के रांची निवासी एक शख्स ने शनिवार को पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर पर चढ़ने की कोशिश की। पंचम महोत नाम का शख्स 12वीं शताब्दी के इस मंदिर के दक्षिणी हिस्से में लगभग 5 से 7 फुट ऊपर तक चढ़ चुका था। इसी दौरान जगन्नाथ मंदिर पुलिस (जेटीपी) के जवानों ने उसे देख लिया। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया।

### सड़क हादसे में रिटायर्ड आर्मी कैप्टन की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर से हिट एंड रन का दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक रिटायर्ड इंडियन आर्मी कैप्टन की कार की टक्कर लगने से मौत हो गई। वे कार के बाएं अगले पहिये के नीचे फंसकर लगभग 10 फीट तक घिसटते रहे। इस घटना में उनकी दर्दनाक मौत हो गई। इसके बाद यह हिट एंड रन की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।

### मंत्री पेरियासामी के घर पर ईडी ने की छापेमारी




**चेन्नई।** ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तमिलनाडु के मंत्री और वरिष्ठ डीएमके नेता आई पेरियासामी और उनके विधायक पुत्र आईपी सेंथिलकुमार से जुड़े परिसरों की तलाशी ली। डीएमके नेता कनिमोझी ने भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आयकर और प्रवर्तन निदेशालय जैसी केंद्रीय एजेंसियों को विपक्ष के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए हथियार बनाया है।

स्वतंत्रता दिवस समारोह पर लाल किला नहीं पहुंचे नेता प्रतिपक्ष राहुल और खरगे

# संवैधानिक मर्यादा को तार-तार करना कांग्रेस की दिनचर्या का हिस्सा, देश का किया अपमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ऐतिहासिक लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ध्वजारोहण किया, लेकिन इस बार कुछ ऐसा हुआ जो आज़ादी के बाद पहली बार देखा गया। समारोह में लोकसभा और राज्यसभा दोनों के नेता विपक्ष मौजूद नहीं थे। वहीं, अब इस बात को लेकर सियासी बहस को जन्म दे दिया है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान लाल किले पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गैरमौजूदगी और कांग्रेस ओर ओर से आयोजित समारोह में जगदीश टाइटलर की मौजूदगी की खबरों पर भाजपा हमलावर हो गई है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने इस मामले में राहुल गांधी पर निशाना साधा है। भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी ने संवैधानिक मर्यादा को तार-तार करना अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लिया है। शायद इतिहास में पहली बार विपक्ष के नेता ने स्वतंत्रता दिवस का बहिष्कार किया है।

## भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव चुघ ने कहा कि समारोह का बहिष्कार करना पद का दुरुपयोग

### टाइटलर को आमंत्रित कर घृणित सिख विरोधी मानसिकता को उजागर किया

**भाजपा ने टाइटलर का नाम लेकर राहुल को घेरा**



विपक्ष का असली चेहरा आया सामने

चुघ ने कांग्रेस दफ्तर में आयोजित समारोह में 1984 के सिख नरसंहार के मास्टरमाइंड और मुख्य आरोपी जगदीश टाइटलर की मौजूदगी पर भी राहुल गांधी को घेरा। प्रवक्ता चुघ ने कहा कि अपनी पार्टी के स्वतंत्रता दिवस समारोह में टाइटलर को सम्मानपूर्वक आमंत्रित करके राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी की असली, घृणित सिख विरोधी मानसिकता को उजागर कर दिया है।


**इस बार अपनी सीट देखने थे दोनों कांग्रेस नेता**



भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज करसवाल किया कि क्या दोनों ने यह देखा कि इस बार उनके लिए सीट कहां थी? शहजाद पूनावाला ने कहा कि विपक्ष के नेता का संवैधानिक पद है।

### चुनाव आयोग करेगा प्रेस कॉन्फ्रेंस, सामने रखेगा अहम मुद्दे

'वोट चोरी' के लगे आरोप



भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने घोषणा की है कि वह रविवार को दोपहर 3 बजे नई दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेगा। यह जानकारी आयोग के डायरेक्टर जनरल (मीडिया) द्वारा दी गई है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी महत्वपूर्ण घोषणाएं और अपडेट साझा कर सकते हैं, जो आगामी चुनावों और मतदाता सूची संशोधन से संबंधित हो सकते हैं। इसके अलावा, 'वोट चोरी' के गंभीर आरोपों से घिरा भारत निर्वाचन आयोग अब इन आरोपों पर अपनी स्थिति स्पष्ट कर सकता है। दरअसल यह प्रेस कॉन्फ्रेंस ऐसे समय में हो रही है, जब विपक्षी दलों, खास तौर पर कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी ने मतदाता सूची में कथित धांधली और 'वोट चोरी' के आरोप लगाकर आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं। माना जा रहा है कि चुनाव आयोग कांग्रेस पार्टी द्वारा लगाए जा रहे 'वोट चोरी' के आरोपों पर जवाब दे सकता है।

### 'वोट चोरी' के आरोपों का सिलसिला

2024 के लोकसभा चुनावों और उसके बाद विधानसभा चुनावों के बाद, विपक्षी दलों ने मतदाता सूची में व्यापक पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 7 अगस्त को नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नाटक के बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र का हवाला देते हुए दावा किया था कि लगभग 1,00,250 वोटों की चोरी हुई। उन्होंने मतदाता सूची में डुप्लीकेट वोटर, फर्जी पते, और एक ही पते पर सैकड़ों वोटरों के नाम होने जैसे गंभीर आरोप लगाए। राहुल ने कहा कि अगर यह धांधली न हुई होती, तो कांग्रेस कर्नाटक में 16 लोकसभा सीटें जीत सकती थी, लेकिन उसे केवल 9 सीटें मिलीं। इसके अलावा, राहुल गांधी ने महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनावों में भी मतदाता सूची में अनियमितताओं का दावा किया।

**आज से राहुल की बिहार में वोट अधिकार यात्रा**

### 16 दिन घूमेंगे, 24 जिले में यात्रा करेंगे



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 17 अगस्त से बिहार यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। कांग्रेस ने इसका नाम वोट अधिकार यात्रा दिया है। राहुल 16 दिन बिहार में रहेंगे। इस दौरान वह 24 जिले में यात्रा करेंगे। इन 24 जिलों में 118 विधानसभा आते हैं। कांग्रेस सांसद अखिलेश सिंह ने कहा कि 17 अगस्त से वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत हो रही है। 1,300 किलोमीटर की यह यात्रा बिहार के करीब 25 जिलों से गुजरेगी। इस यात्रा में इंडिया गठबंधन के सभी दल के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी इस यात्रा में शामिल होंगे।

### वोट की मजबूती के लिए यात्रा करेंगे

कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु ने कहा कि राहुल गांधी देश में वोट को मजबूत करने निकले हैं। वह भारत के संविधान, लोकतंत्र और मतदाताओं को मजबूत करने बिहार आ रहे हैं। राहुल गांधी बिहार और भारत के भविष्य को मजबूत करने के लिए वोटर अधिकार यात्रा पर निकल रहे हैं।

सांसद थरूर की सलाह, नेता कृष्ण से सीखें

# उनके लिए धर्म सर्वोपरि उनकी सोच थी 'दूरदर्शी'

कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं की सोशल मीडिया पर तकरार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद शशि थरूर इस वक्त अपनी ही पार्टी के नेताओं के निशाने पर हैं। वे पार्टी में साइड लाइन किए जाने की अपनी पीड़ा भी अक्सर साझा करते रहते हैं। अब जन्माष्टमी के मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया। दरअसल एक्स पर शेयर किए अपने वीडियो में थरूर ने गीता और श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े पहलुओं पर बात की थी। इसमें उन्होंने कृष्ण के गुणों का जिक्र करते हुए कहा कि राजनेताओं को उनसे सीखना चाहिए।

उनके पोस्ट को रीशेयर करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि क्या पीएम मोदी और अमित शाह इसका पालन करते हैं? थरूर ने श्रीकृष्ण के गुणों की तारीफ करते हुए कहा कि नेताओं को भी भगवान कृष्ण की तरह अपने से पहले जनता के कल्याण के बारे में सोचना चाहिए। थरूर ने अपनी पोस्ट में यह भी लिखा कि हम भगवान नहीं बन सकते हैं, लेकिन उनके गुणों से सीख सकते हैं। अब उनकी पोस्ट पर तंज कसते हुए दिग्गी राजा ने कहा कि गीता के जिस उपदेश को आपने शेयर किया है।

### गीता उपदेश का किया जिक्र

शशि थरूर ने अपनी पोस्ट में लिखा कि श्रीकृष्ण के लिए धर्म सर्वोपरि था। उनकी दूरदर्शी सोच और कूटनीति ही उन्हें विशिष्ट बनाती है। उन्होंने नेताओं से निजी हित के बजाय देश सेवा और समाज कल्याण के बारे में सोचने की अपील की। श्रीकृष्ण की कूटनीति का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने कूटनीतिक समाधान को प्राथमिकता दी थी। थरूर ने गीता उपदेश का जिक्र करते हुए पोस्ट में आगे कहा कि महाभारत का युद्ध रोकने के लिए उन्होंने बातचीत की कोशिश की थी। अजब कूटनीति सफल नहीं हुई, तो उन्होंने पांडवों का मार्गदर्शन किया और सैन्य नीति से युद्ध जिताने में सफल रहे।

### दिग्विजय ने पोस्ट के बहाने ली चुटकी



दिग्विजय सिंह ने इसे शेयर करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी की बधाई! दिग्विजय ने भले ही अपनी पोस्ट में तंज पीएम मोदी और शाह के लिए किया हो, लेकिन निशाने पर थरूर ही हैं। इस वीडियो के बहाने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधा है।

भाजपा संसदीय बोर्ड की आज बैठक

# उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए तय करेगा उम्मीदवार का नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं। भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने अपने उम्मीदवार के लिए चर्चा शुरू कर दी है। उम्मीदवार के नाम को अंतिम रूप देने के लिए रविवार यानी 17 अगस्त को भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक होगी। इसमें कई प्रमुख नाम सामने आए हैं, जिनमें बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का नाम प्रमुख दावेदार के रूप में शामिल है। उनके अलावा, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर और गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत शामिल हैं। वहीं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के विचारक शेषाद्रि चारी का नाम भी संभावित उम्मीदवारों की सूची में है।

'द बंगाल फाइल्स' के ट्रेलर लॉन्च पर हंगामा

# कोलकाता पुलिस ने रोका भड़के निर्देशक व अभिनेत्री

एजेंसी ▶▶ कोलकाता




विवेक रंजन अग्निहोत्री की फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' का ट्रेलर शनिवार को रिलीज हुआ। यह ट्रेलर पहले दोपहर 12 बजे रिलीज होना था पर कोलकाता पुलिस ने बीच कार्यक्रम में पहुंचकर इसे रुकवा दिया। इसके चलते हंगामा मच गया और फिल्म का ट्रेलर भी एक घंटे देरी से रिलीज हुआ। इस मामले पर विवेक अग्निहोत्री और उनकी पत्नी व एक्ट्रेस पल्लवी जोशी ने नाराजगी जताते हुए सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी आवाज को दबाया जा रहा है। अग्निहोत्री ने कहा राजनीतिक दबाव के कारण ऐसा किया गया है। उनका कहना था कि फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया तो राजनीतिक उथल-पुथल होगी। फिर हमने एक अन्य मल्टीप्लेक्स से बात की तो उन्होंने भी कहा कि माफ कीजिए सर बहुत अधिक राजनीतिक दबाव है, हम ऐसा नहीं कर सकते। इसके साथ ही फिल्म की अबिनेत्री पल्लवी बोलीं, मैं भी हार मानने वालों से नहीं हूं।

पीएम मोदी आज दिल्ली को देंगे 11,000 करोड़ की सौगात

# दो हाइवे परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण ट्रैफिक जाम से मिलेगी लोगों को निजात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को राजधानी दिल्ली में लगभग 11,000 करोड़ की दो बड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 12:30 बजे रोहिणी में होगा, जहां वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इन परियोजनाओं में दिल्ली सेक्शन का द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 शामिल है। इसका का मुख्य उद्देश्य दिल्ली और आसपास के इलाकों में ट्रैफिक जाम को कम करना, बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना और यात्रा का समय घटाना है।

## द्वारका एक्सप्रेसवे पर 5,360 करोड़ रुपए आई लागत

### मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी की सुविधा मिलेगी



द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली सेक्शन 10.1 किलोमीटर लंबा है और इसे लगभग 5,360 करोड़ की लागत से बनाया गया है। यह हिस्सा यशोभूमि, दिल्ली मेट्रो की ब्लू और ऑरेंज लाइन, आने वाले बिजवासन रेलवे स्टेशन और द्वारका क्लस्टर बस डिपो को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इसे दो पैकेज में विभाजित किया गया है। पहला पैकेज 5.9 किलोमीटर लंबा है, जो शिव मूर्ति इंटरसेक्शन से द्वारका सेक्टर-21 के रोड अंडर ब्रिज तक जाता है। दूसरा पैकेज 4.2 किलोमीटर का है, जो द्वारका सेक्टर-21 आरयूबी से दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर तक फैला है और सीधे युबेर -2 से जुड़ता है। द्वारका एक्सप्रेसवे का 19 किलोमीटर लंबा हरियाणा सेक्शन प्रधानमंत्री मोदी ने मार्च 2024 में उद्घाटित किया था। इसके साथ ही प्रधानमंत्री अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 परियोजना के अलीपुर से दिघांव कलां तक के हिस्से का भी उद्घाटन करेंगे। इसमें बहादुरगढ़ और सोनीपत तक नई सड़क लिंक शामिल हैं।

केंद्र ने वस्तु एवं सेवा कर में बड़े बदलाव के दिए संकेत

# जीएसटी में अब 5 और 18 फीसदी के होंगे स्लैब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर ढांचे में बड़े बदलाव का संकेत दिया है। बताया जा रहा है कि सरकार ने इसे 'अगली पीढ़ी का जीएसटी' नाम दिया है, जो मौजूदा 4 टैक्स स्लैब की जगह सिर्फ दो स्लैब यानि 5 और 18 फीसद में व्यवस्था को सरल बनाएगा। अधिकारियों का कहना है कि यह सुधार भविष्य में एकल जीएसटी दर (सिंगल टैक्स स्लैब) की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा। माना जा रहा है सरकार का लक्ष्य है कि 2047 तक भारत एक राष्ट्र-एक टैक्स व्यवस्था की ओर बढ़ सके।

## 2047 तक एक देश-एक टैक्स की राह आसान




**वर्तमान में 4 दरें लागू**

### 12 और 28 फीसदी स्लैब खत्म करने की अटकलें

वर्तमान में जीएसटी में 5, 12, 18 और 28 फीसदी की 5दरें लागू हैं। प्रस्तावित बदलाव के तहत 12 और 28 फीसदी स्लैब को खत्म कर केवल 5 और 18 फीसद स्लैब रखा जाएगा। लगभग 99 फीसदी वस्तुएं जो अभी 12 फीसदी टैक्स के दायरे में हैं, जैसे बटर, जूस और ड्राई फ्रूट्स, उन्हें 5 प्रतिशत पर लाने का सुझाव है। वहीं 28फीसदी टैक्स में आने वाले लगभग 90 फीसदी सामान जैसे टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन और सीमेंट को 18 फीसदी स्लैब में लाने की तैयारी है।

**खपत और उपभोग बढ़ाने की रणनीति**

अधिकारियों ने कहा कि टैक्स कम करने का मकसद लोगों की जेब में ज्यादा पैसा छोड़ना है ताकि खपत और उपभोग बढ़े। उनका मानना है कि कम टैक्स से दाम घटेंगे, जिससे मांग बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। एक अधिकारी ने कहा कि लो टैक्स का मतलब है लोगों की जेब में ज्यादा पैसा और इसका सीधा असर बाजार पर दिखेगा। सरकार का मानना है कि भले ही शुरुआत में राजस्व पर असर पड़े, लेकिन खपत बढ़ने से घाटा भर जाएगा।

### इन सुधारों पर की गई चर्चा

बताया जा रहा है कि कि इस सुधार पर 6 महीने से ज्यादा समय तक दर्जनों बैठकों में चर्चा हुई। हर वस्तु की अलग-अलग समीक्षा की गई, चाहे वह किसानों के लिए कीटनाशक हो, छात्रों के लिए पेंसिल हो या एमएसएमई के लिए कच्चा माल। इन सबको ध्यान में रखते हुए वस्तुओं को 'मेरिट गुड्स' और 'स्टैंडर्ड गुड्स' में बांटा गया है। अधिकारियों का कहना है कि यह बदलाव केवल अल्पकालिक समाधान नहीं बल्कि एक स्थायी ढांचा होगा जो टैक्स में स्थिरता लाएगा और इनपुट टैक्स क्रेडिट जैसी समस्याओं को भी दूर करेगा।

मुंबई में भारी बारिश का कहर

# यहां सब कुछ हो गया जाम लोकल ट्रैक डूबे, 2 की मौत

एजेंसी ▶▶ मुंबई



यहां शनिवार सुबह तेज बारिश के साथ दिन की शुरुआत की। लगातार बारिश से कई इलाकों में पानी भर गया है, जिससे सड़कों पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। लोगों को कम विजिबिलिटी और घुटनों तक पानी में चलकर सफर करना पड़ा। इस बीच भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार मुंबई में अगले 3-4 घंटों के दौरान रत्नागिरी, रायगढ़, मुंबई शहर, मुंबई उपनगर, ठाणे, पालघर जिलों में अलग-अलग स्थानों पर मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है। दादर और बांद्रा स्टेशनों पर रेलवे ट्रैक पानी में डूब गए। हार्बर लाइन पर तिलक नगर और कुर्ला के बीच जलभराव के कारण लोकल ट्रेनों की आवाजाही धीमी हो गई। यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

इस बीच विक्रोली (पश्चिम) के जनकल्याण सोसायटी क्षेत्र में भूस्खलन की घटना हुई, जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई और 2 लोग घायल हुए। राहत कार्य जारी है।

निसार का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा इसका 12 मीटर व्यास का ड्रमनुमा रडार एंटीना रिफ्लेक्टर है। इसे लॉन्च के बाद सिकुड़ा हुआ रखा गया था। 9 अगस्त से 13 अगस्त तक इसे 9 मीटर के बूम पर धीरे-धीरे खोला गया। फिर 15 अगस्त को छोटे विस्फोटक बोल्ट फायर किए गए, जिससे यह 'ब्लूम' प्रक्रिया शुरू हुई

## खुल गई उपग्रह निसार की छतरी

# अब धरती की निगरानी के लिए तैयार जल्द देगा 'आपदाओं' की जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नासा और इसरो के संयुक्त धरती-निगरानी उपग्रह मिशन निसार ने एक बड़ा कीर्तिमान हासिल किया है। इस मिशन का विशाल रडार एंटीना रिफ्लेक्टर अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक खुल गया है, जिसकी पुष्टि नासा जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने की है। यह मील का पत्थर है, जो इसे धरती के बदलते सतह का सटीक अध्ययन करने के लिए तैयार करता है। नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी के प्रोजेक्ट मैनेजर फिल बेरेला ने कहा कि यह नासा का अब तक का सबसे बड़ा एंटीना रिफ्लेक्टर है। इसे अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक खुलते देखना सालों की डिजाइन, टेस्टिंग और सहयोग का नतीजा है। यह एंटीना 64 किलोग्राम वजनी है। 123 कम्पोजिट स्ट्रट्स और सोने की परत वाली जाल से बना है।

सोने की परत वाले जाल से निर्मित

एंटीना 64 किलोग्राम वजनी

123 कंपोजिट स्ट्रट्स, सोने की परत वाला जाल



### 15 अगस्त को ब्लूम प्रक्रिया शुरू

निसार का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा इसका 12 मीटर व्यास का ड्रमनुमा रडार एंटीना रिफ्लेक्टर है। इसे लॉन्च के बाद सिकुड़ा हुआ रखा गया था। 9 अगस्त से 13 अगस्त तक इसे 9 मीटर के बूम पर धीरे-धीरे खोला गया। फिर 15 अगस्त को छोटे विस्फोटक बोल्ट फायर किए गए, जिससे यह 'ब्लूम' प्रक्रिया शुरू हुई। यह प्रक्रिया एक छाता खोलने जैसी है।

**निसार का उद्देश्य और फायदा**

*निसार धरती के कई पहलुओं पर नजर रखेगा। यह ग्लेशियर के हिलने और पिघलने की जानकारी देगा। भूकंप के फॉल्ट जोन और ज्वालामुखी के बदलाव मापेगा। जंगल, दलदल, वनस्पति, गीले इलाकों और पारिस्थितिकी में बदलाव दिखाएगा। प्राकृतिक आपदा जैसे बाढ़, भूस्खलन और ज्वालामुखी विस्फोट की चेतावनी देगा।*



### धरती की सतह के बदलावों को मापा जाएगा

*निसार में लगे एंटीना की मदद से धरती की सतह में होने वाले बदलावों को सेंटीमीटर तक माप सकता है, चाहे मौसम बादल भरा हो, अंधेरा हो या जंगल हों। इसमें दो रडार सिस्टम हैं। एल-बैंड रडार, जो बादलों और जंगलों को भेदकर काम करता है। एस-बैंड रडार, जो हल्की वनस्पति और बर्फ में नमी को मापता है।*

### 30 जुलाई को लॉन्च किया था

निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार) एक ऐसा उपग्रह है, जो धरती की सतह पर होने वाले बदलावों को मापने के लिए बनाया गया है। इसे 30 जुलाई 2025 को भारत के श्रीहरिकोटा से इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया गया था। यह उपग्रह धरती के ज्यादातर इलाकों को हर 12 दिन में दो बार स्कैन करेगा।

## अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की 3 घंटे मुलाकात

*यूरोपियन यूनियन बोला- यूक्रेन को मिले सुरक्षा गारंटी*

# पुतिन के तेवर गरम पर ट्रंप रहे नरम, एक मुलाकात और होगी

बैठक के बाद रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि मैं राष्ट्रपति ट्रंप से सहमत हूं, यूक्रेन की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। हम इसका स्वागत करने के लिए तैयार हैं। मैं आशा करता हूं कि हम जिस समझौते पर पहुंचे हैं, उससे हमें उस लक्ष्य के करीब पहुंचने में मदद मिलेगी और यूक्रेन में शांति का मार्ग प्रशस्त होगा

एजेंसी ▶▶ अलास्का

रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से भी ज्यादा समय से जंग जारी है। इस जंग को रुकवाने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच अलास्का के एल्मेडॉर्फ-रिचर्डसन सैन्य बेस पर बैठक हुई। बंद कमरे में हुई बैठक में ट्रंप के साथ मार्को रूबियो और विटकॉफ के साथ कुछ अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। वहीं रूसी पक्ष में पुतिन के साथ सर्गेई लावरोव और वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव और आर्थिक सलाहकार किरिल दिमित्रिएव भी मौजूद थे।

हालांकि बैठक में दोनों पक्षों में कोई अंतिम सहमति नहीं बन पाई। इस बैठक के बाद पुतिन ने अगली मुलाकात के लिए ट्रंप को रूस आने का सुझाव दिया है। पुतिन ने संकेतों में ट्रंप को रूस आने का न्यौता भी दिया। ये तब हुआ जब कहा जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बैठक के लिए अपने समकक्ष को धन्यवाद दिया।

इस दौरान पुतिन ने कहा कि 'अगली बार मॉस्को में'। इस पर ट्रंप ने भी जवाब में कहा कि मैं इसे होते हुए देख सकता हूं। इससे पहले ट्रंप ने पुतिन को अपनी पत्नी मेलानिया ट्रंप का पत्र सौंपा। इसमें यूक्रेन और रूस में बच्चों की दुर्दशा का मुद्दा उठाया गया था। उनके पत्र में युद्ध के दौरान बच्चों के अपहरण का उल्लेख था।

**खास बातें**

- ट्रंप ने पुतिन को सौंपा पत्नी मेलानिया का पत्र
- पुतिन ने ट्रंप को रूस आने का दिया न्यौता




### यूक्रेन में शांति का मार्ग प्रशस्त होगाः पुतिन

*रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन की स्थिति हमारी सुरक्षा के लिए एक बुनियादी खतरा है। साथ ही, हम इस बात से आश्वस्त हैं कि समझौते को स्थायी और दीर्घकालिक बनाने के लिए, हमें संघर्ष के सभी प्राथमिक कारणों को समाप्त करना होगा। मैं राष्ट्रपति ट्रंप से सहमत हूं, यूक्रेन की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। हम इसका स्वागत करने के लिए तैयार हैं। मैं आशा करता हूं कि हम जिस समझौते पर पहुंचे हैं, उससे हमें उस लक्ष्य के करीब पहुंचने में मदद मिलेगी और यूक्रेन में शांति का मार्ग प्रशस्त होगा। हम उम्मीद करते हैं कि कीव और यूरोपीय राजधानियां इसे सकारात्मक रूप से समझेंगी और काम में कोई बाधा नहीं डालेंगी।*

### सोमवार को वॉशिंगटन में ट्रंप से मुलाकात करेंगे जेलेंस्की

*ट्रंप ने पुतिन के साथ शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बात की। ट्रंप ने शनिवार को तड़के नाटो नेताओं से भी फोन पर लंबी बात की। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि वह अगले हफ्ते वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात कर सकते हैं। उन्होंने ट्रंप के साथ लंबी और सार्थक बातचीत की। उन्होंने सोमवार को वाशिंगटन में व्यक्तिगत रूप से मिलने के निमंत्रण के लिए ट्रंप का धन्यवाद दिया और कहा कि वे हत्या और युद्ध को समाप्त करने से संबंधित सभी विवरणों पर चर्चा करेंगे।*

**ट्रंप राष्ट्रपति होते तो युद्ध नहीं होता**

*पुतिन ने आगे कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप कहते हैं कि यदि वे उस समय राष्ट्रपति होते, तो कोई युद्ध नहीं होता, और मुझे पूरा यकीन है कि ऐसा वास्तव में होता। उन्होंने कहा कि 2022 में पिछले प्रशासन के साथ आखिरी संपर्क के दौरान, मैंने अपने पूर्व अमेरिकी सहयोगी को यह समझाने की कोशिश की थी कि जब शत्रुता की बात आती है।*

**जेलेंस्की के समर्थन में उतरा यूरोपियन यूनियन**

### सीमा में बदलाव मंजूर नहीं यह यूक्रेन का अधिकार

ट्रंप और पुतिन के बीच मुलाकात के बाद यूरोपियन यूनियन (ईयू) देशों के नेताओं ने यूक्रेन का समर्थन जारी रखने का ऐलान किया है। यह मांग की गई है कि यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी मिले। बयान में कहा गया कि यूरोपीय देश अपनी भूमिका निभाने का तैयार है। ईयू जबरदस्ती यूक्रेन की सीमा में बदलाव मंजूर नहीं करेगा। ईयू की प्रेसिडेंट वॉन डेर लेयेन, फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों, इटली की पीएम मेलोनी, जर्मनी के चांसलर मर्ज, ब्रिटेन के पीएम कीर स्टारमर, राष्ट्रपति स्टब, पीएम टस्क, राष्ट्रपति कोस्टा की ओर जारी संयुक्त बयान में यूक्रेन में हत्याओं को रोकने, रूस के आक्रामक युद्ध को समाप्त करने और न्यायपूर्ण एवं स्थायी शांति स्थापित करने के राष्ट्रपति ट्रंप के प्रयासों का स्वागत किया। बयान में कहा गया है यूक्रेन की सशस्त्र सेनाओं या तीसरे देशों के साथ उसके सहयोग पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाना चाहिए। रूस, यूरोपीय संघ और नाटो तक पहुंचने के यूक्रेन के रास्ते पर वीटो का अधिकार नहीं रख सकता है। अपने क्षेत्र पर निर्णय लेना यूक्रेन पर निर्भर होगा। अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं को बलपूर्वक नहीं बदला जाना चाहिए। यूक्रेन को हमारा समर्थन जारी रहेगा।

## किश्तवाड़ में बादल फटने से हादसा

अब तक 60 की मौत 100 से अधिक घायल

# पीड़ितों से मिले सीएम, मृतकों के परिजनों को दो लाख देने का ऐलान

एजेंसी ▶▶ जम्मू



जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ ज़िले के सुदूर गांव चशोती में शनिवार को लगातार तीसरे दिन बचाव और राहत अभियान जारी है। इस गांव में 60 लोगों की जान चली गई और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। सीएम उमर अब्दुल्ला भी आपदा प्रभावित गांव चशोती पहुंचे।

किश्तवाड़ में बादल फटने से प्रभावित इलाकों का दौरा करने के बाद जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने मुख्यमंत्री राहत कोष से अनुग्रह राशि की घोषणा की है। प्रत्येक मृतक के लिए दो लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों के लिए एक लाख रुपए, मामूली रूप से घायलों के लिए 50,000 रुपए, पूरी तरह से क्षतिग्रस्त संरचनाओं के लिए एक लाख रुपए, गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त संरचनाओं के लिए 50,000 रुपए और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त संरचनाओं के लिए 25,000 रुपए का ऐलान किया।

**तीसरे दिन बचाव और राहता अभियान जारी**

### उपराज्यपाल ने समीक्षा की

*उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने किश्तवाड़ के चाशोती क्षेत्र में बाढ़ राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रभावित लोगों के लिए तत्काल राहत और आवश्यक आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, बाढ़ में क्षतिग्रस्त घरों के पुनर्निर्माण का आश्वासन भी दिया है। जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने किश्तवाड़ के बादल फटने से प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और बताया कि, बड़ी संख्या में एम्बुलेंस तैनात की गई हैं। सीआईएसएफ, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस को बचाव कार्य में लगाया गया है। प्रभावित लोगों को मकान बनाने के लिए जमीन दी जाएगी और सरकार उनकी हरसंभव मदद करेगी। प्रशासन राहत और पुनर्वास कार्यों को पूरी तत्परता से अंजाम दे रहा है।*

### हिमाचल में दो एनएच सहित 376 सड़कें बंद, लोग फंसे

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कई भागों में लगातार जारी बारिश से दुश्वारियां बढ़ गई हैं। भूस्खलन, बाढ़ से राज्य में शनिवार सुबह 10:00 बजे तक दो नेशनल हाईवे सहित 376 सड़कें बंद रहीं। राज्य में 524 बिजली ट्रांसफार्मर व 145 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। इससे कई इलाकों में विद्युत व पेयजलआपूर्ति ठप है। मंडी जिले में सबसे अधिक 203 सड़कें, 458 बिजली ट्रांसफार्मर व 44 जल आपूर्ति योजनाएं प्रभावित हैं। शिमला में मौसम खराब बना हुआ है। शहर के विकासनगर में टीसीपी कार्यालय के पास भूस्खलन से सुबह यातायात ठप रहा। यहां गाड़ियां भी मलबे की चपेट में आईं। चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे यातायात के लिए फिर से बंद हो गया है। मंडी से पनारसा तक अनेकों स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं होने से हाईवे बंद हो गया है। नौ मील, जागर नाला, पंडोह डैम के पास कैंची मोड़, दयोड़, जोगणी माता मंदिर, दवाड़ा फ्लाईओवर, झलोगी और शनि मंदिर क्षेत्र में भूस्खलन हुआ है। कुछ स्थानों पर नालों का पानी व मलबा हाईवे पर बह रहा है। हाईवे बंद होने के कारण बड़ी संख्या में वाहन और लोग फंसे रहे।

## खबर संक्षेप

### आज भारत पहुंचेंगे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु



**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष में कदम रखने वाले भारत के दूसरे और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला रविवार को भारत आ जाएंगे। वे अमेरिका से भारत के लिए रवाना हो गए हैं। शुभांशु शुक्ला ने विमान में बैठने के बाद इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की और अपने अंतरिक्ष सहयात्रियों को याद किया। भारत पहुंचने पर वे पीएम मोदी से मिलेंगे। इसके बाद वह लखनऊ जाएंगे। इसके बाद 22-23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह में भाग लेने के लिए दिल्ली आएंगे।

### चीनी विदेश मंत्री वांग यी कल भारत आएंगे



**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी सीमा मुद्दे पर चीन और भारत के विशेष प्रतिनिधियों के बीच 24वें दौर की वार्ता के लिए सोमवार को भारत का दौरा करेंगे। चीनी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 18 से 20 अगस्त तक, सीपीसी केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य, विदेश मंत्री और चीन-भारत सीमा प्रश्न पर चीन के विशेष प्रतिनिधि वांग यी भारत का दौरा करेंगे और भारतीय पक्ष के निमंत्रण पर सीमा मुद्दे पर भारत के एनएसए प्रमुख अजित डोभाल सहित विशेष प्रतिनिधियों के साथ वार्ता करेंगे।

## भारत और कोरिया के बीच बनी सहमति

# कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाएंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और दक्षिण कोरिया ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा, जहाज निर्माण और रक्षा उद्योग जैसे उच्च प्रौद्योगिकी वाले क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और भारत यात्रा पर आए दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून के बीच शनिवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के दौरान यह सहमति बनी। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि दक्षिण कोरिया के साथ रणनीतिक साझेदारी की 10वीं वर्षगांठ पर भारत दोनों देशों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ बनाने तथा इन्हें नई ऊंचाई पर ले जाने का इच्छुक है। भारत और दक्षिण कोरिया के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी मजबूत और भविष्योन्मुखी बनी हुई है।

### एआई और रक्षा उद्योग में करेंगे सहयोग

*बैठक के दौरान नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया कि दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून से मिलकर बहुत खुशी हुई। व्यापार, विनिर्माण, समुद्री और लोगों के बीच आदान-प्रदान के साथ-साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में नए अवसरों पर हमारे द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर उपयोगी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हिंद-प्रशांत और समकालीन वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। हमारी विशेष रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने पर हमारे गहन होते अभिसरण और बढ़ते जुड़ाव की सराहना की। यह बैठक सार्थक रही। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत पहलगाम आतंकवादी हमले की कोरिया गणराज्य द्वारा निंदा किये जाने पर आभार व्यक्त करता है।*

### विदेश मंत्री चुने जाने पर दी बधाई

विदेश मंत्री चो का स्वागत और उन्हें कोरिया का विदेश मंत्री चुने जाने पर बधाई देते हुए डॉ. जयशंकर ने कहा कि अपने पुराने मित्र का नए सहयोगी के रूप में स्वागत करते हुए उन्हें प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि कोरिया के राष्ट्रीय दिवस और भारत के स्वतंत्रता दिवस के ठीक एक दिन बाद उनका भारत यात्रा पर आना दोनों देशों के बीच रिश्तों के महत्व को दर्शाता है। उन्होंने कोरिया के राष्ट्रीय मुक्ति दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यात्रा कई मायनों में बहुत ही महत्वपूर्ण समय पर हुई है।

## अमेरिका में 'स्पेस निडल' पर पहली बार फहराया तिरंगा



*नई दिल्ली। भारतीय स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ पर अमेरिका के वॉशिंगटन स्थित सिएटल शहर में एक ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला जब पहली बार प्रतिष्ठित 'स्पेस निडल' पर भारतीय तिरंगा फहराया गया। यह ऐतिहासिक इमारत जिसे 1962 में वर्ल्ड फेयर के लिए बनाया गया था, अब भारतीय गौरव का प्रतीक बन गई।*

**बैंकॉक से दिल्ली आई थी फ्लाइट**

# रनवे से टकराया इंडिगो का पिछला हिस्सा, अब डीजीसीए करेगा जांच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) मुंबई हवाई अड्डे पर हुई उस घटना की जांच करेगा, जिसमें इंडिगो का एयरबस ए321 विमान खराब मौसम के दौरान लैंडिंग करते समय एक लो-एल्टिट्यूड गो-अराउंड के दौरान रनवे से टकरा गया।

इस घटना पर नजर रखने वाले अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हम इस घटना की जांच करेंगे। इसके लिए औपचारिक आदेश जारी किया जाएगा।




अधिकारियों के मुताबिक, यह उड़ान 6ई 1060 थी, जो कि बैंकॉक से मुंबई आ रही थी और ए321 नियो विमान द्वारा संचालित थी। शनिवार तड़के सुबह 3:06 बजे रनवे 27 पर लैंडिंग करते समय विमान की टेल रनवे से टकरा गई। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि यह घटना खराब मौसम की वजह से हुई।

## ताजा सैटेलाइट तस्वीरों ने उगला राज, भारत की मार ने उबर नहीं पाया पाक

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान के 11 एयरबेस पर दागी थी ब्रह्मोस मिसाइलें

# रहीमयार खान एयरपोर्ट तीन महीने से बंद मरम्मत के लिए फिर से किया नोटम जारी

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

भारत ने मई महीने में चार दिनों के संघर्ष के दौरान पाकिस्तान के 11 एयरबेस पर ब्रह्नोस मिसाइलों से हमले किए थे। इन एयरबेस में रावलपिंडी स्थित नूर खान एयरबेस के साथ साथ रहीम यार खान एयरबेस भी था। भारतीय वायुसेना ने ब्रह्मोस मिसाइल के सटीक हमले में इस एयरबेस के रनवे को तबाह कर दिया था। ये हमला कितना ज्यादा भयानक था कि तीन महीने बाद भी पाकिस्तान इस एयरबेस की मरम्मत नहीं कर पाया है। पाकिस्तान ने इस एयरबेस का मरम्मत करने के लिए फिर से नोटम जारी किया है। नई सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि रहीम यार खान एयरबेस पर रनवे डिनायल स्ट्राइक के तीन महीने बाद भी सही नहीं हो पाया है।




### भारत की सीमा से करीब 120 किमी दूर

बता दें, रहीम यार खान एयरबेस, जिसे शेख जायेद इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी कहा जाता है, वो पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के दक्षिणी इलाके में मौजूद स्ट्रैटजिक एयरबेस है। ये सिविल और मिलिट्री एयरबेस दोनों है। एयरबेस, रहीम यार खान जिले से करीब 5-7 किलोमीटर दूर है। रहीम यार खान एयरबेस का लोकेशन भारत की सीमा से 100-120 किलोमीटर और अरब सागर, दोनों के नजदीक है। इसकी वजह से पाकिस्तान एयरफोर्स के लिए ये एयरबेस लॉजिस्टिक सप्लाई चेन बनाए रखने और फॉरवर्ड ऑपरेशंस के लिए काफी महत्वपूर्ण हो जाता है।

**रनवे पर नया रिपेयर पैच बिछाया गया**

*मई 2025 में भारतीय वायुसेना ने इस एयरबेस को टारगेट करते हुए रनवे पर प्रिसिजन म्यूनिशन्स का इस्तेमाल किया था। ताजा सैटेलाइट तस्वीरों से साफ पता चल रहा है कि रनवे पर नया रिपेयर पैच बिछाया गया है, एयरबेस अभी भी ऑपरेशनल नहीं हो पा है। जिससे अभी भी इस एयरबेस पर विमानों का उतरना शुरू नहीं हो पाया है।*

# एशिया कप 2025 : टी20 में कौन है सबसे आगे? गिल, जायसवाल, संजू और अभिषेक के बीच कड़ी टक्कर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशिया कप 2025 में कुल 8 टीमें खेलती हुई नजर आएंगी और इस बार इस टूर्नामेंट को यूएई की धरती पर आयोजित किया जाएगा। इसके लिए सभी टीमों ने कमर कस ली है और अब ऐसा माना जा रहा है कि अगले हफ्ते एशिया कप के लिए भारतीय टीम के स्क्वाड का ऐलान हो सकता है।

इसमें मौजूदा टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी जगह बनाने के दावेदार हैं। इन दोनों प्लेयर्स ने इंग्लैंड दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया था। दूसरी तरफ भारतीय टी20 टीम में पहले से ही ओपनिंग की जिम्मेदारी संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा के पास है। ऐसे में आइए जानते हैं, इन चारों बल्लेबाजों में किसने टी20I क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं।




### अभिषेक शर्मा

अभिषेक शर्मा बहुत ही तेजी के साथ रन बनाने के लिए जाने जाते हैं। एक बार वह क्रीज पर जम गए, तो उनके बल्ले से बड़ी पारी आना तय है। उन्होंने भारतीय टीम के लिए टी20I क्रिकेट में साल 2024 में डेब्यू किया था। इसके बाद से ही वह भारतीय टीम की अहम कड़ी बने हुए हैं। उन्होंने अभी तक 17 T20I क्रिकेट में कुल 535 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। अभिषेक टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले प्लेयर हैं। उन्होंने साल 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ T20I मैच में 135 रनों की पारी खेली थी।

### संजू सैमसन

संजू सैमसन पिछले कुछ समय से भारतीय टी20 टीम के परमानेंट मेंबर बने हुए हैं और विकेटकीपर की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। उन्होंने अपने खेल से सभी को प्रभावित किया है। संजू ने भारतीय टीम के लिए T20I क्रिकेट में साल 2015 में डेब्यू किया था। लेकिन इसके बाद वह खराब फॉर्म की वजह से टीम से अंदर-बाहर होते रहे। फिर जब से सूर्यकुमार यादव कप्तान बने हैं। उनकी तो लॉटरी ही लग गई और उन्हें ओपनिंग करने के लिए भेजा गया। इसके बाद उनके बल्ले से लगातार रन निकल रहे हैं। उन्होंने अभी तक 42 टी20I मुकाबलों में कुल 861 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और दो अर्धशतक शामिल रहे हैं।






### यशस्वी जायसवाल

यशस्वी जायसवाल ने भारतीय टीम के लिए टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में साल 2023 में डेब्यू किया था और इसके बाद से ही उन्होंने 23 मैचों में कुल 723 रन बनाए, जिसमें एक शतक और पांच अर्धशतक शामिल रहे हैं। वह एशियन गेम्स 2023 में गोल्ड जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं।

### शुभमन गिल


शुभमन गिल ने भारतीय टीम के लिए टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में साल 2023 में डेब्यू किया था और इसके बाद से ही उन्होंने 21 टी20I मैचों में कुल 578 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे हैं। लेकिन उन्होंने अपना आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच साल 2024 में खेला था।




### चारों बल्लेबाजों में संजू ने बनाए सबसे ज्यादा रन

शुभमन गिल (578 रन), यशस्वी जायसवाल (723 रन), संजू सैमसन (861 रन) और अभिषेक शर्मा (535 रन) चारों बल्लेबाजों में टी20I क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन संजू ने बनाए हैं। उनके नाम पर 861 रन दर्ज हैं। जबकि चारों में T20I में सबसे ज्यादा 3 शतक भी संजू ने ही लगाए हैं।

## खबर संक्षेप



### एनएसडब्ल्यू बेगा ओपन फाइनल में अनाहत

**बेगा (आस्ट्रेलिया)।** भारत की युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने मिस्र की नूर काफागी को कड़े मुकाबले में हराकर एनएसडब्ल्यू बेगा ओपन 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। एशियाई खेलों की दोहरी कांस्य पदक विजेता 17 वर्ष की अनाहत ने सेमीफाइनल में 3-2 से जीत दर्ज की। पीएसए कूपर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय अनाहत का सामना अब मिस्र की हबीबा रानी से होगा, जिन्होंने पांचवीं वरीयता प्राप्त भारत की आकांक्षा सालुंके को 3-1 से हराया। अनाहत को मैच के दौरान चोट भी लगी लेकिन वह खेलती रही। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की हेली वार्ड को 3-0 से हराया था।

### 'इंटरनेशनल यूथ गाला' में चुनौती पेश करेंगे भारतीय मुक्केबाज



**नई दिल्ली।** भारत का 40 खिलाड़ियों सहित 59 सदस्यीय दल चीन के झिंजियांग प्रांत के उरुमकी में 17 से 30 अगस्त तक चलने वाले तीसरे ' बेल्ट एवं रोड ' ' इंटरनेशनल यूथ गाला ' मुक्केबाजी प्रशिक्षण शिविर एवं टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेगा। भारतीय दल में 20 लड़कों और 20 लड़कियों के अलावा 12 कोच , छह सहायक कर्मचारियों और एक रेफरी शामिल हैं। यह दल चीन पहुंच चुका है। चीन मुक्केबाजी महासंघ और झिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र सरकार की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता की शुरुआत 17 से 25 अगस्त तक उरुमकी में एक प्रशिक्षण शिविर से होगी। इसके बाद 26 से 29 अगस्त तक उरुमकी और यिली में प्रतियोगिता चरण आयोजित होंगे। भारत की ओर से इस आयोजन में सिर्फ अंडर -17 लड़के और लड़कियां ही भाग ले रहे हैं।

### आस्ट्रेलिया क्रिकेट जगत में शोक, पूर्व कप्तान सिम्पसन का निधन



**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर, कप्तान और कोच और आस्ट्रेलियाई क्रिकेट की सबसे प्रभावी हस्तियों में से एक बॉब सिम्पसन का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने सिम्पसन के निधन की पुष्टि की। सिम्पसन ने आस्ट्रेलिया के लिए 1957 से 1978 के बीच 62 टेस्ट और दो वनडे खेले थे। उन्होंने 4869 टेस्ट रन बनाए, जिसमें दस शतक और 27 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा 71 विकेट भी लिए और 39 टेस्ट में कप्तानी की। उन्होंने 16 वर्ष की उम्र में न्यू साउथ वेल्स के लिए विक्टोरिया के खिलाफ प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था।

## आस्ट्रेलिया ने टी20 सीरीज 2-1 से अपने नाम की

# बेबी एबी ने 4 गेंदों पर लगाए लगातार 4 छक्के, 22 बॉल में पूरा किया अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| केर्न्स

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में साउथ अफ्रीका के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस यानी बेबी एबी का तूफान मैदान पर देखने को मिला। डेवाल्ड ब्रेविस ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में अपना अर्धशतक सिर्फ 22 गेंदों पर ही पूरा किया। ब्रेविस ने अपना अर्धशतक लगातार 4 गेंदों पर चार छक्के लगाते हुए पूरा किया। उन्होंने 10वें ओवर में ये कमाल किया और इस ओवर को फेंकने के लिए आरोन हार्डी आए थे। ब्रेविस ने इस ओवर की तीसरी, चौथी, पांचवीं और छठी गेंद पर लगातार 4 छक्के लगाए। हार्डी के इस ओवर में कुल 27 रन भी बने। हालांकि इसके बाद वो ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक पाए, लेकिन उन्होंने 26 गेंदों पर 6 छक्के और एक चौके की मदद से 53 रन की पारी खेली डाली। उनका स्ट्राइक रेट इस पारी के दौरान 203.85 का रहा।

### ब्रेविस ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 203 के स्ट्राइक रेट से ठोक 53 रन

### ब्रेविस ने अपने ही रिकॉर्ड को सुधारा

ब्रेविस ने इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और अपने ही रिकॉर्ड को सुधारा। ब्रेविस ने इससे पहले यानी कंगारू टीम के खिलाफ इस टी20 सीरीज के दूसरे मैच में 25 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साउथ अफ्रीका के लिए टी20 प्रारुप में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बैटर बने थे। 22 साल के ब्रेविस ने कंगारू टीम के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में नाबाद 125 रन की पारी खेली थी।



### आस्ट्रेलिया ने जीती सीरीज

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में बल्ले से दमदार प्रदर्शन किया, जिसकी मदद से कंगारूओं ने दो विकेट से जीत दर्ज की। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टी20 सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 172 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने एक गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 173 रन बनाकर मैच तथा सीरीज अपने नाम कर ली।

### ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले विदेशी खिलाड़ी

| | |
|---|---|
| डेवाल्ड ब्रेविस | - 14 छक्के |
| विराट कोहली | - 13 छक्के |
| शिखर धवन | - 9 छक्के |
| आंद्रे रसेल | - 9 छक्के |

### ब्रेविस चार छक्के लगाने वाले बने पहले खिलाड़ी

तीन मैचों की इस टी20 सीरीज में डेवाल्ड ब्रेविस के बल्ले का कमाल देखने को मिला। ब्रेविस ने तीसरे मैच में अपनी बल्लेबाजी के दौरान पारी के 10वें ओवर में जो अरोन हार्डी ने फेंका था उसमें लगातार चार छक्के लगाने के साथ अपनी फिफ्टी भी पूरी की। इसी के साथ डेवाल्ड ब्रेविस अब टी20 इंटरनेशनल में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किसी मुकाबले में चार गेंदों में लगातार चार छक्के लगाने में कामयाब हुए हैं। इस सीरीज में ब्रेविस के बल्ले से कुल 14 छक्के देखने को मिले।

### मैक्सवेल ने की वॉर्नर की बराबरी

साउथ अफ्रीका के खिलाफ केन्र्स में तीसरे टी20 मैच के दौरान ग्लेन मैक्सवेल ने डेविड वॉर्नर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मैक्सवेल टी20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा आउटफील्ड कैच लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई बन गए हैं। ग्लेन मैक्सवेल ने यह कारनामा साउथ अफ्रीकी पारी के 12वें ओवर में किया। नाथन एलिस पारी का 12वां ओवर फेंक रहे थे। चौथी गेंद पर ब्रेविस ने हवाई शॉट खेला और गेंद मैक्सवेल ने लपक ली। यह ऑस्ट्रेलिया की ओर से ग्लेन मैक्सवेल का टी20 फॉर्मेट में 62वां आउटफील्ड कैच था। इस मामले में उन्होंने डेविड वॉर्नर की बराबरी कर ली, जिन्होंने 110 टी20 मुकाबलों में इतने ही कैच लपके थे। इस मामले में आरोन फिंच दूसरे पायदान पर मौजूद हैं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेलते हुए 50 आउटफील्ड कैच लिए, जबकि स्टीव स्मिथ 41 कैच के साथ लिस्ट में तीसरे स्थान पर मौजूद हैं।

## सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज

# गुकेश का सफर समाप्त आरोनियन ने जीता खिताब




एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

विश्व चैंपियन ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज में संयुक्त छठे स्थान पर रहे जबकि अमेरिका के लेवोन आरोनियन ने खिताब जीता। गुकेश ने आखिरी दिन वापसी की उम्मीद जताई और पहले चार गेम में 3.5 अंक बनाए । पहला गेम आरोनियन से ड्रॉ खेलने के बाद उन्होंने अमेरिका के शैंकलैंड, वेसली सो और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया लेकिन फिर लय कायम नहीं रख सके । आखिरी पांच गेम में उन्होंने तीन ड्रॉ खेले और दो गंवाए, जिससे कुल 18 अंक लेकर अपने अभियान का समापन किया। आरोनियन ने दो राउंड बाकी रहते ही 24 . 5 अंक लेकर खिताब अपने नाम कर लिया।

■ गुकेश ने अमेरिका के शैंकलैंड, वेसली सो और नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया

### कारुआना 21.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर



अमेरिका के फेबियानो कारुआना 21.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे जबकि फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव तीसरे स्थान पर रहे। अब्दुसत्तोरोव 20.5 अंक के साथ चौथे और वेसली सो पांचवें स्थान पर रहे। गुकेश और वियतनाम के लियेम ली कुआंग उनसे पीछे रहे। आरोनियन को जीत के साथ 40 हजार डॉलर मिले। गुकेश अब सिनक्यूफील्ड कप खेलेंगे, जो दो दिन बाद शुरू होगा, जिसमें आर. प्रज्ञानानंदा भी हिस्सा लेंगे।

## गोल्फ

# भाटिया, अहलावत और अदिति का शानदार प्रदर्शन जारी




### बीएमडब्ल्यू चैंपियनशिप भाटिया संयुक्त 37वें स्थान पर

ओविंग्स मिल्स (अमेरिका)। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने टूर चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने की ओर कदम बढ़ा दिया और वह बीएमडब्ल्यू चैंपियनशिप में संयुक्त 46वें से संयुक्त 37वें स्थान पर आ गए हैं। भाटिया का कुल स्कोर चार ओवर (75 और 69) है। टूर चैंपियनशिप के लिए शीर्ष 30 खिलाड़ी ही क्वालीफाई करते हैं। स्कॉटलैंड के रॉबर्ट मैकलिंटायर छह अंडर 64 और आठ अंडर 62 के स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं। उनसे पांच शॉट पीछे स्कॉटी शेफलेर हैं।

### कोपेनहेगन गोल्फ अहलावत ने किया कट में प्रवेश

**कोपेनहेगन।** भारत के वीर अहलावत ने दूसरे दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए डीपी वर्ल्ड टूर की डेनिश गोल्फ चैंपियनशिप के कट में प्रवेश कर लिया। अहलावत एक अंडर (73 और 68) स्कोर के साथ संयुक्त 45वें स्थान पर हैं। वहीं शुभंकर शर्मा का खराब फॉर्म जारी रहा और वह कट में जगह नहीं बना सके। रास्मस होगार्ड ने दूसरे दौर में सात अंडर 64 और कुल 12 अंडर स्कोर करके एकल बढ़त बना ली है। वह डेनमार्क के मार्को पेंगे से दो शॉट आगे हैं।

### अदिति ने पोर्टलैंड में कट में किया प्रवेश



**पोर्टलैंड।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर पर स्टैंडर्ड पोर्टलैंड क्लासिक में दूसरे दौर में दो अंडर 70 के स्कोर के साथ कट में प्रवेश कर लिया। अदिति ने पांच बर्डी लगाये और तीन बोगी किए। वह अब संयुक्त 27वें स्थान पर है। भारतीय मूल की अमेरिकी गुरलीन कौर संयुक्त दूसरे स्थान पर है जबकि भारतीय मूल की कनाडा की गोल्फर सावन्नाह ग्रेवाल संयुक्त 11वें स्थान पर है। कोरिया की जियोंगियुन ली ने छह अंडर 67 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली।

# डीपीएलः साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स जीता

**नई दिल्ली।** तेजस्वी दहिया के 30 गेंद में नाबाद 70 रन की मदद से साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग के वर्षाबाधित मैच में आउटर दिल्ली वारियर्स को तीन विकेट से हरा दिया। जीत के लिए 16 ओवर में 140 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरस्टार्स की शुरुआत खराब रही और शीर्षक्रम के तीन बल्लेबाज पहले पांच ओवर में आउट हो गए। दसवें ओवर में अनमोल शर्मा भी आउट हो गए, जिससे आखिरी छह ओवर में 70 रन का लक्ष्य रह गया। पांचवें नंबर पर उतरे तेजस्वी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनगति को बढ़ाया। आखिरी दो गेंद में सात रन चाहिए थे तब उन्होंने पांचवीं गेंद पर छक्का लगाया और लगातार दूसरे छक्के के साथ टीम को जीत दिलाई। अपनी पारी में उन्होंने चार चौके और छह छक्के जड़े। सुमित कुमार बेनीवाल ने सात गेंद में 19 रन बनाए। आउटर दिल्ली वारियर्स के लिए आईपीएल खिलाड़ी सुयश शर्मा और अंशुमान हुड्डा ने दो-दो विकेट लिए।



**कनाडा, बरमूडा और अर्जेंटीना को हराकर वैश्विक प्रतियोगिता में जगह की पक्की**

# अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप अमेरिका ने किया क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| दुबई

विकेटकीपर-बल्लेबाज अर्जुन महेश की अगुवाई में अमेरिका की टीम अगले साल जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में जगह बनाने वाली 16वीं और अंतिम टीम बन गई।

टीम ने जॉर्जिया के राइडल में खेले गए डबल राउंड-रॉबिन क्वालीफायर में कनाडा, बरमूडा और अर्जेंटीना को हराकर एक मैच रहते इस वैश्विक प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की कर ली। अमेरिका ने कनाडा पर 65 रन की जीत के साथ शुरुआत की। इसके बाद उसने बरमूडा और अर्जेंटीना के खिलाफ बड़ी जीत हासिल की।अमेरिका के गेंदबाजों ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 'रिटर्न' चरण में बरमूडा और अर्जेंटीना को हराकर 10 अंक हासिल किए, जो विश्व कप में उनकी जगह पक्की करने के लिए काफी थे। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अमरिंदर सिंह गिल ने तीन पारियों में 199 रन बनाए जबकि अंश राय और साहिर भाटिया की स्पिन गेंदबाजी जोड़ी ने सात-सात विकेट लिए। अब अमेरिका की टीम अपना आखिरी मैच शनिवार को कनाडा के खिलाफ खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका में हुए 2024 चरण की शीर्ष 10 टीमों ने पूर्ण सदस्य मेजबान जिम्बाब्वे के साथ 2026 के टूर्नामेंट के लिए स्वतः ही क्वालीफाई कर लिया है। बची हुई पांच टीम क्षेत्रीय क्वालीफायर से तय हुईं। जिम्बाब्वे, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज ने स्वतः क्वालीफाई किया जबकि अमेरिका, तंजानिया, अफगानिस्तान, जापान और स्कॉटलैंड क्षेत्रीय क्वालीफाइंग प्रतियोगिता से तय हुईं।




## जोटा को खिलाड़ियों ने किया याद

# प्रीमियर लीग: लिवरपूल का जीत के साथ आगाज

एजेंसी ▶▶| लिवरपूल

गत चैंपियन लिवरपूल ने जज्बात से भरे मुकाबले में बूर्नमाउथ को 4-2 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल में जीत के साथ आगाज करके डियोगो जोटा को श्रृद्धांजलि दी जबकि इस मैच में एक खिलाड़ी नस्लीय टिप्पणी का भी शिकार हुआ। दो गोल की बढ़त गंवाने के बाद लिवरपूल के लिए 88वें मिनट में फेडरिको चिएसा और स्टॉपेज टाइम में मोहम्मद सालाह ने गोल दागे। इससे पहले हुगो एकिटिके और कोडी गाकपो ने लिवरपूल को 2-0 से बढ़त दिलाई थी।



### सेमेन्यो हुए नस्लीय टिप्पणी का शिकार

मैच 28वें मिनट में कुछ देर के लिए रुका जब बूर्नमाउथ के फॉरवर्ड अंतोइने सेमेन्यो ने रैफरी एंथोनी टेलर से शिकायत की कि एक दर्शक ने उन पर नस्लीय टिप्पणी की है। टीम के मैनेजर ने कहा कि टिप्पणी करने वाले को पहचान लिया गया है। घाना के 25 वर्ष के सेमेन्यो को उनके साथी खिलाड़ियों ने ढांढस बंधाया। सेमेन्यो ने 64वें और 76वें मिनट में गोल करके लिवरपूल की बढ़त उतार दी।

### जोटा को दी श्रृद्धांजलि

पिछले पांच साल में लिवरपूल के लोकप्रिय खिलाड़ियों में शुमार जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा की तीन जुलाई को एक कार हादसे में मौत के बाद टीम का यह पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। मैच शुरू होने से पहले प्रशंसकों ने हाथ में पुर्तगाल के इन दोनों खिलाड़ियों के लिए 'डीजे20 ' और 'एएस 30' के प्लेकार्ड ले रखे थे। लिवरपूल के खिलाड़ियों ने मैदान पर घेरा बनाया जबकि दोनों टीमों के खिलाड़ियों और स्टाफ ने बांह पर काली पट्टी बांधी थी। आखिरी सीटी बजने के बाद सालाह अपने आंसू नहीं रोक सके। वह कोप स्टैंडके सामने खड़े रहे। उन्होंने मैच में अपने गोल के बाद जोटा की तरह जश्न भी मनाया।

### मेसी के भारत दौरे को मंजूरी

अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी के भारत दौरे को आखिरकार मंजूरी मिल गई है। वहीं मेसी का ये तीन दिवसीय दौरा 12 दिसंबर से शुरू होगा। कार्यक्रम के प्रमोटर सताद्रु दत्ता ने ये जानकारी दी। मेसी के दौरे जीओएटी टूर ऑफ इंडिया 2025 का पहला पड़ाव कोलकाता होगा, जिसके बाद वह अहमदाबा, मुंबई और दिल्ली जाएंगे। यात्रा का समापन 15 दिसंबर को पीएम मोदी से उनके आवास पर मुलाकात के साथ होगा। बता दें कि ये 2011 के बाद मेसी की पहली भारत यात्रा होगी। उस समय वह वेनेजुएला के खिलाफ यहां साल्ट लेक स्टेडियम में फीफा का मैत्री मैच खेलने आए थे। दत्ता ने कहा कि मुझे पुष्टि मिल गई है और उसके बाद ही मैंने इसकी घोषणा की। मेसी हर शहर में बच्चों के साथ मास्टरक्लास में भी भाग लेंगे। वह 12 दिसंबर को कोलकाता पहुंचेंगे और वहां दो दिन और एक रात रुकेंगे। वह 13 दिसंबर को मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम में भाग लेंगे।

पेट्रोल पंप पर उपजे विवाद में बदमाशों ने 6 अगस्त को धारदार हथियारों से हमला कर दिया था घटना को अंजाम

# लॉ स्टूडेंट की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अयोध्या नगर पुलिस ने लॉ स्टूडेंट की हत्या के मामले में फरार चल रहे तीन बदमाशों को पकड़ लिया है। पकड़े गए बदमाशों ने करीब आधा दर्जन से अधिक स्थानों में फरारी काटी।

आरोपी लगातार पुलिस को चकमा दे रहे थे, लेकिन जब उन्हें लगा कि पुलिस लगातार उनके पीछे लगी है तो वापस अपने ठिकानों पर भोपाल आ गए। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी संजू सेन, दीपक वंशकार और शुभम को गिरफ्तार किया है। अब पुलिस मृतक के दोस्त से आरोपियों की शिनाख्ती करवाएगी।

## बीच-बचाव में मृतक के दोस्त को भी छुरी मारी थी अब पुलिस आरोपियों की कराएगी शिनाख्त परेड



### लूट और चोरी सहित अन्य मामले दर्ज

पुलिस ने आपराधिक रिकार्ड खंगाला तो पता चला कि संस्कार हत्याकांड के आरोपियों पर पहले से ही हत्या, लूट, चोरी और मारपीट के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों की मदद करने वाले भिंड के बदमाश को भी तलाश कर रही है।

### क्या था मामला?

पूरा मामला यह था कि विगत 6 अगस्त को सुबह अनमोल दुबे अपने दोस्त संस्कार बबेले के साथ एक्टिवा में पेट्रोल डलाने के लिये मिनाल गेट क्रमाक 3 के पेट्रोल पम्प पर पहुचे थे। यहां पहले से ही पेट्रोल डलवा रहे एक्टिवा सवार बदमाशों से उनका विवाद हो गया। इस दौरान आरोपियों ने पहले छुरी निकाल कर संस्कार बबेले पर जानलेवा हमला किया। इसी दौरान बीच बचाव करने आये दोस्त अनमोल दूबे को भी छुरी मार दी। गंभीर रूप से घायल होने पर घटनाक्रम में 22 वर्षीय लॉ स्टूडेंट संस्कार की मौत हो गई। मृतक के दोस्त की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में टीमें गठित की।

### भिंड के बदमाश ने फरारी काटने में की मदद

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि हत्या के मामले में फरार चल रहे भिंड के एक बदमाश ने भोपाल में फरारी काटी थी। संस्कार हत्याकांड में तीनों बदमाशों ने उसकी मदद की थी। इसलिए हत्या की वारदात के बाद तीनों ने भिंड के बदमाश से संपर्क किया और उसके आश्वास पर फरारी काटने तीनों भिंड पहुंच गए। इधर पुलिस ने एक्टिवा के नंबर के आधार पर पहले आरोपियों की पहचान की इसके बाद भिंड लोकेशन मिलने पर तलाशी अभियान चला। हालांकि आरोपियों को पुलिस की भनक लगी तो वह भिंड से मुरैना पहुंचे और इसके बाद आगरा। जब उनको लगा कि अब पुलिस से नहीं बच पाएंगे तो वापस तीनों में भोपाल के आसपास बैरसिया, मंडीदीप, सीहोर सहित अन्य ठिकानों में छिप गए। मुख्य आरोपी और उसके दो साथियों को पकड़कर घटना में प्रयुक्त हथियार, एक्टिवा तथा अन्य सामग्री जब्त की है। थाना प्रभारी महेश लिल्हारे का कहना है कि मृतक के दोस्त के सामने आरोपियों की शिनाख्ती कराई जानी है।

पिता साफ कर रहा था रायफल

# अचानक चली गोली दीवार में धसी छर्रे लगने से दो बेटे हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गुनगा इलाके में एक किसान शुक्रवार को अपनी रायफल को साफ कर रहा था। इस दौरान अचानक गोली चल गई और उसके गेट को चीरते हुए गोली अंदर के कमरे की दीवार में जा धसी। घटनाक्रम में छर्रे लगने से किसान का 16 वर्ष का और दूसरा 13 वर्ष का बेटा घायल हो गया।

उनको तत्काल एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया यहां उनकी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक संतोष जाट निवासी कोटरा चोपड़ा खेती किसानी का काम करता है। वह अपने लाइसेंसी रायफल को बाहर के कमरे में साफ कर रहा था। अचानक ट्रिगर दबने से गोली दूसरे के कमरे के गेट को चीरती हुई अंदर के कमरे की दीवार में जा धसी।

अंदर के कमरे में उसका बड़ा बेटा और छोटा बेटा अपनी मां के साथ बैठे थे। इस दौरान छर्रे लगने से घायल हो गए। पुलिस का कहना है कि आरोपी पिता के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही उसके रायफल को जब्त किया जाएगा।

भगवान श्रीकृष्ण ने सिर पर मोर मुकुट धारण कर दिया ग्रामीण संस्कृति को सर्वोपरि रखने का संदेश: सीएम

# विरासतों को सहेजने के लिए हम प्रतिबद्ध महलपुर पाठा मंदिर को बनाएंगे भव्यतम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विरासत से विकास हमारा मूल मंत्र है। हम अपने तंत्र को भी इसी मंशा के अनुरूप तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपनी समृद्धशाली संस्कृति और विरासतों को बेहतर तरीके से सहेजकर उन्हें संवारने के हमारे प्रयास हमेशा जारी रहेंगे। महलपुर पाठा के अतिप्राचीन श्रीराधा कृष्ण मंदिर का सभी संभव तरीके से जीर्णोद्धार और परिसर का विकास कर इसे भव्यतम स्वरुप प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर रायसेन जिले के गैरतगंज के महलपुर पाठा स्थित मंदिर परिसर में आयोजित श्री कृष्ण पर्व कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार तेजी से विकास कार्यों के लक्ष्य हासिल करते हुए आगे बढ़ रही है। जल्द ही प्रदेश के दो बड़े शहर इंदौर और भोपाल मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में विकसित होंगे। राजधानी भोपाल से सटा जिला रायसेन, सांची और विदिशा भी मेट्रोपोलिटन सिटी का हिस्सा बनेगा। यही नहीं राजगढ़ और नर्मदापुरम भी मेट्रोपोलिटन क्षेत्र में शामिल होंगे।

## मेट्रोपोलिटन सिटी बनने पर रायसेन जिले के युवाओं को भी मिलेंगे रोजगार के अवसर, महलपुर पाठा मंदिर में लगेगा विशाल मेला

सांची विधानसभा में 136 करोड़ रुपए से कई विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन



## मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में गो-माता पूजन किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सांची विधानसभा क्षेत्र को 136 करोड़ रुपए के कई विकास कार्यों की सौगात भी दी। उन्होंने रिमोट का बटन दबाकर लोक निर्माण विभाग के 15 कार्य सहित जनजातीय ग्रामों तक सड़क निर्माण और अनेक विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं में हितलाभ वितरण किए। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में पौधरोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर में पूजा-अर्चना की। गौमाता का पूजन कर पशुआहार खिलाया।

### जीर्णोद्धार से महलपुर पाठा के मंदिर को मिलेगा भव्य स्वरूप

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने 20 साल पहले महलपुर पाठा गांव में एक रात गुजारी थी। रायसेन शहर का अतीत बेहद गौरवशाली रहा है, जिले को प्राकृतिक सौंदर्य का वरदान मिला हुआ है। महलपुर पाठा स्थित भगवान श्रीकृष्ण के इस मंदिर में राधा और रुकमणि एक साथ विराजमान हैं। जो राय सबकी मानी जाए उसे ही रायसेन कहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों से ही हमारी संस्कृति फल-फूल रही है। राज्य सरकार ने विरासत को सहेजने के लिए अनेक विकास कार्य शुरू किए हैं। महलपुर पाठा के मंदिर का जीर्णोद्धार कर इसे भव्यतम रूप प्रदान किया जाएगा और आगामी वर्षों में यहां विशाल मेले का आयोजन भी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान गोपाल कृष्ण के जीवन में अनेक कठिनाईयां थीं, उन्होंने अपनी लीलाओं से जगत का उद्धार किया। गोपाल कृष्ण ने गौमाता की सेवा के साथ गांवों के विकास का संदेश दिया। हमारा मयूर (मोर) राष्ट्रीय पक्षी अत्यंत पवित्र है। वह वर्षाकाल में नृत्य कर हमारी खुशी में अपनी खुशी देखता है।

### सांची विधानसभा को मिली अनेक विकास कार्यों की सौगात

विधायक सांची डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर गैरतगंज पधारे मुख्यमंत्री का अभिनंदन है। सांची विधानसभा के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र के अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण किया जा रहा है। इनमें गैरतगंज का 50 बेड अस्पताल और देवनगर में 30 बेड अस्पताल और जिला अस्पताल का उन्नयन भी शामिल है। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र शिवाजी पटेल, विधायक सुरेंद्र पटवा, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, यादव समाज के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में महलपुर पाठा स्थित राधाकृष्ण मंदिर समिति के सदस्य व स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## केमिस्ट एसोसिएशन ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन ने हमीदिया रोड दवा बाजार प्रांगण में मप्र फामेसी काउंसिल के अध्यक्ष संजय जैन, उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद भारत माता की आरती कर एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने कहा कि वास्तविक आजादी तभी मानी जाएगी जब हम सभी एक जिम्मेदार नागरिक के तहत राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें, अपनी जिम्मेदारियां को समझें और अनुशासन का पालन करें। केमिस्ट एसोसिएशन ने वरिष्ठ केमिस्ट साथियों का सम्मान किया गया।

## एक्सीलेंस पब्लिक स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस

बागमुगलिया एक्सटेंशन क्षेत्र में एक्सलेंस पब्लिक स्कूल में 15 अगस्त पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर समीर प्रसाद ने झंडावंदन किया और बच्चों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया।

# घर से लापता युवक की पेड़ पर लटकी मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिपलानी इलाके में घर से लापता एक युवक की पेड़ पर लाश लटकी मिली। सूचना के आधार पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 37 वर्षीय शोभरन गुर्जर बी सेक्टर में रहता था। वह 15 अगस्त की दोपहर 2 बजे घर से निकला था। परिजन उसे तलाश रहे थे इस दौरान शुक्रवार को जम्बूरी मैदान के पास पेड़ पर उसका शव लटका मिली।मामला आत्महत्या से जुड़ा है या कुछ और पुलिस इसकी जांच कर रही है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### कटारा हिल्स इलाके में मजदूर फंदे पर झूला

इसी तरह कटारा हिल्स इलाके में एक मजूदर ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक नोबद सिंह पिता आशाराम सिंह उम्र 35 मूल रूप से सिवनी का रहने वाला था। वह बर्रई गांव में रहकर निर्माणाधीन मकानों में काम करता था। शुक्रवार दोपहर वह अपने कमरे में ही फंदे पर झूल गया। पुलिस का कहना है कि मजदूर की पत्नी ने उसे छोड़कर दूसरी शादी कर ली थी। वह भी दूसरे समाज में शादी करना चाहता था लेकिन घर वालों ने मना कर दिया था।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

एमपी नगर इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों एक युवक की मौत हो गई। वह ग्राफिक्स डिजाइनिंग का काम करता था। वह 12 नंबर स्टाप के पास रहता था और एमपी नगर के एक आफिस में ग्राफिक्स डिजाइनिंग का काम करता था। शुक्रवार को वह अपने आफिस झंडा फहराने के कार्यक्रम में शामिल हुआ। इसके बाद दोस्तों के साथ बैठने के दौरान उसकी तबियत बिगड़ी। उसे जेपी अस्पताल ले जाया गया यहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट में कारणों का खुलासा होगा। मामले की जांच की जा रहीहै।

# इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती, फिर नाबालिग से किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिपलानी के आनंद नगर इलाके में एक 15 साल की नाबालिग इंस्ट्राग्राम के जरिए एक युवक के संपर्क में आ गई। दोनों की बातचीत होने लगी। इसके बाद युवक उसे पार्क में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। बच्ची जब गर्भवती हो गई तो परिजन उसे अस्पताल ले गए। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने मुताबिक आरोपी सुरेन्द्र रजक राहतगढ़ सागर का रहने वाला है। करीब 6 माह पूर्व उसने बिलखरिया इलाके में रहने वाली एक 15 साल की नाबालिग से इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती की। इसके बाद युवक ने उसे मिलने के लिए बुलाया। पीड़िता का कहना है कि एक पार्क में ले जाकर उसने शारीरिक संबंध बनाए। इसके कुछ समय बात जब उसका पेट दर्द हुआ तो परिजन नजदीकी अस्पताल ले गए। यहां गर्भवती होने और दुष्कर्म की वारदात का खुलासा हुआ। इसके बाद बिलखिरिया में मामले की शिकायत दर्ज कराई। घटनास्थल पिपलानी थाने का है, इसलिए असल कायमी पिपलानी पुलिस ने की।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह का समापन



सर्वपल्ली राधाकृष्णन विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह में मेडिकल, आयुर्वेद, डेंटल, होम्योपैथी, फामेर्सी, नर्सिंग, पैरामेडिकल, कृषि, इंजीनियरिंग, साइंस आदि के एनसीसी, एनएसएस कैडिट्स तथा विभागों के छात्र, शिक्षकगण, कर्मचारी शामिल रहे। वीसी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण किया। आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. राकेश पाण्डेय व आयुर्वेद मैनेजमेंट के डॉ. आर गुप्ता के साथ समस्त प्राचार्यों, विभागाध्यक्षों ने स्वतंत्रता दिवस पर देश के शहीदों को नमन किया।

## रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में 79 में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने ही पूरे समारोह की रूपरेखा तैयार की।

उन्होंने मंच पर विचार भी प्रकट किए। विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने कहा कि युवा अगर अपनी प्रतिभा का उपयोग देश को आगे बढ़ाने में करें तो देश को विश्व शक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी ने कहा कि आज भारत की ताकत और सैन्य




क्षमताओं पर हमें नाज है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया ने देखा है कि भारत अब किसी भी देश से पीछे नहीं है।

## आईआईआईटी में ध्वजारोहण, दीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां




**भोपाल।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अरजू क्लब के तत्वावधान में डॉ. निशा सिंह (सांस्कृतिक प्रभारी) के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। संस्थान की नव पुनर्निर्मित एमपी स्टेप बिल्डिंग का उद्घाटन मैनिट के निदेशक प्रो. केके शुक्ला और रजिस्ट्रार बिनोद डोले की उपस्थिति में हुआ। बी.टेक एवं अनुसंधान पीएचएन प्रयोगशाला का शुभारंभ तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव रघुराज राजेन्द्रन ने किया।

## भोपाल रेल मंडल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**भोपाल।** भोपाल रेल मंडल में 79वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रांगण में



आयोजित हुआ, जहां मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर उसे सलामी दी। इसके उपरांत उन्होंने रेल सुरक्षा बल द्वारा प्रस्तुत आकर्षक परेड का निरीक्षण किया और महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल का संदेश वाचन कर वर्ष 2024-25 में पश्चिम मध्य रेल की उपलब्धियों एवं प्रदर्शन की जानकारी साझा की।

नवनिर्मित उच्च सुरक्षा इकाई भवन का किया लोकार्पण

# केंद्रीय जेल भोपाल में जन्माष्टमी पर मंत्री सारंग ने की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने जन्माष्टमी के अवसर पर भोपाल स्थित केंद्रीय जेल परिसर के सांस्कृतिक भवन में आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह में सहभागिता कर भगवान श्रीकृष्ण का पूजन-अर्चन किया।

साथ ही उपस्थित जेल कर्मियों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर मंत्री सारंग ने केंद्रीय जेल भोपाल के नवनिर्मित उच्च सुरक्षा इकाई भवन का लोकार्पण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस भवन के निर्माण से जेल सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी साथ ही कैदियों को आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान मंत्री सारंग ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि जेल केवल बंदी गृह नहीं बल्कि सुधार गृह हो। यहां आने वाले प्रत्येक कैदी को



पुनः समाज की मुख्यधारा में जुड़ने का अवसर मिलना चाहिए। इसी उद्देश्य से जेलों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सकारात्मक गतिविधियां आयोजित की जाती हैं ताकि कैदी स्वयं को सुधारकर बेहतर जीवन की ओर अग्रसर हो सकें। उन्होने यह भी कहा कि जन्माष्टमी के अवसर पर न केवल भोपाल बल्कि सम्पूर्ण मध्यप्रदेश की जेलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इस प्रकार के आयोजन से जेल वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930